# हरिभूमि

जबलपुर

शनिवार, 22 मार्च 2025

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





# यह फैसला असंवैधानिक और तुष्टिकरण की पराकाष्ठा, विरोध पर उठाकर बाहर फेंका

## अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में सेंधमारी...राहुल गांधी के कहने पर यह किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कर्नाटक की कांग्रेस सरकार को घेरा और उन पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता और सांसद संबित पात्रा ने कर्नाटक में सरकारी ठेकों में मुस्लिमों को 4 प्रतिशत आरक्षण देने पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में सरकारी ठेकों में चार प्रतिशत ठेके मुसलमानों को दिया जाएगा। यह आरक्षण अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के सेंधमारी करके कर्नाटक सरकार ने राहुल गांधी के कहने पर मुसलमानों को दिया है।

कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर भड़की भाजपा, प्रवक्ता पात्रा बोले



### यह एक तरह का कॉन्ट्रैक्ट जिहाद

पात्रा ने कहा कि पं.जवाहरलाल नेहरू के प्रधानमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा के चलते इस देश के दो टुकड़े हुए। अब उसी राह पर चलते हुए राहुल ने ये आरक्षण दिया है और ये कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि यह भविष्य में 100 प्रतिशत भी हो सकता है। यह जिहाद की राजनीति है। पहले वक्फ बोर्ड को जमीन देकर गांव के गांव हड़पे गए। उसी तरह आर्थिक जिहाद हुआ, जब वक्फ बोर्ड के विकास के लिए बहुत बड़ा पैकेज दिया गया है। अब कॉन्ट्रैक्ट जिहाद हो रहा है, जिसमें मुसलमानों को चार प्रतिशत ठेके दिए जाएंगे।

### राहुल राजनीतिक रूप से अयोग्य

पात्रा ने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग, एससी और एसटी वर्ग के लोगों को कर्नाटक सरकार के फैसले के खिलाफ एकजुटता दिखानी चाहिए। यह गैर संवैधानिक है। यह फैसला तुष्टिकरण की पराकाष्ठा है। राहुलकहीं न कहीं राजनीतिक रूप से अनफिट हैं और इसी वजह से वे तुष्टिकरण के माध्यम से अपनी राजनीतिक महत्वकांक्षाओं को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं।

### कर्नाटक ने मुस्लिम बजट बनाया, राहुल बने आलमगीर राहुलजेब

पात्रा ने कहा कि कर्नाटक सरकार का ये बजट मुस्लिम बजट है। जिसमें इमामों को छह हजार का भत्ता, मुस्लिमों को 50 हजार की सहायता, वक्फ संपत्तियों और कब्रिस्तानों के विकास के लिए 150 करोड़, ऊर्दू स्कूलों के लिए 100 करोड़, मुस्लिम बहुल इलाकों में आईटीआई कॉलेज के लिए पैसा, बंगलूरू में हज भवन का विस्तार, मुस्लिम कॉलोनियों के विकास के लिए हजार करोड़ बजट में आवंटित किए गए हैं। पात्रा ने राहुल को आलमगीर राहुलजेब कहकर कटाक्ष किया।

कर्नाटक विधानसभा में भारी बवाल



### भाजपा विधायकों को उठा-उठाकर किया गया बाहर

कर्नाटक में सरकारी ठेकों में मुस्लिमों को 4 प्रतिशत आरक्षण देने पर बवाल मचा हुआ है। आज कर्नाटक विधानसभा से जो तस्वीरें सामने आई वो चौंकाने वाली थीं। भाजपा विधायक इस कोटे का विरोध कर रहे थे, इसे लेकर विधायकों को मार्शलों ने उठा-उठाकर बाहर फेंक दिया। कर्नाटक विधानसभा में हंगामे के चलते 18 विधायकों को निलंबित कर दिया गया. इन सदस्यों पर स्पीकर के आदेशों की अवहेलना करने, अनुशासनहीन और असम्मानजनक आचरण करने का आरोप लगाया गया है। डोड्डनगौड़ा एच. पाटिल (विपक्ष के मुख्य सचेतक) समेत 16 विधायकों को बाहर फेंक दिया।

### निलंबन में ये प्रतिबंध भी लगाए गए

- विधानसभा हॉल, लॉबी और गैलरी में प्रवेश पर रोक
- किसी भी स्थायी समिति की बैठकों में भाग लेने की अनुमति नहीं
- इनके नाम से विधानसभा एजेंडे में कोई विषय सूचीबद्ध नहीं किया जाएगा
- इनके द्वारा जारी किसी भी निर्देश को स्वीकार नहीं किया जाएगा
- समिति चुनावों में मतदान का अधिकार नहीं होगा

## खबर संक्षेप

### अंसारी का बेटा अब्बास ढाई साल बाद रिहा



**कासगंज।** मुख्तार अंसारी का विधायक बेटा अब्बास अंसारी ढाई साल से भी अधिक समय तक जेल में रहने के बाद शुक्रवार को बाहर आ गया। अब्बास को7 मार्च को सुप्रीम कोर्ट से कई शर्तों पर अब्बास अंसारी को जमानत मिली थी। करीब 15 दिनों बाद कोर्ट का परवाना कासगंज जेल पहुंचा। यह परिवार के लिए बड़ी खुशी है। खुदा की मेहरबानी मान रहे हैं।

### दिल्ली में रियल लाइफ के बंटी-बबली गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली में रियल लाइफ के बंटी और बबली को गिरफ्तार किया गया है। ये दोनों चोर बॉलीवुड फिल्म बंटी और बबली से प्रेरित थे और राहगीरों से मोबाइल छीनने जैसी तमाम घटनाओं को अंजाम देते थे। इन्हें कृष्णा नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह जोड़ा अपनी ऐशो-आराम की जिंदगी जीने के लिए स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम दे रहा था।

### हाईकोर्ट में मकबरे को हटाने याचिका दाखिल



**मुंबई।** देशभर में मुगल बादशाह औरंगजेब के मकबरे को हटाने का मुद्दा चर्चा में बना हुआ है। बॉम्बे हाईकोर्ट में औरंगजेब के मकबरे को हटाने के लिए जनहित याचिका भी दायर की गई है। केतन तिरोडकर नाम के शख्स ने बॉम्बे हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की है, जिसमें कब्र को ध्वस्त करने और उसे राष्ट्रीय स्मारकों की सूची से हटाने का निर्देश देने की मांग की है।

### न्यायमूर्ति टंडन उड़ीसा हाईकोर्ट के सीजे बने



**भुवनेश्वर।** न्यायमूर्ति हरीश टंडन उड़ीसा उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश होंगे। न्यायमूर्ति टंडन को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा उड़ीसा न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने उनकी नियुक्ति की सिफारिश की थी। न्यायमूर्ति हरीश टंडन वर्तमान में कोलकाता उच्च न्यायालय में न्यायाधीश हैं।

### एयर इंडिया की फ्लाइट में मृत पाया गया यात्री



**लखनऊ।** यहां के चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एयर इंडिया की फ्लाइट में एक यात्री मृत पाया गया। घटना शुक्रवार सुबह 8.10 बजे की है। जब एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई 2845 में यात्री का शव मिला। एयर इंडिया की यह फ्लाइट नई दिल्ली से आई थी। पीड़ित की पहचान बिहार के गोपालगंज के 52 वर्षीय आशिफ दौला अंसारी के रूप में हुई है।

## संसद में गरजे गृहमंत्री शाह- संपूर्ण विपक्ष को आईना दिखाया

# आतंकवाद, नक्सलवाद व उग्रवाद देश के लिए नासूर, आतंकी दिखे तो माथे पर गोली मारेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्यसभा में जमकर गरजे। उन्होंने कहा कि वह जमाना गया जब वोट बैंक खोने के डर से आतंकी घटनाओं पर लचर प्रक्रिया थी। यह मोदी सरकार है जिसमें जम्मू कश्मीर के आतंकवाद, वामपंथी उग्रवाद और उत्तर पूर्व के उग्रवाद के प्रति जीरो टोलरेंस है।

आतंकियों को देखकर हम सीधे गोली मारते हैं। इन 3 समस्याओं के चलते चार दशक में देश के 92 हजार नागरिक मारे गए। ये नासूर बन गई थी जिसे खत्म करने के लिए सुनियोजित प्रयास कभी नहीं हुआ था। अमेरिका और इजराइल के बाद भारत तीसरा देश बन गया है जो आंतकवादियों का सफाया पड़ोसी मुल्क में घुसकर करता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा का जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने आतंकवाद पर करारा हमला बोलते हुए सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति का जिक्र किया। उन्होंने अनुच्छेद 370 समेत तमाम मुद्दों पर कांग्रेस समेत विपक्ष को घेरा। हमने आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया।

> वह जमाना गया जब वोट बैंक की खातिर आतंकी घटनाओं पर सरकारें लचर रहीं

इस दौरान इसी लक्ष्य पर रही कांग्रेस

विपक्ष पर तंज- नजर में आतंकी तो सपने में भी आएगा



### बलिदानियों का कोटि-कोटि आभार

शाह ने कहा कि 21 सदस्यों ने सदन में अपने विचार रखे। एक तरह से गृह मंत्रालय के अनेक कार्यों के आयामों को समेटने का प्रयास किया गया। सबसे पहले मैं उन हजारों राज्य पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवानों के प्रति आभार व्यक्त करता हू, जिन्होंने देश की आंतरिक सुरक्षा के साथ-साथ सीमाओं को मजबूत करने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

### हमने लाल चौक पर हर घर पर तिरंगा फहराया

अमित शाह ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत लाल चौक पर हर घर पर तिरंगा फहराया गया। उन्होंने वहां जन्माष्टमी, सरस्वती पूजा और खीर भवानी की पूजा होने की ओर भी ध्यान दिलाया। शाह ने कहा कि पहले आतंकवादियों के मारे जाने पर बड़े-बड़े जुलूस निकलते थे किंतु आज कोई जुलूस नहीं निकलता और आतंकवादी जहां मारे जाते हैं, उनको वहीं दफना दिया जाता है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद और आतंकवाद के समर्थकों पर सरकारी नौकरियों, पासपोर्ट, सरकारी ठेकों में प्रतिबंध लगा दिया गया है।

**कश्मीर में बवाल कराने वाली हुर्रियत को गाड़ दिया :** शाह ने कहा कि हुर्रियत वाले कश्मीर में बवाल किया करते थे। हमारी सरकार ने हुर्रियत को जमीन में गाड़ दिया। 2019 से 2024 के बीच में हुर्रियत जैसे 14 आर्गेनाइजेशन बैन कर दिए गए। एक साथ देश के 24 राज्य में रेड डालकर एक एक को गिरफ्तार किया। हुर्रियत के साथ एक समय में बात करते थे. आतंवकवाद से बात करने के लिए मीडिएटर बनते थे। पीएफआई पूरा सदन जानता है।

### 31 मार्च 2026 तक खत्म हो जाएगा वामपंथी उग्रवाद

शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार की नीति आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की रही है। उन्होंने कहा कि संविधान की धारा 370 को हटा कर मोदी सरकार ने संविधान निर्माताओं के 'एक संविधान, एक ध्वज' सपने को पूरा किया। उन्होंने कहा कि कश्मीर में सिनेमा हॉल अब शाम में भी खुले रहते हैं, जी20 की बैठक हुई, मुहर्रम का जुलूस भी निकला। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार के दौरान जम्मू कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में होने वाली मौतों में 70फीसदी की कमी आई है, आतंकी घटनाएं भी तेजी से कम हुईं।

### अमेरिका-इजराइल के बाद भारत ने घुसकर दिया जवाब

गृह मंत्री शाह ने कहा किपहले हमलों के बाद कोई कार्रवाई नहीं की जाती थी और मामले लंबित रहते थे, लेकिन मोदी के सत्ता में आने के बाद, पुलवामा हमले के 10 दिनों के भीतर ही हमने पाकिस्तान में घुसकर हमला किया। पूरी दुनिया में केवल दो ही देश हैं जो अपनी सीमाओं और रक्षा बलों की रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। इजराइल और अमेरिका के बाद और पीएम मोदी ने इस सूची में हमारे महान राष्ट्र का नाम भी जोड़ दिया है।

भाषा विरोध पर डीएमके को जवाब

### हिम्मत हो तो मेडिकिल-इंजीनियरिंग का कोर्स तमिल में करके दिखाएं

शाह ने कांग्रेस की सरकारों पर करारा हमला किया। उन्होंने कहा कि ाषा को लेकर सवाल उठाने वाले दक्षिण के नेताओं को जवाब दिया है। हिंदी हमारी मां है, लेकिन हमने मातृभाषा को इज्जत दी है। अगर आप में हिम्मत हो तो मेडकिल और इंजीनियरिंग का कोर्स तमिल में करके दिखाओ। हमारी सरकार आई तो ऐसा करके दिखाएंगे।

## मंत्री वर्मा ने की बड़ी कार्रवाई

# पीडब्ल्यूडू के एक्सईएन सस्पेंड काम नहीं तो परिणाम भुगतें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश वर्मा पूरी तरह से कार्रवाई में जुट हुए हैं। उन्होंने काम में कोताही बरतने के लिए पीडब्ल्यूडी के एक एक्सईएन को सस्पेंड कर दिया है। मंत्री ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अगर आप लोग अपना काम नहीं करेंगे तो कार्रवाई होगी। हम अपनी राजधानी दिल्ली को ऐसे हाल में नहीं छोड़ सकते। दिल्ली के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश ने शुक्रवार को पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान कामों में खामियां दिखने पर उन्होंने कार्यकारी अभियंता (एक्सईएन) रामाशीष सिंह को सस्पेंड करने का आदेश दिया। कामों को लेकर खामियां दिखने पर उन्होंने सख्त नाराजगी जताई।

### सड़कों और नालियों का निरीक्षण किया

उन्होंने न्यू अशोक नगर मेट्रो स्टेशन से शुरू होकर त्रिलोकपुरी के चिल्ला गांव और पटपड़गंज विधानसभा के कुछ इलाकों की सड़कों और नालियों का निरीक्षण किया। मौके पर जल बोर्ड, पीडब्ल्यूडी और दिल्ली नगर निगम के अधिकारी भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि हमने अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। अगर सभी नालियों के ऊपर अतिक्रमण करेंगे तो उसकी सफाई संभव नहीं होगी और मानसून में पानी घरों में नहीं घुस पाएगा।

## आप ने संगठन में किया बड़ा बदलाव

# भारद्वाज बने दिल्ली के अध्यक्ष और सिसोदिया पंजाब के प्रभारी



आम आदमी पार्टी की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी (पीएसी) की बैठक हुई। इसमें संगठन को मजबूत करने पर फैसला लिया गया। चार राज्यों में प्रभारी बनाने पर सहमति हुई। गुजरात में गोपाल राय प्रभारी, दुर्गेश पाठक सह प्रभारी, गोवा में पंकज गुप्ता प्रभारी, पंजाब में मनीष सिसोदिया प्रभारी और सतेंद्र जैन सह प्रभारी, छत्तीसगढ़ के लिए संदीप पाठक प्रभारी बनाए गए हैं। दिल्ली का अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज और जम्मू कश्मीर के लिए मेहराज मलिक को जिम्मेदारी दी गई है। आप सांसद संदीप पाठक ने कहा कि आज पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में कई फैसले लिए गए। गोपाल राय को गुजरात का प्रभारी बनाया गया है।

## राष्ट्रगान पर बवाल के बीच राजनीति

# लालू परिवार के हमले पर जदयू ने दिखाई पुरानी फोटो

एजेंसी ▶▶ पटना

राष्ट्रगान के अपमान पर सियासी घमासान जारी है। राष्ट्रगान विवाद पर राजद ने सीएम नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला। अब सीएम नीतीश कुमार की पार्टी ने लालू परिवार पर पलटवार किया है। जदयू के एमएलसी और मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने विधान परिषद परिसर में एक तस्वीर दिखाई। इसमें राजद सुप्रीमो लालू यादव राष्ट्रगान के वक्त बैठे हुए थे। नीरज ने कहा कि राष्ट्रवाद का प्रमाण पत्र देने वाले आरजेडी के नेताओं को अपने



इतिहास को याद करना चाहिए। यह तस्वीर 2002 की है, जब मार्च फास्ट चल रहा था और उस वक्त आरजेडी की नेता और मुख्यमंत्री राबड़ी राष्ट्रीय गान के दौरान कुर्सी पर बैठी रही थीं। नीरज ने आरोप लगाया कि उस वक्त के राज्यपाल पुरस्कार वितरण कर रहे थे।

## पोते के जन्मदिन पर 'अन्न प्रसादम'



**वेंगामंबा।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नारा चंद्रबाबू नायडू अपने परिवार के सदस्यों के साथ तिरुमाला में अपने पोते नारा देवांश के जन्मदिन पर वेंगामंबा में भक्तों को 'अन्न प्रसादम' परोसते हुए।

## केंद्रीय मंत्री खट्टर ने संसदीय सलाहकार समिति में कहा

# 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में ऊर्जा की भूमिका अहम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय ऊर्जा और आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में ऊर्जा की अहम भूमिका होगी और पर्याप्त ट्रांसमिशन सिस्टम की उपलब्धता से ऊर्जा उत्पादन का अधिकतम उपयोग किया जा सकता है। खट्टर ने कहा कि प्लान में ट्रांसमिशन सिस्टम का विवरण दिया गया है, जो देश में बिजली की मांग में वृद्धि और उत्पादन क्षमता में वृद्धि के अनुरूप है।

### ऊर्जा का अधिकतम उपयोग हो रहा



#### एनईपी-ट्रांसमिशन को तैयार किया

खट्टर ने कहा कि 2023 से 2032 के दौरान लगभग 1.91 लाख सर्किट किलोमीटर की ट्रांसमिशन लाइनें और 1,274 जीवीए की ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता जोड़ने की योजना है। एनईपी-ट्रांसमिशन को केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा तैयार किया गया है। इसमें वर्ष 2031-32 तक की ट्रांसमिशन योजना को कवर किया गया है।

**ग्रामीण क्षेत्रों में औसत बिजली आपूर्ति बढ़ी :** ग्रामीण क्षेत्रों में औसत बिजली आपूर्ति 2014 में 12.5 घंटे से बढ़कर 2025 में 22.6 घंटे हो गई है और शहरी क्षेत्रों में इस वर्ष 23.4 घंटे हो गई है। खट्टर ने कहा कि हमारा लक्ष्य सभी को हर समय बिजली उपलब्ध कराना है।

## अब दिल्ली में मेरठ जैसी दरिंदगी, महिला मित्र के हत्यारे गिरफ्तार

# पहले गला घोंटा फिर हाथ-पैर बांधकर शव को नाले में फेंका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब दिल्ली में मेरठ जेसी दरिंदगी सामने आई है। एक युवक ने कार में अपनी महिला मित्र की गला घोंटकर हत्या कर दी। वह दूसरे लड़कों से बातचीत करने से नाराज बताया जा रहा है। उसने शव ठिकाने लगाने के लिए वह काफी देर तक कार में इधर उधर घूमता रहा और फिर एक दोस्त की मदद से छावला में पहुंचा, जहां उसने नजफगढ़ नाले में शव फेंक दिया। शव बाहर न निकले, आरोपियों ने हाथ-पैर को रस्सी से बांधकर उसमें पत्थर बांध दिया, लेकिन 5 दिन के बाद ही शव पानी से बाहर निकल गया और छावला थाना पुलिस ने शव बरामद कर लिया। हत्या के इस मामले की जांच करते हुए पुलिस ने आरोपियों आसिफ और जावेद उर्फ जुबैर को गिरफ्तार कर लिया।

### मृतका कॉल सेंटर में करती थी काम, लाश बरामद



#### आसिफ व साथी के लिए मौत की सजा की मांग

मृतका कोमल की दादी विमला ने कहा कि उसकी पोती की आसिफ से कोई दोस्ती नहीं थी। उन्होंने दोनों आरोपियों के लिए मौत की सजा की मांग की है। दादी ने बताया कि जावेद उर्फ जुबैर उसके पड़ोस में रहता था, जबकि आसिफ सुंदर नगरी के ओ ब्लॉक में रहता था। कोमल के परिवार की जावेद व उसके परिवार से कोई बातचीत नहीं थी।

#### परिजनों ने की पहचान

इसी बीच नंद नगरी से लापता एक युवती के परिजनों ने शव की पहचान बेटी कोमल के तौर पर की। उन्होंने बताया कि कोमल 12 मार्च से लापता थी। इस बाबत नंद नगरी थाने में शिकायत की थी। छावला पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया।

### सड़ी-गली अवस्था में मिली लाश

मृतका की पहचान कोमल के रूप में हुई है। वह सुंदर नगरी में रहती थी और कॉल सेंटर में काम करती थी। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि 17 मार्च को छावला थाना पुलिस को नजफगढ़ नाले में युवती का शव होने की जानकारी मिली थी। पुलिस ने शव नाले से बाहर निकाला। शव सड़ी गली अवस्था में था। छावला पुलिस ने शव मिलने की जानकारी दिल्ली की सभी थाना पुलिस को दे दी।

## नागपुर हिंसा पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

# अब तक 99 उत्पाती गिरफ्तार चार और एफआईआर दर्ज की

एजेंसी ▶▶ नागपुर

महाराष्ट्र के नागपुर में हिंसा को लेकर अब तक 99 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। नागपुर पुलिस आयुक्त रविंदर सिंगल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पूरी घटना को लेकर निष्पक्ष जांच की जा रही है। सिंगल ने कहा कि उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। हमारी ओर से निष्पक्ष जांच जारी है। शुक्रवार की नमाज को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर कहा कि पूरे इंतजाम किए गए थे। पूरी चौकसी बरती जा रही है। स्थानीय अदालत ने इस सिलसिले में



गिरफ्तार 17 लोगों को 22 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। अदालत ने अपराध की गंभीरता और प्रथम दृष्टया उनके खिलाफ पुख्ता आरोप लगाए जाने का हवाला दिया। फहीम खान ने औरंगजेब के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के वीडियो को एडिट कर शेयर किया। गुणगान भी किया था।

जबलपुर

शनिवार, 22 मार्च 2025

- चैत मास कृष्ण पक्ष–8
- वर्ष : 19, अंक : 315
- पृष्ठ : 2+12=14 मूल्य : 3.00 *

मौसम

अधि. 32
न्यून. 16

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





## मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल बेटे के साथ पुलिस दुर्व्यवहार को यादकर हुए भावुक

# अभय मिश्रा और बेटे के मामले में रीवा के चोरहटा थाना प्रभारी को तत्काल किया निलंबित, जांच होगी

### स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि आप भावुक नहीं हों, धैर्य से जवाब दीजिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा के बजट सत्र में शुक्रवार को सदन में एक प्रश्न का जवाब देते वक्त गृह विभाग के लिए अधिकृत राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल भावुक होकर रूआंसे हो गए। दो बार तो उन्होंने सिसकियां ली। स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि आप भावुक नहीं हों, धैर्य से जवाब दीजिए

सदन में एक मंत्री के इस तरह से भावुक होने पर पूरा सदन हतप्रभ रह गया। हालांकि, बाद में अपने को संभालते हुए उन्होंने सदस्य को जवाब दिए। उन्होंने रीवा के चोरहटा में पदस्थ थाना प्रभारी को तत्काल निलंबित करने व उच्च स्तरीय जांच का आश्वासन दिया। सदन में प्रश्नकाल के दौरान सेमरिया से विधायक अभय मिश्रा ने खुद व बेटे के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने का मामला उठाया था। उन्होंने कहा कि मेरा बेटा लंदन में रहता है। कभी रीवा में रहा, पर दो वर्षों से इस डर से त्यौहार मनाने नहीं आया कि कहीं उसे फंसा न दिया जाए। उन्होंने मामले का सिलसिलेवार ब्यौरा भी सदन को दिया।





नरेंद्र शिवाजी पटेल

### स्पीकर बोले- कोई रास्ता निकाला जाए

स्पीकर तोमर ने कहा कि सामान्य तौर पर हम सभी को ध्यान रखना चाहिए कि जब इस तरह का प्रश्न हो तो कोई रास्ता निकाला जाए। अपने पुत्र के बारे में हम ही प्रश्न पूछें, यह स्थिति ठीक नहीं है। वरिष्ठ सदस्य अजय सिंह ने कहा कि इस मामले में वे स्वयं शामिल हैं। दोनों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। मंत्री पटेल ने जवाब में कहा कि आपकी भावनाओं से सहमत होते हुए उच्च स्तरीय जांच करा लेते हैं। हालांकि, वे इससे सहमत नहीं हुए। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि तत्काल उक्त अधिकारी का निलंबन होना चाहिए।

### इस वजह से भावुक हुए थे मंत्री पटेल

दरअसल, कुछ समय पहले मंत्री पटेल के बेटे का भोपाल के शाहपुरा थाने में किसी व्यक्ति से विवाद हुआ था। इसमें पुलिस ने कथित रूप से उनके बेटे के साथ काफी मारपीट की थी। उस वक्त पुलिस ने मंत्री की भी नहीं सुनी, मंत्री खुद थाने पहुंचे थे और पुलिस के दुर्व्यवहार से खासे क्षुब्ध हुए थे। संभवतः उसी बात को लेकर उनके मन में कसक रही होगी। सदन में जवाब देते समय पुरानी बातों को याद कर उनके सब्र का बांध टूट गया और वे फफक पड़े।

---

### रीवा से लॉ किया है जस्टिस यशवंत वर्मा ने

### जस्टिस वर्मा के घर लगी आग, बुझाने पहुंचे दमकल दस्ते ने नोटों से भरा देखा कमरा, यह रकम तकरीबन 15 करोड़ बताई जा रही है

# सुप्रीम कोर्ट ने फौरन तबादला किया, जांच बैठाई दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से मांगी रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा। पिछले हफ्ते वे होली की छुट्टियों के दौरान बाहर थे। सरकारी बंगले में आग लगी। दमकल दस्ते को बुलाया। वह आग बुझा रहा था कि एक कमरे को नोटों से ठसाठस देखा। उनके होश उड़ गए। दमकल दस्ते ने पुलिस कर्मियों को बुलाया। यह रकम तकरीबन 15 करोड़ बताई जा रही है। तत्काल सूचना सुप्रीम कोर्ट को दी गई। सूचना मिलते ही सीजेआई संजीव खन्ना ने तुरंत सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की बैठक बुलाई। कॉलेजियम ने सर्वसम्मति से जस्टिस वर्मा को दिल्ली हाईकोर्ट से उनके मूल हाईकोर्ट, इलाहाबाद स्थानांतरित करने का निर्णय लिया। जज वर्मा को अक्टूबर 2021 में इलाहाबाद से दिल्ली हाईकोर्ट में भेजा गया था। कॉलेजियम के कुछ सदस्यों ने इस घटनाक्रम पर चिंता जताते हुए कहा कि यदि केवल स्थानांतरण कर दिया जाता है, तो इससे न्यायपालिका की छवि धूमिल होगी और न्याय व्यवस्था से जनता का विश्वास कमजोर हो सकता है।



नकदी बरामद होने का मामला शुक्रवार को राज्यसभा में भी गूंजा। सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि वह इस मुद्दे पर व्यवस्थित चर्चा के लिए कोई व्यवस्था ढूंढेंगे।

**दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद तबादला किया तो बार एसोसिएशन बोली-हम कूड़ा घर नहीं**

- न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने लोकपाल के निर्देशानुसार शिबू सोरेन के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की सीबीआई जांच रोक दी थी
- भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि अदालती मामलों पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए



### क्या होती है इन-हाउस जांच ?

संविधान के अनुसार, किसी भी हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के खिलाफ भ्रष्टाचार, अनियमितता या कदाचार के आरोपों की जांच के लिए 1999 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा इन-हाउस प्रक्रिया तैयार की गई थी। इस प्रक्रिया के तहत, सीजेआई पहले संबंधित न्यायाधीश से स्पष्टीकरण मांगते हैं। यदि जवाब संतोषजनक नहीं होता या मामले में गहन जांच की जरूरत महसूस होती है, तो सीजेआई सुप्रीम कोर्ट के एक न्यायाधीश और दो उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों की एक इन-हाउस जांच समिति गठित कर सकते हैं।

### जस्टिस वर्मा का सफर

जज जस्टिस वर्मा का जन्म 1969 में हुआ था। उन्होंने मध्य प्रदेश के रीवा विश्वविद्यालय से एलएलबी की डिग्री पूरी की। 1992 में एक वकील के रूप में प्रैक्टिस शुरू की। एक वकील के रूप में उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के लिए विशेष वकील और उत्तर प्रदेश राज्य के लिए मुख्य स्थायी वकील के रूप में कार्य किया। उन्हें 2013 में वरिष्ठ अधिवक्ता नामित किया गया और अक्टूबर 2014 में उन्हें हाई कोर्ट का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया। फरवरी 2016 में उन्हें स्थायी न्यायाधीश बनाया गया।

---

### मंत्री एदल सिंह कंषाना के विवादित बोल

## रेत माफिया नहीं, वह पेट माफिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना ने रेत माफिया को लेकर एक अजीब बयान दिया है। उन्होंने रेत माफिया को पेट माफिया बताया है। उनका कहना है कि ये लोग पेट पालने के लिए काम कर रहे हैं। मुरैना के अंबाह में रेत माफिया द्वारा वन विभाग की टीम पर हमला होने के बाद उन्होंने यह बयान दिया। उनके इस बयान पर कांग्रेस विधायकों ने निशाना साधा है। मंत्री कंषाना मुरैना की सुमावली सीट से विधायक हैं। अंबाह भी इसी जिले का हिस्सा है। कांग्रेस नेता हेमंत कटारे ने कहा कि यह कोई नई बात नहीं है। पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें एक आईपीएस अधिकारी पर हमला तक हुआ था, जो राष्ट्रीय सुर्खियों में आया था।

### शादी के बंधन में बंधे हॉकी खिलाड़ी मनदीप

**जालंधर।** पुरुष हॉकी टीम के स्टार खिलाड़ी मंदीप सिंह और भारतीय महिला हॉकी टीम की डिफेंडर उदिता दुहान शुक्रवार को शादी के बंधन में बंध गए। मंदीप सिंह ने अपने जीवन के नए अध्याय की शुरुआत होने पर खुशी जताते हुए कहा कि हम हमेशा भारत के लिए मैच जीतना चाहते थे और अब जब शादी कर ली है, तो अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास जारी रखेंगे।

### अंबाह में रेत माफिया का आतंक

## वन विभाग की टीम पर हमला, ट्रैक्टर छुड़ाया, जान से मारने की धमकी दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना

जिले के अंबाह में रेत माफिया द्वारा वन विभाग की टीम पर हमला कर जब्त ट्रैक्टर छुड़ा ले जाने का वीडियो सामने आया है। रेत माफिया ने ट्रैक्टर के सामने अपनी बाइक गिराकर उसे रोका और फिर वनकर्मियों पर एक साथ हमला कर जब्त किया गया ट्रैक्टर को छुड़ाकर ले गए। अंबाह वन रेंज ऑफिसर वीर कुमार तिर्की एसएएफ के दो जवानों और अपने स्टाफ के साथ गश्ती पर मुरैना गए थे। अंबाह लौटते समय बरेह के पास एक ट्रैक्टर-ट्रॉली चंबल नदी की रेत से भरी हुई दिखी। वन टीम ने ट्रैक्टर-ट्रॉली का पीछा कर उसे रोकने की कोशिश की। लेकिन, ट्रैक्टर चाल ने ड्राइवर ने ट्रॉली को पलटा दिया। इससे ट्रैक्टर रुक गया और उसका चालक फरार हो गया। वन विभाग के स्टाफ ने चेसिस नंबर नोट कर ट्रैक्टर को जब्त कर अंबाह ले जाने की कार्रवाई शुरू की। वन विभाग की टीम जब्त ट्रैक्टर को अंबाह की ओर ला रही थी।

- इस मामले की शिकायत अंबाह थाने में दर्ज करा दी गई






---

### ऑनलाइन लेन-देन में धोखाधड़ी का शिकार

## जेपी यूनिवर्सिटी के छात्र ने हॉस्टल की चौथी मंजिल से कूदकर दी जान



वैभव वर्मा, मृतक

**सुसाइड नोट में भी दोस्त से उधार लिए पैसे न लौटा पाने का जिक्र**

गुना/ राघौगढ़ ▶▶ भोपाल

जिले के राघौगढ़ थानाक्षेत्र स्थित जेपी यूनिवर्सिटी के छात्र ने शुक्रवार तड़के हास्टल की चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि छात्र ऑनलाइन लेन-देन में धोखाधड़ी का शिकार हुआ था, जिसके चलते कदम उठाया। छात्र के लैपटॉप से मिले सुसाइड नोट में भी दोस्त से उधार लिए पैसे न लौटा पाने का जिक्र है।

### सह सरकार्यवाह सीआर मुकुंद ने कहा

## मातृभाषा जरूरी है.. पर लोकल और बाजार स्तर की बोली जानना चाहिए

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की तीन दिवसीय प्रतिनिधि सभा की बैठक बेंगलुरु में शुक्रवार को प्रारंभ हो गई। बैठक का शुभारंभ सरसंचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने किया। बैठक प्रारंभ होने के बाद पत्रकार वार्ता में भाषा से संबंधित सवाल पर आरएसएस के सह सरकार्यवाह सीआर मुकुंद ने कहा कि संघ हमेशा से अपना काम मातृभाषा में करने पर जोर देता आ रहा है।

- आरएसएस की 3 दिवसीय प्रतिनिधि सभा की बैठक शुरू



### विभेद पैदा करने का चल रहा है षड्यंत्र : होसबाले

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि राष्ट्रीय एकता एकात्मता के सामने चुनौती बनी हुई कई शक्तियां समय-समय पर अपना सिर उठाकर विघटन कार्य को अंजाम देती रही है।

---

### चार महीने पूर्व ही हुई थी शादी : दरवाजा अंदर से था बंद, मजदूरों की मदद से उसे खुलवाया, चाचा लेकर पहुंचे थे निजी अस्पताल

# लेडी डॉक्टर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हाथ पर मिले इंजेक्शन लगाने के कई निशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित रोहित नगर की स्काई ग्रीन कॉलोनी में एक लेडी डॉक्टर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनकी शादी चार महीने पहले ही हुई थी।

परिजन ने पति पर हत्या के आरोप लगाए हैं। रिचा के चाचा प्रकाश चंद्र पांडे बोले मामला संदिग्ध लग रहा है। हालांकि, जिस कमरे में लेडी डॉक्टर की लाश मिली है वह कमरा अंदर से बंद था।



डॉ. रिचा पांडे

- कमरे से इंजेक्शन की खाली शीशी मिली
- प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या से जुड़ा
- परिजन ने पति पर हत्या के आरोप लगाए

### पति के साथ बुधवार रात किया था डिनर

डॉक्टर अभिजीत पांडे ने पुलिस को बताया कि बुधवार रात उन्होंने रिचा के साथ डिनर किया था। इसके बाद अपने कमरे में सो गए। दरअसल, उनकी कमर में दर्द था। सुबह नींद खुली और वे रिचा के कमरे के बाहर पहुंचे। उन्होंने रिचा को आवाज दी, लेकिन उसने दरवाजा नहीं खोला। काफी प्रयास करने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो अभिजीत मजदूरों को लेकर घर पहुंचे थे। मजदूरों ने टूल्स से दरवाजा खोल लिया।

# 22 हजार 233 करोड़ 97 लाख 67 हजार की बजट अनुदान मांग ध्वनि मत से पारित

## सतना, रीवा और इंदौर में मेडिकल कॉलेजों के निर्माण के लिए 1500 करोड़ रुपए स्वीकृत

### वर्तमान वर्ष के बजट में 53.56 प्रतिशत की वृद्धि की गई: उप मुख्यमंत्री शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा बजट सत्र के दौरान गुरूवार को विभागीय अनुदान मांग पर बोलते हुए डिप्टी सीएम एवं लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने, स्वास्थ्य मानकों में प्रदेश को अग्रणी बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इसी प्रयास को सशक्त करने के लिए इस वर्ष लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के बजट में लगभग 9 प्रतिशत की वृद्धि की गई। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल से सभी जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेजों में शव वाहन की सुविधा शुरू कर दी जाएगी।



उन्होंने कहा कि कि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट प्रावधान में वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में 8.78 प्रतिशत की कुल वृद्धि की गई है। इस वृद्धि में राजस्व मद में 4.62 प्रतिशत और पूंजी मद में 34 प्रतिशत की वृद्धि शामिल है, जिससे प्रदेश के आमजनों को बेहतर और गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आईपीएचएस मानक के आधार पर बड़े स्तर पर चिकित्सकीय सहायक चिकित्सकीय मैनपॉवर की भर्ती की जा रही है, इनमें 3900 चिकित्सक, विशेषज्ञ, 4300 पैरामेडिकल स्टाफ सहित 16 हजार से अधिक सहायक स्टाफ की आउटसोर्स पर भर्ती की जा रही है। इसके अतिरिक्त, अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण के रूप में सतना, रीवा, और इंदौर चिकित्सा महाविद्यालयों के उन्नयन एवं निर्माण कार्य के लिए राशि 1500 करोड़ की स्वीकृति दी जा चुकी है। साथ ही बताया कि वर्ष 2025-26 में 2 नवीन चिकित्सा महाविद्यालयों (श्योपुर, सिंगरौली) का संचालन प्रारम्भ किया जाएगा। इसके आगामी वर्ष में 6 नवीन चिकित्सा महाविद्यालय भी प्रारम्भ किये जाएंगे।

**3900 चिकित्सक व विशेषज्ञ, 4300 पैरामेडिकल स्टाफ सहित 16 हजार से अधिक स्टाफ की आउटसोर्स पर भर्ती**




#### एमपी का कैंसर केयर मॉडल पूरे देश में अपनाया

इसके अलावा उन्होने कहा कि कैंसर रोगियों के उपचार हेतु प्रदेश में 52 डे केयर सेंटर क्रियाशील हैं, जिनमें 42 कैंसर रोधी दवाएं उपलब्ध हैं। अप्रैल 2024 से आज तक 8,000 कीमोथेरेपी सत्र आयोजित किए गए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रदेश का मॉडल अपनाया गया और केन्द्रीय बजट में पूरे देश में लागू करने का प्रावधान किया गया।

#### सीएचसी को बनाया जाएगा फर्स्ट रेफरल यूनिट

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य,उप स्वास्थ्य, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण के लिए वित्तीय वर्ष 2025-2026 में 500 करोड़ बजट प्रावधान किया गया है। वर्तमान वर्ष के बजट में 53.56 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि सीएचसी को सशक्त कर एफआरयू (फर्स्ट रेफरल यूनिट) बनाने के प्रयास जारी हैं, ताकि ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं सशक्त हों, साथ ही जिला अस्पताल में दबाव कम हो। सदन में 22 हजार 233 करोड़ 97 लाख 67 हजार रुपए की बजट अनुदान मांग ध्वनि मत से पारित हुआ।

#### 20 साल से नहीं हुई डॉक्टर और पेरामेडिकल स्टाफ की भर्ती

इधर बजट अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान विरोध में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि कैग की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि कई स्वास्थ्य उपकरण सड़ गए। 20 साल से डॉक्टर और पेरोमेडिकल स्टाफ की भर्ती नहीं हुई, केवल बिल्डिंग निर्माण भर हुआ है। इसके अलावा कांग्रेस विधायक भंवर सिंह शेखावत ने आउटसोर्स पर काम करने वाले कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने का मुद्दा उठाया। जिसके जवाब में डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला ने कहा कि आउटसोर्स के कर्मचारियों के वेतन की समस्या को दूर किया जाएगा।

---

## वीडियो कॉल पर पत्नी से कहा-कर रहा हूं सुसाइड

**कोंडागांव।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाले एक यातायात पुलिस आरक्षक ने अपनी पत्नी को वीडियो कॉल कर आत्महत्या की बात कही और उसके बाद फांसी लगाकर जान दे दी। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौप दिया गया है। मामले के बारे में जानकारी देते हुए कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि सरकारी बंगले में रहने वाले आरक्षक विकास पांडे कुछ वर्षो से कोंडागाँव के यातायात पुलिस में आरक्षक के पद पर काम कर रहा था, अपनी पत्नी व बच्चों को कुछ दिन पहले ही मायके भेज दिया गया।



- जवान विकास पांडे 2019 से कोंडागांव में पदस्थ थे

बीती रात आरक्षक ने करीब 12 से 1 बजे के बीच अपनी पत्नी को वीडियो कॉल कर बात करते हुए अचानक से आत्महत्या करने की बात कही, जिसके बाद परेशान पत्नी ने आसपास रहने वाले लोगों को फोन किया। जब तक आसपास के लोग मौके पर पहुंचते आरक्षक विकास पांडे ने आम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं, आरक्षक के परिजन भी सुबह आ पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस का कहना था कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

---

### कांग्रेस विधायक पट्टा ने कहा, नियम के विरुद्ध हुईं नियुक्तियां

## विधानसभा में उठा भोज विश्वविद्यालय में अवैध नियुक्तियों का मामला, समिति करेगी जांच

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

विधानसभा के बजट सत्र में गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान भोज विश्वविद्यालय में अवैध नियुक्तियां का मामला उठाया गया।



कांग्रेस विधायक नारायण सिंह पट्टा ने इसे उठाते हुए कहा कि भोज विश्वविद्यालय में 2013-14 में नियम के विरुद्ध कई कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। दूसरी तरफ भाजपा विधायक ठाकुर दास नागवंशी ने सदन में सरकारी कॉलेज में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से विद्यार्थियों की कॉपियों का मूल्यांकन कराने के आरोप

#### मंत्री परमार ने स्वीकारीं नियम विरुद्ध नियुक्तियां

*भोज विश्वविद्यालय मामले में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने जवाब दिया कि मामले पर सरकार ने संज्ञान लिया है। ये सही है कि नियम विरुद्ध नियुक्तियां हुई हैं, तत्काल इन नियुक्तियों को निरस्त करने के आदेश दिए गए थे। कुछ कर्मचारी कोर्ट गए थे, कोर्ट का स्टे लगा है, इसलिए उन्हें अभी हटाया नहीं गया है। बाकी मामले की जांच के लिए समिति गठित कर दी गई है। इस पर कांग्रेस विधायक नारायण सिंह पट्टा बोले कि कुछ ही कर्मचारी कोर्ट गए थे। मंत्री परमार का जबाव था पूरे मामले की जांच कराई जाएगी।*

#### प्रभारी प्राचार्य को हटाने की घोषणा

*पिपरिया के शासकीय शहीद भगत सिंह पीजी कॉलेज में विद्यार्थियों की कॉपियों का मूल्यांकन चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी द्वारा किया गया था। जिस पर भाजपा विधायक ठाकुर दास नागवंशी ने ये मामला बजट सेशन में उठाया है। उनका कहना है कि प्रभारी प्राचार्य ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से कॉपी जंचवाई है। विधायक की मांग पर उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि प्रभारी प्राचार्य को वहां से हटा दिया जाएगा।*

---

### राष्ट्रीय राजमार्ग 930 का मामला, मृतकों में 2 वर्ष की मासूम भी शामिल

## तीन बाइक आपस में टकराईं, तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले का राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 930 एक बार फिर लहूलुहान हो गया। दरअसल भीषण सड़क हादसे में दो वर्षीय मासूम सहित तीन लोगों की मौत हो गई है।

**पूरी घटना में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जबकि दो अन्य मृतकों की पहचान की जा रही है**

बाइक सवार तेज रफ्तार में जा रहे थे, तभी वह एक दंपती की बाइक से टकरा गए। तीन बाइकों में भिड़ंत हुई, जिसमें दो वर्षीय दिशा सहित तीन लोगों की मौत हो गई है। सभी को जिला अस्पताल लाया गया है।

हादसे में पांच लोग घायल हुए। यह हादसा ग्राम सांकरा के समीप मटिया मोड के पास हुआ है। आसपास के लोगों से जब जानकारी ली गई तो पता चला कि यहां पर जिस दो वर्षीय मासूम की मौत हुई है वह परिवार अस्पताल से वापस लौट रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार में बाइक सवार आ रहे थे।

जहां बाइक अनियंत्रित होकर सीधे दंपती से जा भिड़ी। तीन बाइक आपस में टकराई, जिससे मौके पर ही दो वर्षीय मासूम की मौत हो गई।



**पूरी घटना में दो अन्य लोगों की मौत हुई है और पांच लोग घायल हुए हैं और सभी लोग भिलाई के बताए जा रहे**

#### बाकियों की शिनाख्ती के

**हैं। दो अन्य मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। जो पांच अन्य घायल हैं वे कुछ बताने की स्थिति में नहीं है, जिसके कारण मौके पर पुलिस द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है।**

---

### 30 नक्सलियों के एनकाउंटर पर डिप्टी सीएम विजय वर्मा ने कहा

## केवल सरकार ही नहीं, जनता भी नक्सलवाद के खात्मे के लिए तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने विधानसभा परिसर में पिछले दिनों बीजापुर, कांकेर और नारायणपुर जिलों में 30 नक्सलियों के एनकाउंटर में मारे जाने पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अब केवल सरकार और फोर्स ही नहीं बल्कि जनता भी नक्सलवाद के खात्मे के लिये पूरी तरह से तैयार है। राज्य सरकार नक्सलमुक्त पंचायतों (नक्सलमुक्त गांव) को विकास कार्यों के लिये एक करोड़ रुपये देगी।



छत्तीसगढ़ में तेजी से हो रहे विकास कार्य यह बयां करता है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अब शांति और समृद्धि का नया युग आने वाला है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने मार्च 2026 तक बस्तर से नक्सलवाद खत्म करने का लक्ष्य रखा है। सीएम साय के नेतृत्व में इस अभियान में और तेजी आयेगी। सुरक्षा बलों ने पिछले दिनों सघन सर्च ऑपरेशन में 30 नक्सली मारे गए हैं। बीजापुर जिले के गंगालूर क्षेत्र में डीआरजी, एसटीएफ, बस्तर फाइटर्स, कोबरा और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने ऑपरेशन में 26 नक्सली मारे गयेय। वहीं कांकेर और नारायणपुर के बॉर्डर इलाके में डीआरजी, बस्तर फाइटर्स और बीएसएफ की संयुक्त कार्रवाई में 4 अन्य नक्सली ढेर हुए। इस ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने एके-47, एसएलआर, इंसास, 303 राइफल, रॉकेट लॉन्चर और बीजीएल लॉन्चर सहित भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। हाल ही में 577 मोबाइल टावरों की स्थापना की गई है, जिससे दूरसंचार सुविधाओं में व्यापक सुधार हुआ है।

#### वीर बलिदानी योजना के बारे में बताया

*बीजापुर से पामेड़, नारायणपुर से मस्कुल, दंतेवाड़ा से अरनपुर, और जगारगुंडा तक बस सेवाएं बहाल कर दी गई हैं, जो एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वीर बलिदानी योजना के तहत प्रारंभिक रूप से 10 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिससे शहीद जवानों की प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। इस योजना के तहत पंचायत विभाग के माध्यम से लगभग 500-600 प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। डिप्टी सीएम ने कहा कि बस्तर की समृद्ध संस्कृति को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए 1-3 अप्रैल को बस्तर पंडुम महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में बस्तर के 85 मांझी, पद्मश्री सम्मानित विभूतियां, स्थानीय कलाकार और विशिष्ट अतिथि भाग लेंगे।*

---

## मंत्री विजयवर्गीय के भजन पर थिरके मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, मंत्री और विधायक

**मप्र विधानसभा में फाग महोत्सव का आयोजन**

**संगीत प्रस्तुतियों और मनभावन कार्यक्रमों ने बांधा समां**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा के मानसरोवर सभागार में गुरुवार को फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने की। यह कार्यक्रम रंगारंग संगीत प्रस्तुतियों और मनोभावन कार्यक्रमों से सराबोर रहा। फाग महोत्सव में संसदीय कार्य मंत्री मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भजनों से समां बांधा। भजनों पर मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघर व मंत्री झूमे। इसके बाद मुख्यमंत्री, विस अध्यक्ष, मंत्री, नेता प्रतिपक्ष एवं विस सदस्यों ने रात्रिभोज का आनंद लिया। यह कार्यक्रम संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गणमान्य जन, वरिष्ठ पत्रकार भी उपस्थित रहें।



होली के गीतों पर थिरकते मुख्यमंत्री डॉ. यादव, विस अध्यक्ष तोमर, नेता प्रतिपक्ष सिंघार।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव, मंत्री विजयवर्गीय, सिलावट ने विधानसभा में आयोजित फाग उत्सव में फूलों की होली खेली।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद चौरई, जिला छिंदवाड़ा (म.प्र)**
(कार्यालय दूरभाष एवं फैक्स नं. 07166-222106) ई-मेल: cmochorai@mpurban.gov.in

क्रमांक/790/ लो.नि.शा./न.पा./2025 -:: द्वितीय ई- निविदा आमंत्रण सूचना::- चौरई, दिनांक 20/03/2025

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि लोक निर्माण विभाग में केंद्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदार/फर्म से अधोलिखित विवरण अनुसार नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के दिनांक 02 अगस्त 2021 से प्रभावशील प्रचलित आई.एस.एस.आर "Building Work/Road & Bridge Work" के अधार पर कम/अधिक प्रतिशत दर पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।-

विवरण

| निविदा क्रमांक | कार्य का नाम एवं विवरण | प्रक्कलन राशि (रू. में) | धरोहर राशि (रू. में) | निविदा फार्म का शुल्क | श्रेणी | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD_411011_1 | विधायक निधि अन्तर्गत वार्ड क्रमांक-02 में पंचेश्वर मंदिर के पास, वार्ड क्रं.-13 में पीपल वाले हनुमान मंदिर के पास कलामंच निर्माण कार्य। | 3,00,000= 00 | 3,000/- | 2,000/- | New PWD reg/C Class & above | 3 माह |

शर्तें:- 1. निविदा ऑन लाईन बेबसाईट https;//www.mptenders.gov.in के माध्यम से प्राप्त हो सकेगी। 2. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र 21/03/2025 से 10/04/2025 सायं 5:30 बजे तक खरीदे जा सकते है। 3. ऑनलाईन बिड सबमिट करने की अंतिम तिथि 10/04/2025 सायं. 5:30 बजे तक खरीदे जा सकते है। 4. अमानत राशि हार्ड कापी केवल ऑनलाईन मान्य की जावेगी। 5. निविदा दिनांक 11/04/2025 को खेली जावेगी। 6. निर्धारित शपथ पत्र (Affidavil) नवीन प्रारूप अनुसार।
नोट/अन्य शर्तें:- (7) निविदा में किसी प्रकार के सशोधन की स्थिति में केवल ऑनलाईन संशोधन किया जावेगा। समाचार पत्रों में नहीं। (8) निविदा को ई.पी.एफ. का पंजीयन प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा। निविदाकार लेबर विभाग का पंजीयन दर स्वीकृति उपरांत देना अनिवार्य होगा। Cost Escalation Caluse लागू नही होगा।

(पूर्णिमा शरद जैन) अध्यक्ष | (सिरपत नायक) उपाध्यक्ष | (सुरेन्द्र सोनी) सभापति, लोक निर्माण शाखा | (अभयराज सिंह) मुख्य नगरपालिका अधिकारी

नगर पालिका परिषद चौरई जिला छिंदवाड़ा (म.प्र)



**M.P. HOUSING & INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT BOARD**

SECTION-1 | NOTICE INVITING E-TENDER

Online percentage rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria :-

| S. No. | System Tender No. | Work | Probable Amount (Rs. in lakh) | Cost of Form | Completion Period (Months) | Date of Submission of Bid | Date of Opening of Tenders |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_MPHID_409535 | Construction of Ayush Research Center at Paraswada Distt. Balaghat (M.P.) | Rs. 112.72 EMD Fees Rs. 1.127 | Rs. 0.1475 | 12 Months i/c rainy Season | Up to 16.04.2025 17:30 Hrs. | 17.04.2025 12:30 Hrs. |

Note :- (1). Interested bidders can view the NIT on website http:// mptenders.gov.in. (2) The Bid Document can be purchased only online from 22.03.2025 at 10:30 A.M. to 16.04.2025 at 17:30 Hrs. (3) Amendments to NIT, if any would be published on website only and not in newspapers.
Website : www.mphousing.in / mphidb / mphidb (J.S. Deshmukh, E.E.)
M.P. Madhyam/119346/2025 Division - Balaghat



**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर लोककर्म विभाग**
निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार/मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्यों के लिये से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_410941_1 PRO-670 दिनांक 21/03/2025 | गोकलपुर वार्ड के अंतर्गत में मुख्य मार्ग से बबलू रैकवार के मकान तक एवं गणेश समिति मोहल्ला एवं अन्य स्थलों पर कर्बड नाली निर्माण एवं मरम्मत (पार्षद अनुशंसा) | 02 माह 4.40 लाख | 2000/- 4440/- | 04/04/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

कार्यपालन यंत्री
नगर निगम जबलपुर



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) संभाग नरसिंहपुर (म. प्र. )**

निविदा सूचना क्रमांक 25 / वर्ष 2024-25/कार्य. यं. **निविदा सूचना** नरसिंहपुर, दिनांक 18/03/2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है

| क्र. | टेण्डर आई डी | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रू लाख में) | धरोहर राशि | निविदा फर्म की राशि | आमंत्रण क्र. | कार्य समयावधि | भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ. डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2025_PWDRB_410416_1 | नरसिंहपुर | बी.टी. रिन्युवल | गोटेगांव उपसंभाग के अंतर्गत गोटेगांव झौतेश्वर कुण्डा मार्ग लंबाई 21.38 कि.मी. का बी.टी. रिन्युवल कार्य । | 83.71 | 84,000 | 12,500 | प्रथम आमंत्रण | 3 माह वर्षाऋतु रहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 2 | 2025_PWDRB_410417_1 | नरसिंहपुर | बी.टी. रिन्युवल | गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत लाखा रेहली मार्ग लंबाई 2.10 कि.मी. का बी. टी. रिन्युवल कार्य । | 22.07 | 44,500 | 5000 | प्रथम आमंत्रण | 2 माह वर्षाऋतु रहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 3 | 2025_PWDRB_410418_1 | नरसिंहपुर | बी.टी. रिन्युवल | नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत देवनगर से परसाना मार्ग लंबाई 3.20 कि.मी. कार्यकारी लंबाई 2.80 कि.मी. का बी.टी. रिन्युवल कार्य । | 25.06 | 50,000 | 5000 | प्रथम आमंत्रण | 2 माह वर्षाऋतु रहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 4 | 2025_PWDRB_410420_1 | नरसिंहपुर | बी.टी. रिन्युवल | नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत करेली एवं तेन्दूखेड़ा रेस्ट हाउस एप्रोच मार्ग लंबाई 0.70 कि.मी. का बी.टी. रिन्युवल कार्य । | 12.55 | 26,000 | 2000 | प्रथम आमंत्रण | 1 माह वर्षाऋतु रहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 5 | 2025_PWDRB_410421_1 | नरसिंहपुर | माइक्रो सर्फेसिंग | नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत बघुवार से बम्हौरी मार्ग लंबाई 2.00 कि.मी. का माइक्रो | 15.52 | 32,000 | 2000 | प्रथम आमंत्रण | 1 माह वर्षाऋतु रहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| | | | | योग | 158.91 | | | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आर्नलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि दिनांक 01.04.2025 ( 17.00) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट www.mptenders.gov.in में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा । मूल धरोहर (ई. एम.डी.) राशि एवं अन्य सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत दिनांक 01/04/2025 ( 17.30) बजे तक उपरोक्तानुसार संबंधित पोर्टल में प्राप्त की जावेगी ।

कार्यपालन यंत्री-
G-24616/24 दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है। लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग नरसिंहपुर (म. प्र. )



**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला - सिवनी (म.प्र.)**
E-mail ID- modgmseo@mp.gov.in

क्रमांक / 348 / खनिज /उ.प./ 2025 सिवनी, दिनांक 20/03/2025

**प्रथम सूचना**

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 ( 1 - क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करनें के लिए

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अजय सिंह ठाकुर आ. श्री लखनसिंह ठाकुर नि. ग्राम 1779 मास्ताना चौक रांझी जबलपुर म.प्र. द्वारा उत्खनि पट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 23.03.2025 प्रस्तुत किया गया है । दिनांक 25.04.2025 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते हैं । आवेदन ई-खनिज पोर्टल http://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे ।

आवेदन क्षेत्र का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजि | खनिज का नाम | रिमॉर्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सिवनी | केवलारी | सुकतरा | 322/1, 322/2 | 6.160 हे. 1.00 हे. में से 3.00, 1.00 हे. कुल 4.00 हे. | शासकीय भूमि | बोल्डर, गिट्टी | |
| | | | कुल रकवा | 4.00 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है । 2.यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3.यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुन: 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी । विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा । 4.यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5.निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जायेगा ।

जी-24626/24 दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है। सहायक खनि अधिकारी वास्ते कलेक्टर - सिवनी

## चैत्र नवरात्रि के साथ ही हिंदू नववर्ष का भी आरंभ होगा

# सर्वार्थ सिद्धि, इंद्र योग और रेवती नक्षत्र में चैत्र नवरात्रि पर्व 30 से हाथी पर सवार होकर आएंगी माता दुर्गा, इस बार 8 दिन होगी पूजा

हरिभूमि, जबलपुर

चैत्र नवरात्रि यानि शक्ति की साधना का महापर्व 30 मार्च से शुरू होगा, जिसका समापन 6 अप्रैल को होगा। दरअसल इस बार नौ की बजाए आठ दिन तक चलने वाले इस महापर्व के साधक शक्ति की देवी की आराधना और मंत्र जाप आदि से मां दुर्गा को प्रसन्न करेंगे। मां त्रीशक्तिपीठ के पुजारी पंडित शिवशंकर दुबे ने बताया कि नवरात्रि की शुरुआत 30 मार्च से सर्वार्थ सिद्धि, इंद्र योग और रेवती नक्षत्र में होगी।

इसके बाद पूरे 8 दिनों में चार दिन रवियोग तथा तीन दिन सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग रहेगा। यह सभी योग पूजा और खरीदारी के लिए शुभ माने जाते हैं। चैत्र नवरात्रि के साथ ही हिंदू नववर्ष का भी आरंभ भी होगा।

नवरात्रि पर बन रहे सभी योग पूजा और खरीदारी के लिए शुभ माने जाते हैं

मां दुर्गा की मन से पूजा करने पर हर साधक की मनोकामना अवश्य ही पूरी होती है



### नौ स्वरूपों की होगी पूजा

नवरात्रि के दौरान माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-आराधना की जाएगी। इसमें प्रथम दिवस शैलपुत्री की आराधना होगी, जो इच्छा व संकल्प शक्ति की दात्री हैं। इसी तरह दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी, तृतीया को चंद्रघंटा, चतुर्थी को कुष्मांडा, पंचमी को स्कंध माता, षष्ठी को कात्यायनी, सप्तमी को कालरात्रि, अष्टमी को महागौरी और नवमीं को सिद्धिदात्री देवी की पूजा-आराधना की जाएगी।

### हाथी पर सवार होकर मां के आने से धन धान्य में होती है वृद्धि

*पंडित शिवशंकर दुबे ने बताया कि चैत्र नवरात्रि का आरंभ इस साल रविवार से हो रहा है, यानी कि इस साल मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर धरती पर आएंगी। मां दुर्गा का हाथी पर सवार होकर आना बहुत ही शुभ संकेत माना जाता है। ऐसा होने से धन धान्य में वृद्धि होती है और देश की अर्थव्यवस्था में सुधार होता है। मां दुर्गा हाथी से आएंगी और हाथी से ही प्रस्थान करेंगी। यह बहुत ही शुभ माना जा रहा है। इस शुभ अवसर पर मां दुर्गा की मन से पूजा करने पर आपकी हर मनोकामना सिद्ध हो सकती है।*

## गेल भेल के साथ मिलकर नगर निगम ने शुरु की तैयारी

# ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने कठौंदा में बने सीएनजी प्लांट

जबलपुर।

नगर निगम ने शहर में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। नगर निगम कठौंदा में एक नया बायो सीएनजी प्लांट स्थापित करने की योजना बना रहा है, जिसका उद्देश्य नगर की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना और पर्यावरण को सुरक्षित रखना है। इस प्लांट की स्थापना के लिए पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड पर गेल और ओएनजीसी के साथ चर्चा जारी है। केंद्र सरकार पहले ही इस परियोजना को हरी झंडी दे चुकी है, जिससे उम्मीद जताई जा रही है कि यह प्रोजेक्ट जल्द ही धरातल पर उतरेगा।

नगर निगम का यह कदम शहर के लिए न केवल ऊर्जा के एक नए स्त्रोत का निर्माण करेगा, बल्कि वायु प्रदूषण को भी कम करने में मदद करेगा। बायो सीएनजी प्लांट में कचरे से बायो सीएनजी गैस तैयार की जाएगी, जिसका उपयोग नगर में चलने वाले वाहनों को ईंधन देने के लिए किया जाएगा। इससे प्रदूषण के स्तर में भी कमी आने की संभावना है और शहर में स्वच्छ परिवहन प्रणाली को बढ़ावा मिलेगा।

### हर दिन 150 टन गोबर की होगी खपत

नगर निगम की योजनाओं के अनुसार, कठौंदा में स्थापित होने वाला बायो सीएनजी प्लांट 200 टन क्षमता का होगा। इस प्लांट में प्रति दिन लगभग 150 टन गोबर की खपत होगी। इसके अलावा, पीपीपी मोड पर प्लांट स्थापित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य प्राइवेट और पब्लिक सेक्टर के सहयोग से परियोजना को सफलतापूर्वक लागू करना है। अनुमान है कि इस प्रोजेक्ट को लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित किया जाएगा।



### सोलर एनर्जी पर भी नगर निगम का ध्यान

नगर निगम ने सोलर एनर्जी के क्षेत्र में भी कदम बढ़ाने की योजना बनाई है। इसके तहत, झाबुआ, मुरैना और अन्य स्थानों पर सोलर एनर्जी प्लांट की स्थापना की जाएगी। इस योजना के लिए नगर निगम ने डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार करने के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है। यह सोलर एनर्जी प्लांट नगर निगम के बिजली बिलों में भारी बचत करने में मदद करेगा, जिससे हर साल करोड़ों रुपये की बचत की उम्मीद जताई जा रही है।

### नगर निगम आयुक्त की प्रतिक्रिया

नगर निगम की आयुक्त प्रीति यादव ने इस संबंध में कहा, "हमारा मुख्य उद्देश्य शहर में ग्रीन एनर्जी का प्रयोग बढ़ाना और पर्यावरण की सुरक्षा करना है। बायो सीएनजी प्लांट और सोलर एनर्जी प्लांट की स्थापना से न केवल ऊर्जा संकट में कमी आएगी, बल्कि इनसे जुड़ी प्रदूषण समस्याओं का समाधान भी होगा। केंद्र सरकार द्वारा बायो सीएनजी प्लांट की स्थापना के लिए स्वीकृति मिल चुकी है, और हम ओएनजीसी तथा गेल के साथ मिलकर इसे पीपीपी मोड पर स्थापित करेंगे।

# त्रिपुर सुंदरी माता की दानपेटी से निकले लाखों रूपये

## इस बार दानपेटियां खुलीं तो उनमें ऐसी कुछ दिलचस्प अर्जियां मिलीं



**जबलपुर।** तेवर ग्राम स्थित राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी माता मंदिर की दानपेटियों में भक्तजन रुपए, सोना, चांदी के साथ अपनी तरह तरह की अर्जियां भी लिखकर डाल रहे हैं। इस बार दानपेटियां खुलीं तो उनमें ऐसी कुछ दिलचस्प अर्जियां मिलीं। किसी अर्जी में युवती ने माता रानी से विवाह करवा देने की गुहार लगाई थी, तो किसी में छात्र ने परीक्षा में फेल होने से बचाने की गुजारिश की। बिजनेस चल निकलने पर माताजी को थैंक्स लिखकर भी भक्तों ने दानपेटी में पर्चा डाला। दान पेटियां 17 मार्च को प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में खोली गईं। भक्तों ने पांच माह में कुल 16 लाख 62 हजार 072 रुपए माता को अर्पित किए। दान राशि गिनती के दौरान एसडीएम गोरखपुर अनुराग सिंह, पंचायत के अधिकारियों सहित मंदिर के मुख्य पुजारी रमेश प्रसाद दुबे, सहायक पुजारी भूरेलाल दुबे, नितिन दुबे, देवी सिंह राजपूत, श्यामलाल कोरी, श्यामसुंदर मेहरा, जमुनाप्रसाद, रोहणी सेन व अन्य मौजूद थे।

### एक हजार के नोट भी निकले

गिनती में शामिल मंदिर प्रबंधन के लोगों ने बताया कि दानराशि की गिनती में 12 लाख 86 हजार 031 रु नकदी निकली। वहीं कार्यालय में रसीद से प्राप्त दान राशि 3 लाख 76 हजार 41 रुपए निकली। हैरानी की बात यह है कि बंद हो चुके पुराने एक हजार रुपए के दो नोट भी दानपेटी से निकले। त्रिपुर सुंदरी को भक्तों ने करीब सवा तोला सोना के गहने व दो किग्रा से अधिक चांदी भी अर्पित की। मालूम हो कि इसके पूर्व गत शारदेय नवरात्र के पहले अक्टूबर 2024 में दानपेटियां खोली गई थीं।

### नोटों में लिपटी थीं अर्जियां

गिनती करने वालों ने बताया कि दानपेटियों से निकले कई नोटों में कागज की पर्चियां भी लिपटी हुई थीं। इनमें देवी से तरह-तरह की अर्जियां लगाई गई थीं। किसी ने लिखा था कि उसका विवाह करवा दो मां, तो किसी ने लिखा था धंधा चलने लगा माता, थैंक्स। एक भक्त ने पुत्री की कामना भी लिखी थी।

### छह घंटे चली गिनती

मंदिर प्रबंधन ने बताया कि गोरखपुर एसडीएम कार्यालय के कर्मियों, अफसरों व मंदिर से जुड़े अन्य लोगों की मौजूदगी में दान पेटियां खोली गईं। खुलने के बाद सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक करीब 125 लोगों ने दान राशि के नोटों की गिनती की। दान राशि बैंक अधिकारियों को सौंप दी गई है। इसके अलावा दान पेटियों से सोना-चांदी भी निकला। अधिकृत पारखी ने जेवरों की परख व तोल की। इस दौरान सोने की नथ, बालियां, बेंदी व अन्य छोटे आभूषण करीब सवा तोले के मिले। कमरबंद, पायल, बिछिया सहित दो किलो चांदी के आभूषण पेटी से निकले।

# कटनी मुड़वारा स्टेशन पर रेलवे ने की किलाबंदी, टिकट चेकिंग अभियान चलाया

जबलपुर।

जबलपुर मंडल पर यात्रियों को आरामदायक और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेलवे ने कटनी मुड़वारा स्टेशन पर एक किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री कुशाल सिंह के मार्गदर्शन और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के निर्देशन में आयोजित किया गया।

कटनी मुड़वारा स्टेशन पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-2 श्री शशांक गुप्ता की अगुवाई में आज सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक यह अभियान चलाया गया। इस अभियान में 35 टिकट चेकिंग स्टाफ और 5 आरपीएफ स्टाफ शामिल थे। अभियान के दौरान स्टेशन के बाहर जाने वाले रास्ते को घेराबंदी करके यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी यात्री बिना टिकट चेकिंग के स्टेशन से बाहर न जाए।




अभियान के दौरान कुल 10 यात्री गाड़ियों की जांच की गई, जिसमें 450 यात्रियों से लगभग 2 लाख 50 हजार रुपये का रेल राजस्व एकत्रित किया गया। कई यात्रियों को अनियमित टिकट के साथ और अनाधिकृत रूप से यात्रा करते हुए पकड़ा गया। रेलवे द्वारा यह जांच अभियान अवैध वेंडरों, ऑटो चालकों और प्लेटफार्म पर बिना टिकट घूम रहे लोगों के खिलाफ भी की गई।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने बताया कि यह अभियान आगामी दिनों में भी विभिन्न स्टेशनों पर जारी रहेगा। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि वे हमेशा उचित टिकट लेकर यात्रा करें और प्लेटफॉर्म पर प्रवेश के लिए टिकट होना आवश्यक है।

## बढ़ते अपराध पर रांझी थाने का घेराव आज

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव राजेश यादव ने बताया कि 22 मार्च को रांझी, गोकलपुर क्षेत्र में बढ़ते अपराध को लेकर रांझी थाने का घेराव किया जाएगा। क्षेत्र में लगातार लूट, चाकूबाजी, नशे का कारोबार फलफूल रहा है, परंतु रांझी पुलिस का रवैया उदासीन बना हुआ है, पुलिस संरक्षण में अवैध कारोबार बढ़ रहा है, जिसके विरोध में 22 मार्च को मध्यान्ह 12 बजे रांझी थाने का घेराव किया जाएगा। उपस्थिति की अपील राजेश यादव व कांग्रेसजनों ने की है।

## मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ किया प्रदर्शन

**जबलपुर।** एनएफआईआर/ डब्ल्यूसी आर एमएस के आव्हान पर **UPS/NPS** एवं मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ मण्डल रेल प्रबंधक प्रांगण में आयोजित विशाल धरना प्रदर्शन एवं गेट मीटिंग में बड़ी संख्या में कर्मचारीगण उपस्थित हुए। कर्मचारियों का हौसला बढ़ाने **WCRMS** के ओजस्वी महामंत्री अशोक शर्मा भी धरना स्थल पर पहुँचे। मण्डल सचिव डीपी अग्रवाल एवं मण्डल अध्यक्ष एसएन शुक्ला ने कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर प्रत्येक स्तर पर संघर्ष करते रहने की बात कही। सतीश कुमार ने **UPS/NPS** की खामियों को बताने का काम किया।

# मप्र हाईकोर्ट ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण संबंधी किसी मामले की सुनवाई न करे

## सुप्रीम कोर्ट द्वारा विवादित मुद्दे के निराकरण तक इस संबंध में कोई याचिका स्वीकार न करने के निर्देश

**जबलपुर।** ओबीसी आरक्षण मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट को महत्वपूर्ण निर्देश दिया है।सुको ने अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण से जुड़े किसी भी मामले में सुनवाई न करने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि जब तक इस विवादित मुद्दे का सुप्रीम कोर्ट द्वारा निराकरण नहीं कर दिया जाता, तब तक हाई कोर्ट कोई इस संबंध में कोई याचिका स्वीकार नहीं करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि प्रकरणों में विवादित मुद्दे को शीघ्रता से निराकृत किया जाएगा। इस बीच मप्र शासन कानून के अनुसार विज्ञापन जारी करके भर्तियां करने के लिए स्वतंत्र है। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की अगली सुनवाई 21 अप्रैल को होगी।दरअसल, मप्र शासन ने 2023 से 2025 तक लगभग एक सैकड़ा याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट ट्रांसफर की हैं। अधिकतर याचिकाओं में सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाई कोर्ट में की जा रही सुनवाई पर रोक लगा दी गई है। सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई के दौरान अपाक्स संघ की याचिका में वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व विनायक प्रसाद शाह वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े। उन्होंने दलील दी कि मप्र में सरकार 87 : 13 प्रतिशत के फार्मूले पर नियुक्ति दे रही है। इन मामलों में पारित अंतरिम आदेशों की महाधिवक्ता द्वारा गलत व्याख्या करके त्रुटिपूर्ण अभिमत जारी किया गया है। इस कारण हजारों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। वहीं मप्र सरकार की ओर से सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मप्र हाईकोर्ट आरक्षण के मामलो में निरंतर सुनवाई कर रहा है। इस कारण सुप्रीम कोर्ट में लंबित ट्रांसफर प्रकरण प्रभावित हो रहे हैं।

# 'कॉलेज चलो अभियान': विद्यार्थियों ने किया शहर के महाकोशल कालेज का भ्रमण

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल कॉलेज, जबलपुर में पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय, दमोह के विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक भ्रमण किया गया।

प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि 'कॉलेज चलो अभियान' 2025-26 के अंतर्गत केन्द्रीय विद्यालय, दमोह के ऐसे विद्यार्थी जिन्होनें ग्यारहवीं की परीक्षा देकर बारहवीं में प्रवेश हेतु तैयार है। ऐसे 28 विद्यार्थी दिनेश कुमार एवं श्रीमती आंकाक्षा सुयल के साथ महाविद्यालय में शैक्षणिक भ्रमण हेतु उपस्थित रहें।

इस भ्रमण में विद्यार्थियों ने कक्षाओं के साथ महाविद्यालय की कम्प्यूटर लैब, वाणिज्य विभाग, ओशो चेयर, ग्रंथालय, आउटडोर-इन्डोर स्टेडियम, कॅरियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ के साथ ही विद्या भवन का भ्रमण किया।




इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी, श्री ज्ञानेन्द्र सिंह सीईओ, डॉ. आर.के.गुप्ता, डॉ. विभा निगम के साथ प्रो. अरुण शुक्ल ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस अवसर पर डॉ. तृप्ति उकास, डॉ. संघप्रिया तिवारी,डॉ. बिजेन्द्र विश्वकर्मा, डॉ. नीलिमा, डॉ. शैलेन्द्र भवदिया, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. तरूणेन्द्र साकेत उपस्थित रहें।

## हाई कोर्ट ने पांचवीं अर्जी पर दे दिया जमानत का लाभ

# गुण-दोष के आधार पर जमानत निरस्त होने पर भी राहत संभव

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में साफ किया कि गुण-दोष के आधार पर जमानत अर्जी निरस्त होने पर भी नवीन तथ्यों के प्रकाश में राहत संभव है।जस्टिस विवेक जैन व जस्टिस आशीष श्रोती की डिवीजन बेंच ने इसी आधार पर आवेदक बैतूल निवासी रिंकू की पांचवीं अर्जी स्वीकार करते हुए जमानत का लाभ दे दिया। वह हत्याकांड में सेशन कोर्ट से उम्रकैद की सजा सुनाए जाने के बाद से विगत आठ वर्ष से जेल में बंद था।

आवेदक की ओर से अधिवक्ता सुशील कुमार तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आवेदक पर भीम नामक युवक की हत्या के प्रकरण में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। अभियोजन के अनुसार आवेदक सहित अन्य युवकों ने भीम पर फायर किया था। घटना में गोली लगने से भीम की मृत्यु हो गई थी। इस मामले में कुल सात आरोपितों में से पांच दोषमुक्त कर दिए गए थे, जबकि आवेदक और विनोद उर्फ जान नामक आरोपित को उम्रकैद की सजा सुना दी गई। मुख्य अभियुक्त होने के बावजूद पूर्व में विनोद को जमानत



मिल गई थी। जबकि आवेदक के सह अभियुक्त होने के बावजूद गुण-दोष के आधार पर जमानत अर्जी निरस्त की जा चुकी है। हालांकि पूर्व में वह अंतरिम जमानत का लाभ पाने के बाद समय पर हाजिर हो चुका है। इसके अलावा मामले में कुछ नए तथ्य रेखांकित हुए हैं। मसलन, यह सिद्ध नहीं हुआ था कि भीम की मृत्यु जिस बंदूक की गोली लगने से हुई, उसे आवेदक रिंकू ने ही फायर किया था। इस सिलसिले में कोई जब्ती आदि भी नहीं हुई है। कोर्ट ने इन तर्कों के आधार पर जमानत अर्जी मंजूर कर ली।

## बेलखेड़ा में स्कूली बच्ची से दुष्कर्म के मामले में पहचान उजागर करने का आरोप

**हाईकोर्ट ने डीजीपी, कलेक्टर, एसपी, बेलखेड़ा टीआई व डीईओ घनश्याम सोनी को नोटिस जारी कर मांगा जवाब**

दुष्कर्म पीड़िता की पहचान उजागर करने के मामले में हाईकोर्ट ने गम्भीरता दर्शाई। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने डीयरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस, पुलिस अधीक्षक, बेलखेड़ा टीआई और डीईओ को नोटिस जारी कर जवाब मांगा ।शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने याचिका दायर कर बताया कि विगत दिवस बेलखेड़ा थानांतर्गत मासूम बच्ची से उसी के शिक्षक द्वारा दुष्कर्म किया था। डीईओ ने नाबालिग पीड़िता की पहचान सार्वजनिक कर दी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अशोक कुमार गुप्ता ने दलील दी कि भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 72(1), POCSO अधिनियम की धारा 33(7), और किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 74 के तहत किसी भी दुष्कर्म पीड़िता की पहचान उजागर नहीं की जा सकती। याचिका में मांग की गई कि बेलखेड़ा थाने के टीआई और डीईओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। यह मांग भी की गई कि डीजीपी को यह निर्देश दिए जाएं।

**खबर संक्षेप**

### अन्य प्रदेशों की तरह मध्यप्रदेशवासियों को पेट्रोल मिले 95.06 रुपए प्रति लीटर

**जबलपुर।** मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने आज मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश को पत्र लिखा कि मध्यप्रदेश में पेट्रोल का रेट 107.37 प्रति लीटर है और अन्य राज्य उत्तरप्रदेश, दिल्ली, पंजाब में 95.06 रुपए प्रति लीटर, सभी प्रदेशवासियों को अन्य राज्यों की तरह सस्ता पेट्रोल दिया जाए। उक्त पत्र राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष), एड. भावना निगम, डॉ. अभिषेक जैन, एड. आशीष त्रिपाठी, एड. रोशन मंध्यानी, एड. अंकित मिश्रा, डॉ. आशीष डेंगरा, डॉ. प्रशांत जैन, एड. आशुतोष चतुर्वेदी, एड. साक्षी भारद्वाज, एड. विवेक शुक्ला, कमरूल इस्लाम ख़ान द्वारा भेजा गया।

### माँ कर्मा देवी की 1009वीं जयंती 25 मार्च को मनाई जाएगी

**जबलपुर।** श्री माँ कर्मा साहू युवा संस्था ने बताया कि साहू समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि माँ कर्मा देवी की 1009वीं जयंती 35वें वर्ष 25 मार्च को शाम 06 बजे से मानस भवन राइट टाउन स्टेडियम के पास हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। इस संबंध में संस्था कार्यालय गंजीपुरा चौक में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें माँ कर्मा जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में संस्था अध्यक्ष दीपक साहू, अनिल साहू, रमेश साहू, सुनील साहू, लखनलाल साहू, योगेन्द्र साहू, सतीश साहू, राजकुमार साहू, धीरज साहू, गगन साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। संस्था अध्यक्ष दीपक साहू ने साहू समाज के समस्त सदस्यों से उपस्थित होकर पुण्य लाभ लेने का आग्रह किया है।

### वाल्मीकि समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 23 को

**जबलपुर।** वाल्मीकि समाज जबलपुर के तत्वावधान में युवक-युवती परिचय सम्मेलन 23 मार्च को संस्कृति थियेटर भंवरताल गार्डन में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में प्रदेश भर से युवक-युवतियां शामिल होंगे। कार्यक्रम के दूसरे चरण में समाज के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, वरिष्ठ समाजसेवियों का अभिनंदन तथा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सम्मेलन के उपरांत शीघ्र ही समाज के हित में एक निःशुल्क सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने का आग्रह वाल्मीकि समाज के अध्यक्ष रूपकिशोर चौहान, दिनेश मछंदर, राजेन्द्र पथरौल सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी बलराम वाल्मीकि, गोविंद कुमार डागौर, धर्मदास बघेल, राजेश मट्टू, शंभू कछवाहा, जीत महरोलिया, अमित सुलेमान, देवकरण चंदेल, किशोर मेहरोलिया, दुर्गेश गुहेरा आदि ने किया है।

# शीतला अष्टमी का पर्व आज

## बासे पकवानों का लगेगा भोग

**जबलपुर।**



शीतलाअष्टमी पर्व आज मनाया जाएगा। इसके पूर्व शीतला सप्तमी का पूजन किया गया। भक्तों ने शीतलामाई को मीठे चावल के नैवेद्य अर्पित किए। हिन्दू पंचांग के अनुसार, प्रत्येक वर्ष चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को माता शीतला की पूजा का विधान है। इसे शीतला सप्तमी और बसौरा अष्टमी भी कहा जाता है। बसौरा शीतला माता को समर्पित लोकप्रिय त्यौहार है। ये पर्व होली के आठवें दिन मनाया जाता है।

मान्यता के अनुसार इस दिन पूजा के समय माता शीतला को पर मीठे चावलों का भोग लगाया जाता है। ये चावल गुड़ या गन्ने के रस से बनाए जाते हैं। खासतौर पर इस दिन माँ शीतला को बासी पकवानों का भोग लगाया जाता है खुद भी बासा और ठंडा भोजन किया जाता है। इस दिन पूरे विधिविधान के साथ पूजा करने से बीमारियों से मुक्ति मिलती है और घर में सुख शांति बनी रहती है। इस के साथ ही आज शीतला अष्टमी 22 मार्च को भी बसौरा की पूजा विधि की धूम रहेगी। शीतला सप्तमी, अष्टमी की पूजा के दिन जो बातें शास्त्र वर्णित है उसके अनुसार साधक सुबह स्नान कर साफ वस्त्र धारण करें। पूजा के दौरान हाथ में फूल, अक्षत, जल और दक्षिणा लेकर व्रत का संकल्प लें। माता को रोली, फूल, वस्त्र, धूप, दीप, दक्षिणा और बासा भोग अर्पित करे। शीतला माता को दही, रबड़ी, चावल आदि चीजों का भी भोग लगाएं, तत्पश्चात पूजा के समय शीतला स्त्रोत का पाठ करें और पूजा के बाद आरती जरुर करें। पूजा करने क बाद माता को भोग खाकर व्रत खोलें।

### हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी हेतु बैठक 23 एवं 24 को

सिहोरा। हिन्दू उत्सव समिति सिहोरा खितौला के तत्वावधान में हर वर्ष हनुमान जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है इस वर्ष यह आयोजन 12 अप्रैल को होना है। कार्यक्रम की भव्यता को इस वर्ष भी निरंतर रखने के लिए एक वृहद बैठक सिहोरा एवं खितौला में आयोजित की गई है। तैयारियों की समीक्षा हेतु बैठक खितौला में 22 मार्च शनिवार को राधा कृष्ण मंदिर खितौला बाजार में शाम 8 बजे एवं सिहोरा 23 मार्च रविवार शाम 8 बजे शक्ति संस्थान प्रांगण आर एस एस कार्यालय के सामने आयोजित की गई है। सभी हनुमान भक्तों से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में दोनों बैठकों में शामिल होने की अपील की गई है।



# संभागायुक्त को 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर।** महाकौशल जन प्रतिनिधि विचार मंच के तत्वावधान में शहर की एनईएस (न्यू एजुकेशन सोसायटी) में हो रही मनमानी, भाई-भतीजावाद एवं भ्रष्टाचार की जाँच हेतु संभागायुक्त अभय वर्मा के नाम 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया गया, जिसमें प्रमुख रूप से संस्था की जमीनों को बेचने की मांग, एन.ई.एस. स्कूल एवं कॉलेज में छात्रों की संख्या में लगातार कमी, संस्था के पदाधिकारियों की आपसी साठगांठ करके संस्था के पदाधिकारियों को ही संस्था की स्कूल बिल्डिंग के निर्माण का ठेका देने की मांग, एन.ई.एस. स्कूल एवं कॉलेज से सेवानिवृत्त कर्मचारियों का फंड एवं एरियर्स की राशि को रोककर प्रताड़ित करने जाँच की मांग, एन.ई.एस. सोसायटी में केन्द्र सरकार द्वारा बनाए गए सूचना के अधिकार (आर.टी.आई.) का खुलेआम उल्लंघन हो रहा उसकी जाँच की जाए, एन.ई.एस. साईंस कॉलेज के प्रांगण में निवासरत रहवासियों को कंजरवेंसी बंद करके परेशान करने की जाँच की माँग को लेकर संभागायुक्त अभय वर्मा के कार्यालय अधीक्षक क्लैमेंट मार्टिन को ज्ञापन प्रेषित कर चर्चा की गई और उनसे मांग की गई कि शीघ्र अतिशीघ्र शासन द्वारा कमेटी गठित कर एन.ई.एस. (न्यू एजुकेशन सोसायटी) में हो रहे भ्रष्टाचार एवं आम जनता के गाढ़ी कमाई के पैसों की जो होली एन.ई.एस. द्वारा खेली जा रही है उस पर विराम लगाया जाये। इस अवसर पर महाकौशल जनप्रतिनिधि विचार मंच जबलपुर के विजय कांडा, राजेन्द्र चौधरी, दलवीर सिंह जस्सल, रूपलाल यादव, दीपक सिंह राजपूत, संजय वर्मा, कृष्णा गुप्ता, अंकित द्विवेदी, पिंकी ठाकुर, अशोक कुमार सेठी एवं अशोक प्रजापति सहित संस्था से जुड़े अनेक सामाजिक जागरूक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



# विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर।** विश्व जल दिवस के अवसर पर जबलपुर जिले की कुंडम ब्लाक में टिकारिया गाँव में जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से लोक कल्याण भूमिका समिति द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण और जल संसाधनों के सतत प्रबंधन के महत्व के बारे में जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान समुदाय के सदस्यों को जल संरक्षण के महत्व और इस कृषि एवं आजीविका पर प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई। यह पहल एसबीआई ग्राम सक्षम कार्यक्रम का हिस्सा है, जो ग्रामीण क्षेत्रों वाटरशेड विकास और सतत जल प्रबंधन प्रथाओं को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।एसबीआई फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक संजय प्रकाश के मार्गदर्शन में ग्राम सक्षम पहल ने क्षेत्र में जल सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# कर्मचारियों की लंबित मांगों के निराकरण हेतु सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि आज कर्मचरियों की लम्बे समय से पड़ी लम्बित मांगों के निराकरण हेतु कमिश्नर कार्यालय जबलपुर संभाग जबलपुर में पदस्थ अरविंद यादव संयुक्त आयुक्त विकास को मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन भोपाल के नाम कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के निराकरण हेतु एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यतः नवनियुक्त कर्मचारियों की 70, 80, 90 प्रतिशत वेतन के स्थान पर नियुक्ति दिनांक से पूर्ण वेतन देने हेतु, मंत्रालय की भांति लिपिकों को समयमान वेतनमान का लाभ, समस्त विभागों के स्टेनोग्राफरों का वेतनमान एक समान कर 3600 ग्रेड पे (लेवल-9) के आधार पर किये जाने, गृह भाड़ा भत्ता सातवें वेतनमान के अनुसार दिए जाने, शिक्षकों को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता, सहायक शिक्षकों को चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ दिये जाने, एन.सी. सी. कार्यालय में पदस्थ लिपिकों को समयमान वेतनमान में लेखा प्रशिक्षण उत्तीर्ण करने की बाध्यता समाप्त किए जाने इत्यादि प्रमुख मांगों को शीघ्र पूर्ण किये जाने हेतु संगठन के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राबर्ट मार्टिन, ज़ियाउर्रहीम, हेमन्त ठाकरे, शहीर मुमताज, दिनेश गौंड़, राकेश श्रीवास, आदि ने ज्ञापन सौंपकर मांग की है।





### अग्रवाल सभा के त्रिवार्षिक चुनाव का जनसंपर्क प्रारंभ

**जबलपुर।** जबलपुर अग्रवाल सभा के त्रिवार्षिक चुनाव होने जा रहे हैं जिसमें दो टीम घोषित हुई हैं इसमें से एक बाबा पैनल ने आज सदर, गोराबाजार, बरेला आदि में जनसंपर्क किया और सभी सदस्यों से आश्वासन मिला कि बब्बा जी पैनल को भारी मतों से जिताना है। गोराबाजार, सदर बाजार, बरेला, तिलहरी में बाबा जी पैनल सदस्यों ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बाबा जी पैनल के कैलाश चंद अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, सुंदरलाल अग्रवाल, गोराबाजार से शिव प्रसाद अग्रवाल, डॉ. राजेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, ब्रजेश अग्रवाल, धीरज अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, श्रद्धा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, शालू अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, निशा अग्रवाल सहित समस्त अग्रवाल बंधु उपस्थित रहे।

# जेसीसीसी में रंगारंग समारोह में नव प्रवेशित छात्रों का हुआ स्वागत

**जबलपुर।**



जबलपुर कॉलेज ऑफ कम्प्यूटर्स एण्ड कम्युनिकेशन के बीकॉम, बीबीए, बीसीए एवं एम कॉम के प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए रंगारंग स्वागत समारोह होटल समदड़िया में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में सरस्वती पूजन किया गया, तत्पश्चात द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने तिलक लगाकर नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की चेयर पर्सन अर्पणा शुक्ला, महाविद्यालय के डायरेक्टर्स बम्लेश्वर राव ने अपने उद्बोधन में छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सदैव सच्चाई व ईमानदारी के रास्ते पर चलकर अपने परिवार व महाविद्यालय का नाम रोशन करने की बात कही। कार्यक्रम का आयोजन सांस्कृतिक प्रभारी आयुषी गौतम के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी स्टाफ पूनम श्रीवास, वर्षा झारिया, हर्षित सक्सेना, साक्षी विश्वकर्मा, सोमेश अग्रवाल, स्नेहलता, चिलमाई, महेन्द्र कुशवाहा, पल्लवी, नेहा आदि उपस्थित रहे। इस मौके पर मिस फ्रेशर तनु शर्मा को तथा मिस्टर फ्रेशर अमित साकेत को चुना गया। बेस्ट लुक मेल शिवांशु दीक्षित तथा फीमेल रिया मेहरा रहे। पलक, स्नेहा, कुमकुम, हिमांशी, प्रियंका, अमित, शीमोन, पवन, मिताली, पुष्पराज, कृष्णा, अलिशा, गगन, रुक्मणी की प्रस्तुति ने कार्यक्रम को आकर्षित बनाया।

# मुस्लिम विकास परिषद ने कराया तीसरा रोज़ा अफ्तार



**जबलपुर।** मुस्लिम धर्मावलंबियो के पवित्र माह रमजान के चलते मप्र मुस्लिम विकास परिषद की जबलपुर यूनिट द्वारा मदार टेकरी दारूल उलूम स्थित काजिया कॉन्वेंट स्कूल में तीसरा रोजा अफ्तार का आयोजन किया गया। चौथा रोजा अफ्तार शीर्घ ही आयोजित किया जायेगा। परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी के संयोजन में तथा किड्स फाउंडेशन के रियाज राइन, शायर शेख निजामी, पत्रकार अशफाक आरिफ़, समाजसेवी इस्तियाक अंसारी, फैजान क़ुरैशी, इरफान कुरैशी, जावेद मिर्जा, गुलाम साबरी, डॉ. निसार अंसारी की अतिथि में आयोजित तीसरे अफ्तार में रोजेदारों ने सामुहिक रूप से अफ्तार कर मगरिब की नमाज अदा की और देश में अमन शांति, खुशहाली और तरक्की की दुआएं की। रोजा अफ्तार में मुस्लिम विकास परिषद के जावेद राइन, शाहिद कुरैशी, तारिक कुरैशी, जिया उल हक अंसारी, इकबाल चांद खां, अशरफ कुरैशी, मेहताब अली, लियाकत जावेद, खालिद कुरैशी, मुज्जफर कुरैशी, साजिद काजी, गुलाम किबरिया, अलीम मंसूरी, एड. निसार अंसारी, अहमद रजा, इस्लाम अली, नोशाद खलीफा, ताहिर खोकर, हाशिम राजा, अब्दुल बाकी खान, अशरफ शिराजी, मुख्तार अंसारी, मुजीब अंसारी, मुनीर अंसारी, निसार मंसूरी, सोहेल खान, असीम राजा आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



# शक्तिपुत्र महाराज के आगमन पर शिष्यों ने की पुष्प वर्षा

**सिहोरा।** धर्मरक्षा राष्ट्ररक्षा एंव मानवता की सेवा के लिए विश्वव्यापी अभियान चलाने वाले भगवती मानव कल्याण संगठन एंव पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम मऊ के संचालक परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र महाराज का सड़क मार्ग से सिहोरा आगमन हुआ जहां भक्तों ने भव्य आगवानी कर उनका स्वागत किया।

**पुराने बस स्टेंड में आयोजन-** ग्राम पंचायत खुड़ावल,लालपुरा,गौरहा,मझौली, टिकरिया, गुरजी, घुटना, अतरिया कला, सिहोरा, खितौला, खलरी, महगवां, मझगंवा, घाट सिमरिया, खागामऊ सहित अनेक ग्रामों से बड़ी संख्या में पहुंचे गुरुदेव के अनुयायियों ने पुराने बस स्टेंड में सड़क किनारे फूल बिछाकर आगवानी की। आगमन पर सभी ने जमकर नारेबाजी की तथा पुष्प वर्षा के साथ गुरुजी का स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# संत अनिरुद्धाचार्य के साथ बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडे ने किया यज्ञ स्थल का निरीक्षण

## रिंवझा में होगा लक्ष्मी नारायण महायज्ञ



**सिहोरा।** भारत के महान कथावाचक संत अनिरुद्धाचार्य जी महाराज के सानिध्य में आगामी मई माह में उनके ग्रह ग्राम रिंवझा में होने वाले श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं भागवत कथा के स्थल चयन हेतु निरीक्षण करने पहुंचे महाराज जी ने बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पांडे,पाटन विधायक अजय विश्नोई,दिनेश चौरसिया सहित अनेक शिष्यों के साथ यज्ञ स्थल का निरीक्षण किया तथा शिष्यों से यज्ञ की तैयारी प्रारंभ करने को कहा।

### ग्रामवासियों ने किया स्वागत

विदित हो महाराज जी बृंदावन में मानव कल्याण हेतु कथा के साथ अनेक कार्यक्रम लगातार आयोजित कर रहे हैं इसलिए अपनी भागवत कथा से समय निकालकर उनका अपने ग्रह ग्राम रिंवझा में आगमन हुआ था। काफी समय के बाद गांव पहुंचने पर महाराज जी का सभी ग्रामवासियों शिष्यों ने भव्य आत्मीय स्वागत किया।

### रिंवझा में पहली बार आयोजित होगा यज्ञ

महाराज जी ने जानकारी देते हुए बताया कि रिंवझा हमारी जन्मस्थली है और यहां लगभग 60 वर्षों में कभी यज्ञ का कोई आयोजन नही हुआ इसलिए उनकी भी जन्मभूमि में एक यज्ञ कराने की इच्छा थी परन्तु संयोग नही बन पा रहे थे। गत माह बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पांडे जब हमारे गौरी गोपाल आश्रम पहुंचे तो उन्होंने सिहोरा में यज्ञ करने का आग्रह किया जिसके फलस्वरूप इस आयोजन का निश्चय हो गया।

### यज्ञ में दक्षिण भारत से पहुचेंगे यज्ञाचार्य

संत अनिरुद्धाचार्य ने बताया इस धार्मिक अनुष्ठान में दक्षिण भारत के प्रसिद्ध यज्ञाचार्यों द्वारा आहुतियां दी जाएगी तथा श्रद्धालुओं के लिए पंडाल, भोजन, पार्किंग, विद्युत प्रकाश आदि व्यवस्थाओं पर भी शिष्यों से चर्चा की इस अवसर पर नीलू बाजपेई,अमित दीक्षित सहित अनेक शिष्य एंव ग्रामवासी उपस्थित थे।

**मंडला जिला अक्टूबर 2024 से लगातार पहले स्थान पर**

# मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के सभी जिलों को सीएम हेल्पलाइन ग्रेडिंग में A ग्रेड

**जबलपुर।**

मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन ग्रेडिंग एवं रैंकिंग फरवरी-2025 में कंपनी के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों को A ग्रेडिंग प्राप्त हुई है। यह सफलता कंपनी की उत्कृष्ट सेवा, तत्परता और उपभोक्ताओं की समस्याओं के शीघ्र समाधान की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

विशेष रूप से मंडला जिला अक्टूबर 2024 से लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान बनाए हुए है, जो कंपनी की गुणवत्ता और जनसेवा के प्रति समर्पण को दर्शाता है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए पूरी टीम को पूर्व क्षेत्र कंपनी के प्रबंध संचालक द्वारा बधाई दी गई।

मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार लाने और उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निवारण करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। यह सफलता मध्य प्रदेश सरकार के प्रयासों और विद्युत सेवाओं के निरंतर सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई है। इस उपलब्धि से प्रदेशवासियों को और भी बेहतर विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराने के संकल्प को मजबूती मिली है। कंपनी उपभोक्ताओं को सुविधाजनक सेवाएं देने और उनकी शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत है।




**श्रीमति नीलेश सक्सेना-** दत्त मंदिर के पीछे गोलबाजार निवासी स्व. श्री विशन स्वरुप सक्सेना की पत्नी श्रीमति नीलेश सक्सेना का निधन हो गया है। आप प्रफुल्ल, प्रभात, राहुल सक्सेना की मां थी। उनकी अंतिम यात्रा आज 22 मार्च शनिवार को प्रातः 10 बजे गौरीघाट जाएगी।



**श्री रीतेश साहू-** मांडवा बस्ती रामपुर निवासी श्री बुद्धू लाल साहू के पुत्र श्री रीतेश साहू (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दिलीप विश्वकर्मा-** बढ़ई मोहल्ला फूटाताल निवासी श्री दिलीप विश्वकर्मा (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती माधवी सोनी-** पंसारी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री किशोरी लाल सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती माधवी सोनी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश चौधरी-** तुलसीदास का बगीचा दमोहनाका निवासी श्री रामनाथ चौधरी के पुत्र श्री राजेश चौधरी (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री नंदन कुमार-** नया मोहल्ला मढ़ाताल निवासी श्री नंदन कुमार (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बल्देव राय-** कटंगा टीवी टावर के पास केंट निवासी श्री बल्देव राय (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राम बाई केसरवानी-** रामनगर रामपुर निवासी श्री राम सेवक केसरवानी की धर्मपत्नी श्रीमती राम बाई केसरवानी (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अजय यादव-** दुर्गा नगर रामपुर निवासी श्री कैलाश यादव के पुत्र श्री अजय यादव (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सुरेश कुमार चौबे-** बजरंग नगर करमेता निवासी श्री सुरेश कुमार चौबे (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जयलक्ष्मी मलिक-** सदर निवासी श्री जग्गू मलिक की धर्मपत्नी श्रीमती जयलक्ष्मी मलिक (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री श्याम लाल शर्मा-** न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री श्याम लाल शर्मा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रेम लाल गुप्ता-** रांझी गणेशगंज निवासी श्री प्रेम लाल गुप्ता (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

# अब जीएसटी चोरी करना पड़ेगा भारी, 1 अप्रैल से लागू हो रहा है 'आईएसडी' नियम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत सरकार ने गुड्स एंड सर्विस टैक्स के नियमों में काफी बदलाव किया है। इसके तहत 1 अप्रैल 2025 से इनपुट सर्विस डिस्ट्रीब्यूटर (आईएसडी) सिस्टम लागू होने जा रहा है।

- राज्यों के बीच राजस्व का सही विभाजन सुनिश्चित करना

इस सिस्टम का मुख्य उद्देश्य राज्यों के बीच टैक्स रेवेन्यू का सही डिस्ट्रीब्यूशन सुनिश्चित करना है। इसकी मदद से राज्य सरकारें एक ही जगह पर दी जा रही शेयर्ड सर्विसेज पर उचित मात्रा में टैक्स वसूल करेंगी। आईएसडी मैकेनिज्म को लागू करने के लिए 2024 के फाइनेंस एक्ट के तहत सेंट्रल जीएसटी एक्ट में संशोधन किया गया है। यह मैकेनिज्म उन व्यवसायों को सुविधा देता है जो कई राज्यों में संचालित होते हैं। इसके तहत व्यवसाय अपनी एक हेडक्वार्टर में कॉमन इनपुट सर्विस के इनवॉइस को सेंट्रलाइज कर सकते हैं।

## इनपुट सर्विस डिस्ट्रीब्यूटर सिस्टम लागू होने जा रहा

### नए नियम क्या है

पहले बिजनेस करने वालों के पास कॉमन आईटीसी को अपने अन्य जीएसटी रजिस्ट्रेशन में आवंटित करने के लिए दो ऑप्शन थे। इसमें दो ऑप्शन यह थे कि आईएसडी मैकेनिज्म या क्रॉस-चार्ज मेथड, लेकिन अब 1 अप्रैल 2025 से आईएसडी का इस्तेमाल न करने पर रेसिपिएंट लोकेशन के लिए आईटीसी नहीं दी जाएगी। अगर आईटीसी का गलत वितरण होता है तो टैक्स अथॉरिटी ब्याज सहित राशि वसूल करती है। इसके साथ ही अनियमित वितरण के लिए जुर्माना भी लगेगा, जो आईटीसी की राशि या 10 हजार रुपए से भी अधिक होगा।




### इनपुट टैक्स क्रेडिट का प्रॉफिट

इनपुट टैक्स क्रेडिट यह वो टैक्स होता जो व्यवसाय अपनी खरीद पर चुकाते हैं। इसे आउटपुट टैक्स से घटाया जा सकता है, जिससे व्यवसाय की कुल जीएसटी देनदारी कम हो जाती है। नए नियमों के तहत आईएसडी सिस्टम का इस्तेमाल होना अनिवार्य होगा जिससे आईटीसी का सही वितरण हो सके।

### जीएसटी सिस्टम अधिक व्यवस्थित होगा

यह बदलाव जीएसटी सिस्टम को और अधिक व्यवस्थित करने की दिशी में एक और बड़ा कदम है। आईएसडी सिस्टम से न केवल राज्यों के बीच टैक्स रेवेन्यू वितरण होगा, बल्कि व्यवसायों को भी अपनी टैक्स देनदारियों को बेहतर तरीके से प्रबंधित करने में मदद मिलेगी। यह कदम टैक्स की चोरी रोकने और सिस्टम में पारदर्शिता लाने के लिए काफी अच्छी साबित होगी।

## खबर संक्षेप

### हीरो मोटाकॉर्प खरीदेगी यूलर मोटर में हिस्सेदारी




**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी दोपहिया वाहन कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने कहा कि उसने 525 करोड़ रुपये में यूलर मोटर्स में 32.5 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करके इलेक्ट्रिक तिपहिया खंड में कदम रखा है। निदेशक मंडल ने यूलर मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड में एक या अधिक किस्तों में 525 करोड़ रुपये तक के रणनीतिक निवेश को मंजूरी दी है।

### सेवा निर्यात 450 अरब डॉलर पहुंचाने का लक्ष्य : गोयल



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने देश के सेवा निर्यात की अच्छी वृद्धि का जिक्र करते हुए कहा कि इस क्षेत्र को अगले वित्त वर्ष में वस्तु निर्यात को पीछे छोड़ते हुए 450 अरब डॉलर तक पहुंचने का लक्ष्य रखना चाहिए। गोयल ने यह स्वीकार किया कि मौजूदा वैश्विक स्थिति में वस्तु व्यापार को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

### पीएसपीसीएल ब्याज समेत राशि लौटाएगा




**नई दिल्ली।** विद्युत अपीलीय न्यायाधिकरण ने तलवंडी साबो पावर लिमिटेड को 78 करोड़ रुपये वापस करने का पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड को निर्देश दिया है। तलवंडी साबो पावर लिमिटेड ने कहा कि अपीलीय न्यायाधिकरण ने पीएसपीसीएल को लागू ब्याज का भुगतान करने का भी निर्देश दिया गया है, जो लगभग 180 करोड़ रुपये है।

### फिजिक्सवाला का आईपीओ लाने दस्तावेज दाखिल

PHYSICS WALLAH

**नई दिल्ली।** शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी फिजिक्सवाला ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष गोपनीय मार्ग से दस्तावेज का मसौदा दाखिल किया है। इस गोपनीय मार्ग से कंपनी को 'ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस' के तहत विवरणों की सार्वजनिक तौर पर जानकारी नहीं देनी होती।

### नगरीय निकाय बांड पर वेबसाइट लाया एनएसई



**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने देश में बांड बाजार की विश्वसनीयता और दृश्यता बढ़ाने के लिए स्थानीय निकाय बांड को समर्पित एक वेबसाइट पेश करने की शुक्रवार को घोषणा की। यह वेबसाइट बाजार प्रतिभागियों के लिए एक केंद्रीकृत केंद्र के रूप में काम करेगी।

### जिंदल स्टेनलेस के सीएफओ मंत्री ने दिया इस्तीफा

JSL JINDAL STAINLESS

**नई दिल्ली।** जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) ने कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी (समूह) अनुराग मंत्री के अपने पद से इस्तीफा देने की शुक्रवार को घोषणा की। जेएसएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वह चार अप्रैल 2025 को कामकाजी समय समाप्त होने के बाद से कार्यकारी निदेशक और समूह के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) के पद से मुक्त हो जाएंगे। इसमें कहा गया, मंत्री ने नए पेशेवर अवसरों की तलाश के लिए इन पदों से इस्तीफा दिया है।

## सेबी के सदस्य नारायण ने कहा, सोशल मीडिया प्रभावित करने की क्षमता रखता है

# सेबी ने पिछले साल 70 हजार भ्रामक सोशल मीडिया पोस्ट और खाते हटाए

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण जी ने शुक्रवार को कहा कि पिछले साल 'फिन-इन्फ्लुएंसर' ढांचे के क्रियान्वयन के बाद से सोशल मीडिया मंचों के साथ परामर्श कर 70,000 भ्रामक खाते और 'पोस्ट' हटाए गए हैं।

सोशल मीडिया पर वित्तीय मामलों में लोगों को प्रभावित करने की क्षमता रखने वालों को फिन-इन्फ्लुएंसर कहते हैं। नारायण ने बताया कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा शेयर बेचने की चिंताओं के बीच कुल मिलाकर निवेश प्रवाह उतना बुरा नहीं है, जितना सोचा गया था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत में एफआईआई का निवेश जारी है।

### सोशल मीडिया कंपनियों के साथ काम जारी है

नारायण ने कहा कि अपंजीकृत निवेश सलाहकार और शोध विश्लेषक एक "खतरा" हैं, जो निवेश में बढ़ती रुचि का फायदा उठा रहे हैं। उन्होंने यहां पंजीकृत निवेश सलाहकारों द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, " अक्टूबर 2024 से सेबी ने 70,000 से अधिक भ्रामक खातों/'पोस्ट' को हटाने के लिए सोशल मीडिया कंपनियों के साथ काम किया है।"

### सलाहकारों की मदद मांगी

सेबी के पूर्णकालिक सदस्य ने कहा कि उन्होंने अनुपालन सुनिश्चित करने में सलाहकारों की मदद मांगी। उन्होंने साथ ही सेबी-पंजीकृत संस्थाओं की पहचान करने में मदद के लिए यूपीआई 'पेराइट' खाते और इस दिशा में सेबी के प्रयासों के रूप में वैकल्पिक केंद्रीकृत शुल्क संग्रह तंत्र का उल्लेख किया।




### अधिग्रहण मानकों से संबंधित ऑनलाइन पोर्टल हुआ अनिवार्य

बाजार नियामक सेबी ने कहा कि 'अधिग्रहण विनियम" के तहत शेयर अधिग्रहण में कुछ छूट से संबंधित रिपोर्ट ईमेल और हाल ही में जारी मध्यस्थ पोर्टल दोनों के जरिये पेश की जा सकती हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि यह दोहरी प्रस्तुति प्रणाली अभी से 14 मई, 2025 तक ही लागू रहेगी। इसके बाद रिपोर्ट रखने के लिए केवल ऑनलाइन पोर्टल का ही इस्तेमाल किया जाएगा।

- भारत में एफआईआई का निवेश जारी है
- अपंजीकृत निवेश सलाहकारों से निवेशकों को खतरा है
- फिन-इन्फ्यूएंसर बढ़ती निवेशकों की रूचि का फायदा उठा रहे

### पांच वर्षों में 54 अरब डॉलर का विदेशी प्रवाह रहा

नारायण ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में शेयर और ऋण में 54 अरब अमेरिकी डॉलर का विदेशी प्रवाह देखा गया है, जो पिछले पांच वर्षों के 19 अरब अमेरिकी डॉलर से बहुत अधिक है। उन्होंने कहा कि विदेशी निवेशकों की रुचि बनाए रखने के लिए निरंतर वृद्धि, व्यापक आर्थिक स्थिरता और कामकाज का उचित माहौल देने की जरूरत है।

**एफपीआई के पास 62 लाख करोड़ ऋण थे :** सेबी के सदस्य ने कहा कि फरवरी 2025 तक एफपीआई के पास भारतीय शेयर में 62 लाख करोड़ रुपये या 700 अरब डॉलर से अधिक और ऋण के रूप में करीब 5.9 लाख करोड़ रुपये या 68 अरब डॉलर थे।

### एफपीआई की निकासी उतनी बुरी नहीं

वाणिज्यिक बैंकर से नियामक बने नारायण ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) की निकासी पर कहा कि स्थिति उतनी बुरी नहीं है, लेकिन " हमें आत्मसंतुष्ट नहीं होना चाहिए, क्योंकि भारत को विदेशी बचत की आवश्यकता है।"




## ओला इलेक्ट्रिक ने 40 फीसदी लंबित आपूर्ति मामले निपटाए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- बची आपूर्ति को मार्च अंत तक पूर्ण कर लिया जाएगा
- फरवरी में 25 हजार दोपहिया वाहन बेचे

ओला इलेक्ट्रिक ने बिक्री आंकड़ों में विसंगतियों पर शुक्रवार को कहा कि फरवरी में आपूर्तिकर्ताओं के साथ बातचीत जारी होने से पैदा हुई लंबित आपूर्ति में से 40 प्रतिशत मामलों का निपटारा कर दिया गया है। साथ ही शेष आपूर्ति भी मार्च के अंत तक कर दी जाएगी।

कंपनी ने कहा कि फरवरी में उसकी बिक्री अच्छी रही थी और उसका ध्यान मार्च के अंत तक सभी लंबित आपूर्ति का निपटान करने पर केंद्रित है। ओला इलेक्ट्रिक ने पहले कहा था कि उसने फरवरी में 25,000 इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बेचे हैं। हालांकि सरकार के 'वाहन पोर्टल' पर ओला इलेक्ट्रिक के सिर्फ 8,651 स्कूटरों का ही पंजीकरण हुआ है। 'वाहन पोर्टल' पर 20 मार्च तक कंपनी के पंजीकृत वाहनों की संख्या 11,781 थी। कंपनी ने इस विसंगति से पैदा हुए विवाद के बीच कहा, "फरवरी में अस्थायी विलंब का कारण वाहन पंजीकरण के लिए जिम्मेदार हमारे आपूर्तिकर्ताओं के साथ जारी बातचीत थी।"

### लंबित आपूर्ति तेजी से निपटाई जा रही

ओला इलेक्ट्रिक ने कहा, "इस लंबित आपूर्ति को तेजी से निपटाया जा रहा है, दैनिक पंजीकरण हमारे तीन महीने के दैनिक बिक्री औसत के 50 प्रतिशत से अधिक है। फरवरी की लंबित आपूर्ति में से करीब 40 प्रतिशत का पहले ही निपटारा हो गया है और शेष का मार्च 2025 के अंत तक निपटान कर दिया जाएगा।"

### निहित स्वार्थों ने बदनाम किया

कंपनी ने बिक्री आंकड़ों में विसंगतियों पर कहा, "यह साफ तौर पर अस्थायी पंजीकरण लंबित मामलों से जुड़ा हुआ है। फिर भी निहित स्वार्थों ने इसे गलत सूचना और बदनाम करने वाले अभियान के जरिये जानबूझकर नियामकीय मुद्दे के रूप में पेश किया है।"

## शेयर बाजार में पांचवें दिन जारी रही तेजी

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- सेंसेक्स 557 अंक और निफ्टी में 160 अंकों का रहा उछला
- विदेशी कोषो ने जमकर की बिकवाली

विदेशी कोषों की लिवाली और बैंक शेयरों में बढ़त के दम पर घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार पांचवें दिन बढ़त के साथ बंद हुए। प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स में 557 अंक और निफ्टी में 160 अंक की तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 557.45 अंक उछलकर 76,905.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 693.88 अंक बढ़कर 77,041.94 पर पहुंच गया था। इसी तरह निफ्टी 159.75 अंक प्रतिशत चढ़कर 23,350.40 अंक पर बंद हुआ।

विशेषज्ञों ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने इस साल दो बार ब्याज दरों में कटौती की बात कही है। इससे घरेलू बाजार में आशावाद फिर से जग गया है। सेंसेक्स के शेयरों में एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, नेस्ले, लार्सन एंड टूब्रो, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड और जोमैटो लाभ में रहे। दूसरी ओर इन्फोसिस, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन और बजाज फिनसर्व में गिरावट हुई। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 3,239.14 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

### पांच दिन में पूंजी 22.12 लाख करोड़ बढ़ी

घरेलू शेयर बाजार में लगातार पांच दिनों से जारी तेजी के बीच बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के कुल बाजार पूंजीकरण में 22.12 लाख करोड़ रुपये की जोरदार बढ़त दर्ज की गई है। तेजी के इस दौर में बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 22,12,191.12 करोड़ रुपये बढ़कर 4,13,30,624.05 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

## अदाणी एनर्जी को 2800 करोड़ रुपए की परियोजना मिली...



**नई दिल्ली।** अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने गुजरात में 2,800 करोड़ रुपये की बिजली पारेषण परियोजना मिलने की शुक्रवार को घोषणा की। एईएसएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वह गुजरात के मुंद्रा में हरित हाइड्रोजन और हरित अमोनिया के निर्माण के लिए हरित इलेक्ट्रॉन की आपूर्ति करेगी। कंपनी का चालू वित्त वर्ष 2024-25 में मिला यह छठा ठेका है, जिससे इसकी ऑर्डर बुक 57,561 करोड़ रुपये पर पहुंच गई है। एईएसएल ने शुल्क-आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) प्रक्रिया के तहत परियोजना हासिल की। पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड बोली प्रक्रिया की समन्वयक थी।

## सोना 400 रुपए टूटकर 91,250 पर, चांदी में 1700 की गिरावट

- वैश्विक बाजारों में रही कमजोरी व मुनाफावसूली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




वैश्विक बाजारों में कमजोरी और मुनाफावसूली की गतिविधियों के कारण राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सराफा बाजार में सोना 400 रुपये की गिरावट के साथ 91,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना कल 91,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 400 रुपये की गिरावट के साथ 90,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ जो एक दिन पहले 91,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, "व्यापारियों द्वारा मुनाफावसूली और डॉलर में आए सुधार के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई है।

*चांदी 1,00,300 रु. किलो बोली गई : लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रहने के कारण चांदी में भी 1,700 रुपये की गिरावट आई और यह 1,00,300 रुपये प्रति किलोग्राम बोला गया। बृहस्पतिवार को यह 1.02 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना 12.15 डॉलर की गिरावट के साथ 3,032.75 डॉलर प्रति औंस रह गया।*

## रुपया 36 पैसे मजबूत होकर 86.00 प्रति डॉलर पर बंद

एजेंसी ▶▶| मुंबई



घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और विदेशी पूंजी के ताजा प्रवाह के बीच रुपये ने शुक्रवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में बढ़त दर्ज की और 36 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.00 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

- घरेलू शेयर बाजार में तेजी व विदेशी पूंजी प्रवाह से रुपया तेज

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.26 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान इसने 85.93 प्रति डॉलर के उच्च स्तर और 86.30 प्रति डॉलर के निम्न स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में रुपया डॉलर के मुकाबले 86.00 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 36 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.36 पर बंद हुआ था।रुपये में डॉलर के मुकाबले लगातार छठे कारोबारी सत्र में बढ़त दर्ज की गई। इस दौरान यह कुल 123 पैसे मजबूत हुआ है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 104.04 पर रहा।

### क्रूड में भी गिरावट

अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71.79 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 557.45 अंक की बढ़त के साथ 76,905.51 अंक पर जबकि निफ्टी 159.75 अंक चढ़कर 23,350.40 अंक पर बंद हुआ।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30.5 करोड़ डॉलर बढ़ा



एजेंसी ▶▶| मुंबई

- समाप्त सप्ताह में बढ़कर 654 .271 अरब डॉलर पर

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 मार्च को समाप्त सप्ताह में 30.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 654.271 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इसके एक सप्ताह पहले देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15.267 अरब डॉलर बढ़कर 653.966 अरब डॉलर हो गया था। यह दो वर्षों में किसी एक सप्ताह में आया सबसे तेज उछाल था। इस उछाल का श्रेय 28 फरवरी को केंद्रीय बैंक द्वारा किए गए 10 अरब डॉलर के विदेशी मुद्रा विनिमय को दिया गया। रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने में मदद के लिए आरबीआई द्वारा विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ पुनर्मूल्यांकन के कारण हाल ही में विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट का रुख रहा है। सितंबर 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 9.6 करोड़ डॉलर घटकर 557.186 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

### स्वर्ण भंडार का मूल्य हुआ 74,391 अरब डॉलर

हालांकि, समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 6.6 अरब डॉलर बढ़कर 74.391 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 5.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.262 अरब डॉलर हो गया।

## भारत की 6.79 लाख की पहली 5-स्टार सेफ्टी रेटेड टैक्सी कार पेश


# मारुति ने डिजायर टूर एस की चौथी जनरेशन कार की लांच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मारुति सुजुकी ने आखिरकार भारतीय टैक्सी ऑपरेटर्स की फेवरेट डिजायर टूर एस की चौथी जनरेशन को लांच कर दिया है। इस बार यह सिर्फ एक नई कार नहीं, बल्कि भारत की पहली 5-स्टार बीएनसीएपी सेफ्टी रेटेड टैक्सी भी बन गई है।

- कार देगी 33 किमी का माइलेज, छह एयरबैंग समेत कई गजब सेफ्टी फीचर्स

ये कार 6 एयरबैग समेत कई गजब सेफ्टी फीचर्स से लैस है। मारुति डिजायर टूर एस के पेट्रोल वैरिएंट की कीमत 6.79 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) है। वहीं, इसके सीएनजी वैरिएंट की कीमत 7.74 लाख रुपए है। ये सभी कीमतें एक्स-शोरूम की हैं। यह नई डिजायर टूर एस न केवल सुरक्षित है, बल्कि ज्यादा किफायती और भरोसेमंद भी है।



*भारत की पहली 5-स्टार बीएनसीएपी टैक्सी : इस कार की सबसे बड़ी खासियत इसकी सेफ्टी है। डिजायर टूर एस को भारत एनसीएपी (बीएनसीएपी) में 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग मिली है, जो इसे भारत की सबसे सुरक्षित टैक्सी बना देती है। इसके सेफ्टी फीचर्स में 6 एयरबैग्स इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल, हिल होल्ड असिस्ट एबीएस एंड ईबीडी के साथ ब्रेक असिस्ट, रिवर्स पार्किंग सेंसर और स्पीड वार्निंग सिस्टम जैसे फीचर्स दिए गए हैं।*

### पावर और माइलेज–पेट्रोल-सीएनजी

डिजायर टूर एस दो इंजन ऑप्शन पेट्रोल और सीएनजी में आती है। पेट्रोल वैरिएंट में 1.2-लीटर इंजन दिया गया है, जो 82 पीएस की पावर और 112 एनएम का टॉर्क जेनरेट करने में सक्षम है। इसमें 5-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स दिया गया है। इसके माइलेज की बात करें तो इसका माइलेज 24.69 किमी प्रति लीटर का है। इसकी टॉप स्पीड 80 किमी प्रति लीटर (सेफ्टी कारणों से लिमिटेड) रखी गई है। वहीं, सीएनजी वैरिएंट की बात करें तो इसमें 1.2-लीटर सीएनजी इंजन दिया गया है, जो 70 पीएस की पावर और 102 एनएम का टॉर्क जेनरेट करने में सक्षम है। इसमें 5-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स दिया गया है। इसका माइलेज 33.73 किमी/किलोग्राम का है।

### डिजाइन और एक्सटीरियर

अगर पहले से डिजायर एलएक्सआई वैरिएंट को जानते हैं, तो नई टूर एस भी आपको उसी जैसी लगेगी। इसके कुछ प्रमुख हाईलाइट्स में ब्लैक्ड-आउट हॉरिजॉन्टल ग्रिल है, जिसके बीच में सुजुकी का लोगो मिलता है। इसके अलावा इसमें प्रोजेक्टर हलोजन हेडलाइट्स (एलईडी डीआरएल नहीं मिलते), ब्लैक डोर हैंडल और ओआरवीएम, 14-इंच सिल्वर स्टील व्हील्स, शार्क फिन एंटेना और एलईडी टेललाइट्स और बूट लिड पर 'टूर एस' बैजिंग मिलती है।

चिंतन

# जाति-धर्म की जंजीरें जितना जल्द तोड़ दें, उतना अच्छा

हमारे कानून में सबके समान अधिकार हैं। सबसे कमजोर समुदाय के लिए विशेष प्रावधान भी हैं। आजादी के बाद से अब तक सरकारों ने भी अनेक तरह की सुविधाएं, लाभ देकर कमजोर तबके को सक्षम बनाने के लिए अरबों रुपये खर्च किए। न जाने कितने जागरूकता अभियान चलाए गए, लेकिन इन सबके बावजूद आज भी ऐसी घटनाएं सामने आ जाती हैं, जो न केवल शर्मसार करने वाली हैं बल्कि सोचने पर भी मजबूर करती हैं कि हम 21वीं सदी में पहुंचने के बाद भी भेदभाव से ऊपर नहीं उठ पा रहे हैं। बीते दिनों एक के बाद एक दो ऐसी ही खबरें सामने आईं। आगरा के धनौली गांव में रहने वाले मुकेश के बेटे की शादी 6 मार्च को थी। गांव के एक रसूखदार परिवार ने बारात रुकवा दी। मुकेश कहते हैं, 'हम दलित हैं, इसीलिए हमारे साथ ऐसा हुआ। हमारे साथ मारपीट की गई। पुलिस ने भी उनकी शिकायत दर्ज नहीं की। जब मामला सुर्खियों में आया तो 10 मार्च को एफआईआर दर्ज की गई। जाति के नाम पर ये बर्ताव झेलने वाले मुकेश अकेले नहीं हैं। उतरप्रदेश के ही बुलंदशहर में फरवरी में एक गांव से ऐसी दो घटनाएं सामने आईं। यहां भी दलित परिवार के लड़कों को बैंड-बाजे के साथ बारात नहीं निकालने दी गई। हर दिन ऐसी खबरों से अखबारों के पन्ने अटे मिलते हैं। जाहिर है कि ये कानून व्यवस्था का मामला नहीं है। ये वो दाग हैं जो हमारे विकसित होने पर प्रश्नचिह्न लगाते हैं। क्या विकास का मतलब केवल फ्लाईओवर, सड़क, शेयर बाजार, उद्योग, एफडीआई वगैरा ही हैं। समाज के सभी तबकों को साथ लिए बिना विकास की बात करना भी बेमानी है। अगर आप इस तरह के मामलों पर किसी भी उच्च वर्ग से बात करें तो वे तपाक से कहते हैं कि अब ऐसी घटनाएं यदाकदा ही होती हैं। जबकि सच्चाई ये है कि ऐसे मामले लगातार बढ़ रहे हैं। देश में 2018 में दलित उत्पीड़न के 42793 केस दर्ज हुए वहीं 2022 आते-आते यह संख्या बढ़कर 57582 हो गई। देश के सबसे बड़े राज्य उतरप्रदेश में 2018 में दलित पर अत्याचार के 11924 मामले दर्ज हुए वहीं 2022 में यह संख्या बढ़कर 15368 हो गई। अब बताए कहां कम हो रहे हैं दलितों पर अत्याचार। देखा जा सकता है कि रवींद्रनाथ, प्रेमचंद और गांधी के दौर से ही जाति और धार्मिक समुदाय पर आधारित राष्ट्रवाद का एक अटूट सिलसिला रहा है। यह भी साफ है कि आम जनमानस में बड़े पैमाने पर मौजूद जातिवाद, धार्मिक रूढ़ियों और सामंती निरंकुशता को आजादी के बाद दूर करने का सचेत रूप से व्यापक प्रयास भी किया गया, लेकिन समाज में गहरी जड़ें जमा चुका भेदभाव महज कुछ कम हुआ है, खत्म होना आज भी दूर की कौड़ी है। यह भी देखा जा सकता है कि भारत की बहुलता में श्रेष्ठता के काफी तत्व हैं। उन्हें अब भी खोजकर उपयोग में लाया जा सकता है। लेकिन ऊंच-नीच भारतीय जनता की एकता और सांस्कृतिक सुधार के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा हैं। यह देखना महत्वपूर्ण है कि हमारे पास क्या चीजें ज्यादा हैं, अतीत की बुरी स्मृतियां या भविष्य के बड़े स्वप्न। इसी पर निर्भर करेगा कि भारत के भावी इतिहास में यह भेदभाव क्या रंग दिखाएगा। इस समय न वैश्वीकरण एक जाति और एक धर्म को लेकर चल सकता है और न ही लोकतंत्र एक विशेष जाति और एक विशेष धर्म को लेकर विकसित हो सकता है। इस तथ्य को ध्यान में रखना चाहिए कि दुनिया का बदलना अभी रुका नहीं है। इसलिए पुरानी खाइयां और जंजीरों को जितनी जल्द तोड़ दिया जाए उतना अच्छा है, वरना हम विकसित नहीं पिछड़े ही रहेंगे।



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# बढ़ती घरेलू मांग से आर्थिक उन्नति

ग्लोबल रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने कहा है कि हालांकि अमेरिका की आक्रामक ट्रेड पॉलिसी एक बड़ा जोखिम है, लेकिन भारत इससे काफी हद तक अप्रभावित रहेगा और इस पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की बाहरी मांग पर कम निर्भरता और पर्याप्त आत्म-निर्भरता के कारण अर्थव्यवस्था इसके व्यापक असर से बची रहेगी। फिच ने इसके पहले भारत की संप्रभु रेटिंग के परिदृश्य को स्थिर बताते हुए कहा कि देश का विकास मजबूत दिख रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.5 प्रतिशत रहेगी। अगले कुछ सालों तक भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी रहेगी।

हाल ही में 19 मार्च को एक बार फिर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रेटबार्ट न्यूज को दिए साक्षात्कार में कहा कि यद्यपि भारत के साथ उनके रिश्ते बहुत अच्छे हैं, लेकिन भारत के साथ एकमात्र समस्या यह है कि वह दुनिया में सबसे अधिक शुल्क लगाने वाले देशों में से एक है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि भारत शायद उन शुल्क को काफी कम करने जा रहा है। फिर भी 2 अप्रैल से हम भारत से वही शुल्क वसूलेंगे जो भारत हमसे वसूलता है। ऐसे में विभिन्न वैश्विक रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि एक ओर जब राष्ट्रपति ट्रंप लगातार भारत सहित दुनिया के विभिन्न देशों को टैरिफ चक्रव्यूह में लेते जा रहे हैं और दुनिया में वैश्विक मंदी की आशंका है, तब भारत की बढ़ती मजबूत घरेलू मांग भारत के लिए नई आर्थिक शक्ति बन गई है।

उल्लेखनीय है कि 20 मार्च को ग्लोबल रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने कहा है कि हालांकि अमेरिका की आक्रामक ट्रेड पॉलिसी एक बड़ा जोखिम है, लेकिन भारत इससे काफी हद तक अप्रभावित रहेगा और इस पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की बाहरी मांग पर कम निर्भरता और पर्याप्त आत्म-निर्भरता के कारण अर्थव्यवस्था इसके व्यापक असर से बची रहेगी। फिच ने इसके पहले भारत की संप्रभु रेटिंग के परिदृश्य को स्थिर बताते हुए कहा कि देश का विकास मजबूत दिख रहा है। फिच रेटिंग्स ने भारत की दीर्घकालिक विदेशी मुद्रा जारीकर्ता डिफॉल्ट रेटिंग को स्थिर परिदृश्य के साथ 'बीबीबी' के स्तर पर रखा है। फिच ने कहा कि भारत की रेटिंग अन्य देशों की तुलना में मजबूत ग्रोथ और बाहरी वित्तीय लचीलापन दर्शा रही है, जिससे अर्थव्यवस्था को पिछले साल के बड़े बाहरी झटकों से पार पाने में मदद मिली है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.5 प्रतिशत रहेगी। साथ ही अगले कुछ सालों तक भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी रहेगी।

यहां पर हाल ही में प्रकाशित वित्तीय सेवा कंपनी मॉर्गन स्टेनली की ताजा रिपोर्ट भी उल्लेखनीय है। इसमें कहा गया है कि भारत घरेलू मांग की ताकत पर 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार 2023 में 3.5 ट्रिलियन डॉलर वाली भारतीय अर्थव्यवस्था 2026 तक 4.7 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी। इसके साथ ही भारत साल 2026 तक अमेरिका, चीन और जर्मनी के बाद दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और साल 2028 तक यह 5.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचकर जर्मनी से भी आगे निकल जाएगा। निःसंदेह देश के उपभोक्ता बाजार को देश का मध्यम वर्ग नई आर्थिक ताकत दे रहा है। देश में आर्थिक सुधारों के साथ ऊंची विकास दर और शहरीकरण की ऊंची वृद्धि दर के बलबूते भारत में मध्यम वर्ग के लोगों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

हाल ही में प्रकाशित द राइज ऑफ मिडल क्लास इंडिया नामक डॉक्यूमेंट के मुताबिक भारत के मध्यम वर्ग के लोगों की संख्या तेजी से बढ़कर 2020-21 में लगभग 43 करोड़ हो गई है और 2047 तक यह संख्या बढ़कर



102 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इस वर्ग को 5 लाख से 30 लाख रुपये की वार्षिक आय वाले परिवारों के रूप में परिभाषित किया गया है।

निश्चित रूप से नए टैरिफ युद्ध की बढ़ती आशंकाओं के बीच भारत का मध्यम वर्ग भारतीय अर्थव्यवस्था की नई शक्ति बन गया है। भारत के मध्यम वर्ग की मुठ्ठियों में बढ़ती क्रय शक्ति और जेन जी एवं मिलेनियल्स की आंखों में उपभोग और खुशहाली के जो सपनें दिखाई दे रहे, उनके कारण जहाँ दुनिया के कई देश भारत से आर्थिक और कारोबारी संबंध बढ़ाने के लिए तत्पर हैं, वहीं दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियाँ अपने नामी ब्रांडों के साथ भारत के बहुआयामी उपभोक्ता बाजार में नई रणनीतियों के साथ दस्तक दे रही हैं। वैश्विक खुदरा सेवाओं से जुड़ी कंपनियां भारत में तेजी से पैर पसार रही हैं। चूंकि घरेलू मांग और खपत भारत की शक्ति है, अतएव निश्चित रूप से एक अप्रैल 2025 से प्रभावी होने वाला वित्त वर्ष 2025-26 का बजट करदाताओं, निवेशकों तथा मध्यम वर्ग की खरीदी की क्षमता बढ़ाते हुए दिखाई दे रहा है। वित्तमंत्री के द्वारा टैक्स में कटौती और टैक्स ढांचे को आसान बनाकर खर्चों और सेविंग्स को बढ़ाने की कोशिश इस बजट में दिखाई दी है। वित्तमंत्री ने मजबूत वित्तीय मुठ्ठी से आयकर के नए टैक्स रिजीम की व्यवस्थाओं के तहत करदाताओं को अभूतपूर्व राहतों से लाभांवित किया गया है।

नई टैक्स रिजीम के तहत आयकर स्लैब में बड़ा बदलाव है, ताकि अधिक से अधिक करदाता इसे अपनाने के लिए प्रेरित हैं। वित्तमंत्री ने नए बजट के तहत न्यू टैक्स रिजीम में टैक्स स्लैब में बदलाव और अतिरिक्त रिबेट की घोषणा की, जिसके तहत 12 लाख रुपये तक की आमदनी पर कोई इनकम टैक्स नहीं देना होगा। निश्चित रूप से इस बजट से सरकार लंबे समय से लंबित मध्यम वर्ग की आर्थिक वित्तीय शिकायतों का समाधान करते हुए आर्थिक वृद्धि की गति को फिर से तेज कर उपयुक्त कर राहत से एक अच्छा आर्थिक चक्र करने की डगर पर आगे बढ़ी हैं।

निश्चित रूप से मध्यम वर्ग पर कर का बोझ कम करने से खपत बढ़ेगी। इससे जीएसटी संग्रह में वृद्धि होगी और कर योग्य आय वालों का आधार बढ़ेगा। निःसंदेह इस समय जब ट्रंप के टैरिफ वार की आशंका से दुनिया में बहुत तेजी के साथ आर्थिक और कारोबारी उठापटक चल रही है, तब दुनिया में होते इस बदलाव के मद्देनजर हमें भी भारत के आर्थिक और कारोबारी हितों को सबसे पहले और सबसे ऊपर रखना होगा। इस समय वैश्विक व्यापार नए सिरे से दोबारा स्थापित होने जा रहा है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) अब मुख्य स्तम्भ के रूप में नहीं बचा है और सबसे पसंदीदा राष्ट्र (एमएफएन) के दर्जे के तहत गैर-भेदभावपूर्ण शुल्क खत्म हो रहे हैं। हर देश चाहता है कि उसके साथ विशेष व्यवहार किया जाए। हमें उसी रास्ते पर चलना होगा तथा देश की मजबूत घरेलू मांग और मध्यम वर्ग की चमकती हुई क्रय शक्ति का आधार बनाकर दुनिया के विभिन्न देशों के साथ आर्थिक और कारोबारी संबंधों को नई दिशा देना होगी।

निःसंदेह ट्रंप की टैरिफ संबंधी नई चुनौतियों के बीच भारत की बढ़ती हुई मजबूत घरेलू मांग भारत की नई आर्थिक शक्ति है। ऐसे में भारत घरेलू बाजार में तेजी से खपत बढ़ाने की रणनीति के साथ अमेरिका से टैरिफ मार के मुकाबले के लिए सुनियोजित रूप से आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा। साथ ही मजबूत घरेलू बाजार की रणनीति देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने की दिशा में भी मील का पत्थर बनते हुई दिखाई देगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

शहीदी दिवस
विवेक शुक्ला




# हिंदी में लिखते थे भगत सिंह

शहीदे ए आजम भगत सिंह की मातृभाषा पंजाबी थी। वे पंजाबी, हिंदी, उर्दू, अंग्रेजी और संस्कृत सही से लिख-पढ़ लेते थे। पर उन्होंने अपने विचारों को दूर तक लेकर जाने की गरज से हिंदी में लिखना शुरू किया। हिंदी में उनका पहला महत्वूर्ण निबंध संभवतः 'पंजाब में भाषा और लिपि की समस्या' विषय पर 1924 में लिख दिया गया था। वे तब 17 साल के थे। यह 28 फरवरी, 1933 के 'हिन्दी संदेश' में प्रकाशित हुआ था। भगत सिंह ने इस मुद्दे के विभिन्न पहलुओं गहराई से विश्लेषण किया था। भगत सिंह भाषा को जन चेतना और प्रगति का एक महत्वपूर्ण हथियार मानते थे। वे अपने गृह प्रदेश पंजाब में भाषा को लेकर चल रहे विवाद से परेशान थे। उस समय, पंजाब में मुख्य रूप से हिंदी, पंजाबी और उर्दू भाषाओं का प्रयोग होता था और प्रत्येक भाषा को बोलने वाले अपने-अपने दावों और हितों के साथ खड़े थे। उन्होंने इस बारे में सवाल खड़ा किया था- "... हमारे प्रांत का दुर्भाग्य रहा कि यहां भाषा को मजहबी रंग दे दिया गया।" भगत सिंह का जन्म 1907 के उस पंजाब में हुआ था, जहां पंजाबी और उर्दू का वर्चस्व था। हालांकि, हिंदी भी व्यापक रूप से समझी और उपयोग की जाती थी। हिंदू परिवारों में हिंदी पढ़ने-लिखने की परंपरा थी। उस दौर के पंजाब में आर्य समाज और सनातन धर्म हिंदी का प्रचार-प्रसार कर रहे थे। भगत सिंह का परिवार आर्य समाजी था। दिल्ली विश्वविद्यालय के पीजीडीएवी कॉलेज में इतिहास के प्रोफेसर और 'भगत सिंह- रीविजिटेड' किताब के लेखक डॉ. चंद्रपाल सिंह कहते हैं कि भगत सिंह के दादा सरदार अर्जुन सिंह ने आर्य समाज से सक्रिय रूप से जुड़े हुए थे। वे दयानंद सरस्वती के भी करीबी थे। उनके परिवार में तब ही से हिंदी पढ़ी-लिखी जा रही थी।

दरअसल भगत सिंह जैसे-जैसे क्रांतिकारी गतिविधियों में शामिल हुए, उन्होंने समझ लिया कि वे हिंदी में लिखकर देश के आमजन तक पहुंचने में सफल रहेंगे। वे हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचएसआरए) का हिस्सा बनने से भारत के विभिन्न हिस्सों के क्रांतिकारियों के संपर्क में आए, जिनमें से अधिकतर हिंदी भाषी थे। इस लिहाज से महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का नाम लेना होगा। भगत सिंह के मन में चंद्रशेखर आजाद के प्रति गहरे सम्मान का भाव था। भगत सिंह मुख्य रूप से राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर कलम चलाते थे। उन्होंने कई हिंदी समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के लिए लिखा। भगत सिंह ने 'बलवंत सिंह, 'रणजीत' और 'विद्रोही' सहित कई छद्म नामों से लिखा। यह गिरफ्तारी से बचने के लिए एक आम बात थी। छद्म नाम से लिखने का एक बड़ा नुकसान ये हुआ कि उनके लेखों का कायदे से संकलन नहीं हुआ। भगत सिंह 1925 में कानपुर में गणेश शंकर विद्यार्थी के अख़बार 'प्रताप' में नौकरी करने कानपुर गए थे। पीलखाना में प्रताप की प्रेस थी। वे उसके पास ही रहते थे। कहना ना होगा कि कानपुर में रहते हुए वे हिंदी को बेहतर तरीके से लिखने लगे होंगे। आखिर कानपुर हिंदी का गढ़ रहा है। भगत सिंह के अधिकांश प्रारंभिक लेखन अन्य स्वतंत्रता सेनानियों और उनके संघर्षों पर हैं। चाँद पत्रिका ने उन स्वतंत्रता सेनानियों पर एक विशेष अंक निकाला जिन्होंने अपने जीवन का बलिदान दिया था और भगत सिंह ने इसमें योगदान दिया था। उन्होंने उन बुनियादी मूल्यों और कार्यक्रमों के बारे में अधिक लिखा जिन्हें वे स्वतंत्रता, समानता, न्याय और सांप्रदायिक सद्भाव प्राप्त करने के लिए फैलाना चाहते थे। भगत सिंह के लेखन का भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन पर, विशेष रूप से युवाओं पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा। उनके जोशीले और स्पष्ट तर्कों ने कई लोगों को स्वतंत्रता के संघर्ष में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उनके स्पष्ट हिंदी लेखन से उनके पाठकों की तादाद बढ़ती गई। हालांकि वे पारंपरिक अर्थों में पत्रकार नहीं थे, लेकिन हिंदी पत्रकारिता में उनका योगदान महत्वपूर्ण था और इसने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की दिशा को आकार देने में मदद की। यह आश्चर्यजनक और प्रेरणादायक है कि भगत सिंह ने यह सब इतनी कम उम्र में लिखा और वह भी एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी और आयोजक के रूप में अपनी अन्य सभी गतिविधियों के बीच। यह केवल बेहद कड़ी मेहनत के कारण संभव था जो प्रतिबद्धता के बहुत उच्च स्तर से प्रेरित था, साथ ही जो कुछ भी थोड़े अवसर मौजूद थे, उनका बहुत रचनात्मक उपयोग था। एक बात और, भगत सिंह ने अपने विचारों को फैलाने और लोगों को आंदोलनों में शामिल करने के लिए हिंदी में पर्चे और घोषणाएं भी जारी कीं। ये पर्चे सार्वजनिक स्थानों पर बांटे जाते थे और लोगों को स्वतंत्रता के लिए लड़ने के लिए प्रेरित करते थे। भगत सिंह ने अदालत में भी हिंदी का प्रयोग किया। उनका मानना था कि हिंदी आम लोगों की भाषा है और इसके माध्यम से वे अधिक लोगों तक अपनी बात पहुंचा सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# व्यक्ति को कैसे मिल सकती है दुखों से मुक्ति



संकलित
दर्शन

छठी शताब्दी ईसा पूर्व में संपूर्ण विश्व दर्शन के नए क्षितिज स्पर्श कर रहा था। चीन में कन्फ्यूशियस और लाओत्से, ईरान में जरथुस्त्र, यूनान में पाइथागोरस नए तर्क गढ़ रहे थे तो भारत में महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध वैदिक दर्शन को नया आयाम देने में लगे थे। गौतम बुद्ध ने बताया कि जन्म से लेकर मृत्यु तक संपूर्ण जीवन दुखमय है। मृत्यु भी दुख का अंत नहीं है, बल्कि नए दुख का आरंभ है, क्योंकि मृत्यु के बाद भी पुनर्जन्म होता है। उनका मानना था कि प्राणी की इच्छा अपूर्ण रहती है तो पुनर्जन्म लेना पड़ता है। बुद्ध अनात्मवादी और अनीश्वरवादी तो थे, किंतु भौतिकवादी नहीं थे। उनका मत है कि सृष्टि में जो कुछ है वह क्षणिक है, परिवर्तनशील है। द्वितीय आर्य सत्य है कि प्रत्येक कार्य का कारण अवश्य होता है, जिसे बुद्ध ने प्रतीत्यसमुत्पाद कहा। इस दुख के कारणता सिद्धांत को द्वादश निदान चक्र भी कहा जाता है। इस दुख का मूलभूत कारण अविद्या है। अविद्या से संस्कार या पूर्व में किए गए कर्मों की प्रवृत्तियां उत्पन्न होती हैं। संस्कार से विज्ञान, विज्ञान से नामरूप, नामरूप से षडायतन, षडायतन से स्पर्श, स्पर्श से वेदना, वेदना से तृष्णा, तृष्णा से उपादान, उपादान से भव, भव से जाति, जाति या जन्म से जरा-मरण का दुख भोगना पड़ता है। बौद्ध दर्शन का तृतीय आर्यसत्य दुख-निरोध है। दुखों के मूल कारण अविद्या को दूर करके इसी जीवन में दुखों का अंत किया जा सकता है। दुखों का निरोध ही निर्वाण है।

# कभी भी अपने पद और धन का घमंड न करें



संकलित
प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष को एक दिन अपने पद और धन का घमंड हो गया है। इसी घमंड में वे शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी को सपरिवार अपने महल में खाने के लिए निमंत्रण दिया। शिवजी ने कहा कि मैं तो कहीं आता-जाता नहीं हूं, आप एक काम करें, गणेश को अपने साथ ले जाएं। खाने का निमंत्रण पाकर गणेश जी कुबेर के महल पहुंच गए। कुबेर ने उनके लिए बहुत सारा खाना बनवाया। गणेश जी खाने बैठे तो वे खाए जा रहे थे, थोड़ी ही देर में कुबेर की रसोई का पूरा खाना खत्म हो गया। गणेश जी ने और खाना मांगा। कुबेर ये देखकर घबरा गए। गणेश जी बार-बार खाना मांग रहे थे। कुबेर ने गणेश जी के सामने हाथ जोड़ लिए और कहा कि अब तो मेरे घर का सारा खाना खत्म हो गया है। गणेश जी ने कहा कि लेकिन मेरी भूख तो अभी शांत ही नहीं हुई है। मुझे अपने रसोईघर में ले चलो। कुबेर गणेश जी को रसोईघर में ले गए तो वहां रखी सभी चीजें गणेश खा गए। उन्होंने शिव जी को पूरी बात बता दी। शिव जी ने गणेश जी से कहा कि जाओ, माता पार्वती को बुलाकर लाओ। मां पार्वती को देखकर गणेश ने कहा कि मां, कुबेर देव के खाने से मेरी भूख शांत नहीं हुई है। पार्वती अपने रसोईघर में गईं और खाना बनाकर ले आईं। उन्होंने जैसे ही गणेश जी को अपने हाथ से खाना खिलाया तो गणेश तृप्त हो गए। मां और खिलाने लगी तो गणेश जी ने कहा, मां मेरा पेट भर गया है। ये सब देखकर कुबेर देव का घमंड टूट गया और उन्हें अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने सभी से क्षमा मांगी।

## सटाका




## आज की पाती

### वनों को काटने से रोका जाए

21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया जाता है। दुनिया भर में इस उपलक्ष्य में प्रोग्राम आयोजित किए गए। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वनों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 28 नवंबर 2012 को हर वर्ष 21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के रूप में मनाने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। वन हैं तो हम हैं। जो वृक्ष हमें फल नहीं देते हैं, वो भी बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि ये हमें जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन, बिना किसी मूल्य के देते हैं। लेकिन बहुत अफसोस है कि वनों की संभाल के लिए लापरवाही बरती जा रही है। भारत में बहुत पहले से ही वनों और वृक्षों को काटने से रोकने के प्रयास सरकारों, सामाजिक संस्थाओं और पर्यावरण प्रेमियों द्वारा आरंभ कर दिए गए थे। फिर भी परियोजनाओं के लिए बड़े पैमाने पर जंगल काटे जा रहे हैं। हमें इसे रोकना होगा। - **महेश पांडे**, धमतरी

## करंट अफेयर

### उ. कोरिया ने मिसाइलों के परीक्षण का किया दावा

उत्तर कोरिया ने नई विमान भेदी मिसाइलों का परीक्षण करने का शुक्रवार को दावा किया। उत्तर कोरिया ने ऐसे समय में यह दावा किया है जब उसकी सेना ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यासों के खिलाफ गंभीर कदम उठाने की हाल में धमकी दी है। उत्तर कोरिया इन सैन्य अभ्यासों को उस पर हमले के अभ्यास के तौर पर देखता है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने कहा कि देश के नेता किम जोंग उन की निगरानी में बृहस्पतिवार को ये मिसाइल परीक्षण किए गए। उसने कहा कि ये मिसाइल उत्तर कोरिया के लिए ''एक और प्रमुख रक्षा हथियार प्रणाली'' हैं। यह मिसाइल प्रक्षेपण इस वर्ष उत्तर कोरिया का छठा हथियार परीक्षण है। यह परीक्षण उसी दिन किया गया जब अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेनाओं ने अपना वार्षिक 'फ्रीडम शील्ड कमांड पोस्ट' अभ्यास समाप्त किया। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के अधिकारी अपने संयुक्त सैन्य अभ्यास को रक्षात्मक प्रकृति का बताते हैं लेकिन उत्तर कोरिया इसे अपनी सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बताता रहा है।



## ऑफ बीट

### बुध ग्रह अभी भी सिकुड़ता जा रहा

ग्रह वैज्ञानिक लंबे समय से जानते हैं कि बुध अरबों वर्षों से सिकुड़ रहा है। सूर्य के सबसे निकट ग्रह होने के बावजूद, आंतरिक गर्मी निकल जाने के कारण इसका आंतरिक भाग ठंडा होता जा रहा है। इसका मतलब यह है कि जिस चट्टान (और, उसके भीतर, धातु) से यह बना है, उसका आयतन थोड़ा सिकुड़ता जा रहा है। हालाँकि, यह अज्ञात है कि ग्रह आज भी किस हद तक सिकुड़ रहा है - और, यदि यह वाकई सिकुड़ रहा है, तो यह भी कोई नहीं जानता कि यह प्रक्रिया कितने समय तक जारी रहने की संभावना है। चूँकि बुध का आंतरिक भाग सिकुड़ रहा है, इसकी सतह (परत) के पास ढकने के लिए उत्तरोत्तर कम क्षेत्र रह गया है। यह 'दबाव थ्रस्ट' विकसित करके इसका जवाब देता है - जहां क्षेत्र का एक भाग निकटवर्ती इलाके पर धकेल दिया जाता है। यह सेब के पुराने होने पर उस पर पड़ने वाली झुर्रियों की तरह है, फर्क सिर्फ इतना है कि एक सेब इसलिए सिकुड़ जाता है क्योंकि वह सूख रहा है जबकि बुध अपने आंतरिक भाग के तापीय संकुचन के कारण सिकुड़ रहा है। बुध के सिकुड़ने का पहला सबूत 1974 में सामने आया जब मेरिनर 10 मिशन ने सैकड़ों किलोमीटर तक अपना रास्ता बना चुकी कई किलोमीटर ऊंची स्कार्पियों (रैंप जैसी ढलानों) की तस्वीरें प्रसारित कीं।



## ट्रेंड

### उल्लेखनीय उपलब्धि



एक बिलियन टन कोयला उत्पादन के ऐतिहासिक मील के पत्थर को पार करना उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक विकास और आत्मनिर्भरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को उजागर करती है। यह उपलब्धि इस क्षेत्र से जुड़े लोगों के समर्पण और कड़ी मेहनत को भी दर्शाती है।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### नक्सलमुक्त होगा देश



मोदी सरकार नक्सलियों के विरुद्ध रुथलेस अप्रोच से आगे बढ़ रही है और समर्पण से लेकर समावेशन की तमाम सुविधाओं के बावजूद जो नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर रहे, उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सलमुक्त होने वाला है।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### पारिस्थितिक संतुलन



गौरैया कीड़े-मकौड़ों और कीटों को खाकर पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जो परागण और बीज प्रसार के वाहक भी हैं।
**-किरण मजूमदार शॉ, उद्यमी**

### कारखानों का दूषित जल



उप्र के भ्रष्टाचारी शासन की नदी से प्रदूषित प्रशासन की नहर निकली है जो मुजफ्फरनगर में कारखानों के गंदे जल को गंगा नहर में जाने से नज़रअंदाज़ कर रही है। इससे खेती भी प्रदूषित हो रही है।
**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# दो भागों में रिलीज होगी विजय देवरकोंडा की 'किंगडम'

**मुंबई।** विजय देवरकोंडा अभिनीत एक्शन थ्रिलर फिल्म 'किंगडम' 30 मई को रिलीज होगी। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि 'किंगडम' को दो भागों में बनाया जाएगा, लेकिन अब फिल्म के निर्माता नामा वामसी ने आखिरकार इन खबरों पर चुप्पी तोड़ी है। नागा वामसी ने रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा, 'हमने कहानी को केवल दो-भाग की फ्रेंचाइजी बनाने के लिए नहीं बढ़ाया। फिल्म में दो भागों में रिलीज होने की गुंजाइश और पैमाना है।' उन्होंने आगे कहा कि किंगडम स्क्रीनप्ले, लॉजिक, भव्यता और एक्शन के मामले में सभी कसौटियों पर खरा उतरता है।



लाइफ Style

# तमन्ना

## ब्रेकअप की अफवाहों के बीच खुद को किया मोटिवेट

इन दिनों तमन्ना भाटिया अपनी फिल्मों से ज्यादा अपने ब्रेकअप की अफवाह को लेकर चर्चा में हैं। खबर है कि उनका और अभिनेता विजय वर्मा का ब्रेकअप हो चुका है। अब तक अभिनेत्री ने इस मुद्दे पर चुप्पी साधी हुई है। लेकिन हाल ही में एक सोशल मीडिया पोस्ट में वह खुद को ही मोटिवेट करती नजर आईं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा काफी समय से डेट कर रहे थे, इनकी शादी करने की खबर भी बीच में सुनने को मिली। फिर अचानक इनके ब्रेकअप की अफवाह और खबरें सामने आने लगीं। अब तक इस मुद्दे पर अभिनेत्री ने खुलकर कुछ नहीं कहा है, लेकि,न वह इशारों-इशारों में काफी कुछ कह रही हैं। इसके लिए सोशल मीडिया पोस्ट का भी सहारा लेती हैं। हाल ही में अभिनेत्री तमन्ना ने एक पोस्ट साझा की, इसमें वह काफी मोटिवेशनल बात करती दिखीं। एक अवॉर्ड फंक्शन में शामिल होने के लिए तमन्ना ने सफेद रंग की एक खूबसूरत ड्रेस पहनी। इस ड्रेस में अपनी कुछ तस्वीरें तमन्ना ने इंस्टाग्राम पर साझा कीं। इन फोटो के साथ अभिनेत्री ने संदेश लिखा- 'यह रंग मुझे याद दिलाता है कि आकाश की कोई सीमा नहीं है।'

इस मैसेज के जरिए वह खुद को शायद मोटिवेट कर रही हैं। अपने ब्रेकअप की अफवाह के बीच ही तमन्ना ने होली का त्योहार भी मनाया, साथ ही अपने दोस्तों संग पार्टी भी की। पिछले दिनों होली पर भी तमन्ना भाटिया रवीना टंडन के घर पहुंचीं। इसके अलावा वह रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी के साथ पार्टी करती भी दिखीं। तमन्ना भाटिया इस साल कुछ फिल्मों में भी नजर

हॉलीवुड मसाला



# नताशा की नहीं होगी वापसी

**लॉस एंजिल्स।** स्कारलेट जोहानसन और मार्वल के फैंस के दिलों में ब्लैक विडो आज भी बसती है। यही कारण है कि जहां मल्टीवर्स के कारण पुराने किरदार लौट रहे हैं। एजेंट नताशा रोमनॉफ की वापसी की भी खूब चर्चा रही है। अब खुद स्कारलेट जोहानसन ने इस पर चुप्पी तोड़ी दी है। 40 साल की स्कारलेट जोहानसन ने एक इंटरव्यू में कहा, 'नताशा मर चुकी है। हां, वो मर चुकी है। ठीक है?' एक्ट्रेस ने साफ शब्दों में कहा है वह फैंस से यही कहना चाहेंगी कि अब नताशा की वापसी नहीं होगी।




# आठ साल बाद पति से अलग हो रहीं ली सी यंग

**लॉस एंजिल्स।** साउथ कोरियन एक्ट्रेस ली सी यंग ने कथित तौर पर अपने आठ साल लंबे वैवाहिक जीवन के बाद पति से तलाक लेने के लिए अर्जी दी है। के-मीडिया समाचार आउटलेट वाईटीएन के मुताबिक 'स्वीट होम' के-ड्रामा स्टार और उनके पति मिस्टर जो, जो कि एक रेस्तरां के मालिक हैं। दोनों ने इस साल की शुरुआत में सियोल फैमिली कोर्ट में तलाक की कार्यवाही के लिए दस्तावेज जमा किए थे। रिपोर्ट्स की मानें तो दोनों के बीच तलाक की प्रक्रिया अब अंतिम रूप ले रही हैं, क्योंकि माना जाता है कि तलाक की मुख्य शर्तों पर सहमति बन गई है। 42 वर्षीय अभिनेत्री ने साल 2017 में मिस्टर जो से शादी की। नौ साल की उम्र के अंतर वाले इस जोड़े ने अपनी शादी के अगले साल एक बेटे को जन्म दिया। कोरियाई अभिनेत्री की तलाक के बारे में 'एस फैक्ट्री' ने भी दोनों के तलाक की पुष्टि की।



# बॉयफ्रेंड पर खुलेआम प्यार लुटाते दिखीं

**मुंबई।** श्रद्धा कपूर कुछ दिनों से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। ऐसी खबर आ रही है कि वह राहुल मोदी को डेट कर रही हैं। दोनों कई बार साथ में स्पॉट भी हुए हैं। यहां तक कि श्रद्धा सोशल मीडिया पर भी राहुल के साथ फोटोज शेयर करती हैं। अब एक्ट्रेस की राहुल के साथ एक क्लिप वायरल हो रही है जिसमें दोनों के बीच रोमांटिक मोमेंट नजर आ रहे हैं। दरअसल, एक क्लिप सामने आया है जिसमें श्रद्धा और राहुल गाड़ी की तरफ जाते हैं और उसके बाद एक-दूसरे को बाय बोलते हुए हग करते हैं। दोनों के इस रोमांटिक मोमेंट को देख फैंस दोनों को लेकर प्यारे कमेंट्स कर रहे हैं। वहीं, फैंस तो इसकी उम्मीद भी कर रहे हैं कि दोनों शायद जल्द शादी करने वाले हैं। एक ने कमेंट किया राहुल की आरोही। एक ने लिखा, स्त्री और पुरुष। एक ने लिखा लगता है जल्द शादी करने वाले हैं।



# 'किक' के सीक्वल को लेकर हैं उत्साहित

**मुंबई।** जैकलिन फर्नांडीस साल 2014 में आई फिल्म 'किक' के दूसरे पार्ट का हिस्सा बनने की उम्मीद जताई है। उनके मुताबिक फिल्म ने उनकी जिंदगी बदल दी थी। यह फिल्म साल 2009 में आई तेलुगु फिल्म 'किक' की रीमेक थी। फिल्म में सलमान खान, जैकलिन फर्नांडीस के अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी और रणदीप हुड्डा भी थे। जैकलिन ने कहा 'मैं इस फ्रेंचाइज को लेकर बहुत उत्साहित हूं, लेकिन मुझे लगता है कि अगर साजिद नाडियाडवाला या सलमान खान इसकी तस्दीक करें तो ज्यादा अच्छा होगा। मैं उम्मीद करती हूं कि ये फिल्म जल्दी बने, क्योंकि 'किक' को लोगों से खूब प्यार मिला था। इस फिल्म ने मेरी जिंदगी बदल दी थी।' जैकलिन ने 'मर्डर 2', 'रेस 3' और 'ढिशूम' जैसी फिल्मों में काम किया है। साल 2025 में उनकी कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं।

टीवी मसाला



# 'अनुपमा' की जगह बरकरार तारक मेहता ने मारी लंबी छलांग

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ हफ्तों से रुपाली गांगुली वाला सीरियल 'अनुपमा' पहले स्थान पर बना हुआ है। इस बार की टीआरपी लिस्ट में भी यह पहले ही स्थान पर है। इसने अपनी जगह को बरकरार रखा है। इस हफ्ते सीरियल 'अनुपमा'की टीआरपी 2.4 है। सीरियल में मनीष गोयल ने एक नए किरदार में एंट्री की है, जिससे कहानी में नए मोड़ आए हैं। इस कारण दर्शक सीरियल से जुड़े हुए हैं। कई सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा कॉमेडी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'भी अच्छी टीआरपी हासिल करता था। लेकिन कुछ समय से इसकी टीआरपी कम हो रही थी। हाल ही में इस सीरियल ने एक लंबी छलांग लगाई है। इस बार की टीआरपी लिस्ट में 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' दूसरे स्थान पर है, इसकी टीआरपी 2.3 है। सीरियल 'उड़ने की आशा' और 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' तीसरे और चौथे स्थान पर है। दोनों की टीआरपी लगभग 2.2 रही है। 'उड़ने की आशा' में लीड रोल में कंवर ढिल्लों और नेहा हरसोरा हैं। पांचवें और छठे स्थान पर 'झनक' और 'मंगल लक्ष्मी-लक्ष्मी का सफर' जैसे सीरियल हैं, इनकी टीआरपी रेटिंग 1.8 रही। दोनों की टीआरपी में बहुत कम ही अंतर है। वहीं सातवें और आठवें स्थान पर 'एडवोकेट अंजलि अवस्थी' और 'जादू तेरी नजर' जैसे सीरियल रहे हैं। इनकी टीआरपी भी लगभग 1.7 रही है। वहीं टॉप टेन में 'शिव शक्ति-तप त्याग तांडव' सीरियल ने भी जगह बनाई है, इसकी टीआरपी 1.3 रही है।

## खतरों के खिलाड़ी 15 में बवाल काटने आ रहा है पारस छाबड़ा

**नई दिल्ली।** रोहित शेट्टी के फेमस स्टंट शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' को लेकर इस वक्त काफी बज बना हुआ है। हर कोई बड़ी ही बेसब्री से इस शो के शुरू होने का इंतजार कर रहा है। 'खतरों के खिलाड़ी 15' में इस बार ज्यादातर नाम बिग बॉस से जुड़ी लोगों के सामने आ रहे हैं। बिग बॉस 18 के कई कंटेस्टेंट के नाम अब तक सामने आ चुके हैं। ऐसे में अब बिग बॉस ताजा खबर की रिपोर्ट के अनुसार, रोहित शेट्टी के शो के लिए बिग बॉस 13 के एक्स कंटेस्टेंट रहे पारस छाबड़ा को अप्रोच किया गया है। बिग बॉस के घर में पारस में जमकर हंगामा काटा था। पारस छाबड़ा इन दिनों अपने पॉडकास्ट को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। पॉडकास्ट के दौरान ही पारस ने इस बात का खुलासा किया था कि उन्हें खतरों के खिलाड़ी के पिछले कई सीजन के लिए ऑफर मिले, लेकिन उन्होंने करने से मना कर दिया था।



# 18 अप्रैल को रिलीज होगी 'केसरी चैप्टर 2'



**मुंबई।** अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म 'केसरी' ने शुक्रवार 21 मार्च को छह साल का सफर पूरा कर लिया। यह फिल्म साल 2019 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई और हिट रही। अब इसका सीक्वल भी आ रहा है। 'केसरी' की रिलीज पर मेकर्स ने सोशल मीडिया पर सीक्वल 'केसरी चैप्टर 2' की झलक शेयर की है। फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' में अक्षय कुमार के अलावा आर. माधवन भी अहम रोल में दिखाई देंगे। इसके अलावा अनन्या पांडे भी फिल्म का हिस्सा हैं। करण सिंह त्यागी के निर्देशन में बनी फिल्म अप्रैल में दस्तक देगी। यूं तो फिल्म को मार्च में होली के मौके पर रिलीज किया जाना था, लेकिन मेकर्स ने रिलीज डेट बदल दी। अब यह 18 अप्रैल को रिलीज होगी। इस फिल्म को धर्मा प्रोडक्शंस, लियो मीडिया कलेक्टिव और केप ऑफ गुड फिल्म्स के बैनर तले बनाया जा रहा है। भले ही फिल्म का नाम 'कैसरी चैप्टर 2' है, लेकिन 2019 की 'केसरी' की कहानी से इसका लेना-देना नहीं है। अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने वीडियो शेयर किया है, जो केसरी का है। इसके साथ लिखा है, 'नया युद्धा, लेकिन जोश और आग वही'। उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'फिल्म 'केसरी' के छह साल पूरे होने का जश्न। केसरी के जज्बे का जश्न और साथ ही नए चैप्टर का जश्न, जो जल्द शुरू हो रहा है। अक्षय कुमार के इस पोस्ट पर यूजर्स सीक्वल के प्रति उत्साह जता रहे हैं और लिख रहे हैं बेसब्री से फिल्म का इंतजार है। एक यूजर ने लिखा, 'अक्षय कुमार का दौर कभी खत्म नहीं होगा'। एक यूजर ने लिखा, 'ब्लॉकबस्टर लोडिंग'। अनुराग सिंह के निर्देशन में बनी फिल्म 'केसरी' में अक्षय कुमार के साथ परिणीति चोपड़ा भी नजर आईं। करीब 100 करोड़ रुपए बजट में बनी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 155.70 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया।

# इन भारतीय फिल्मों में दिखाई गई अंतरिक्ष की झलक, लोगों को अच्छी लगी कहानी

**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर हाल ही में अंतरिक्ष से धरती पर वापस लौटे हैं। ये दोनों बीते साल जून में महज आठ दिनों के लिए अंतरिक्ष में गए थे लेकिन वह नौ महीने बाद धरती पर वापस आए। दरअसल, जो यान उन्हें धरती पर वापस लाने वाला था वह खराब हो गया था। ऐसे मौके पर हम आपको उन भारतीय फिल्मों के बारे में बता रहे हैं जिसमें अंतरिक्ष के बारे में दिखाया गया है।



### जीरो

यह फिल्म साल 2018 में रिलीज हुई थी। फिल्म में शाहरुख खान और अनुष्का शर्मा अहम किरदार में थे। फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय ने किया था। फिल्म में अनुष्का शर्मा ने एक अंतरिक्ष वैज्ञानिक का किरदार निभाया है। फिल्म में अंतरिक्ष के बारे में दिखाया गया है।

### मिशन मंगल

'मिशन मंगल' फिल्म साल 2019 में रिलीज हुई थी। फिल्म में अक्षय कुमार, विद्या बालन और सोनाक्षी सिन्हा अहम किरदार में थे। फिल्म में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के वैज्ञानिकों की कहानी दिखाई गई है। इन लोगों ने मंगल मिशन में योगदान दिया था।

### रॉकेट्री

'रॉकेट्री' फिल्म साल 2022 में रिलीज हुई थी। फिल्म को आर. माधवन ने लिखा था और इसका निर्देशन किया था। यह फिल्म अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के वैज्ञानिक नांबी नारायण की जिंदगी पर आधारित है। इस फिल्म में भी अंतरिक्ष की झलक दिखाई गई है।

### कोई मिल गया

'कोई मिल गया' फिल्म साल 2003 में आई थी। इस फिल्म में ऋतिर रोशन और प्रीति जिंटा थीं। फिल्म का निर्देशन राकेश रोशन ने किया था। फिल्म में अंतरिक्ष से आए एलियन को दिखाया गया था। 'कृष', और 'कृष 3' इसी की अगली कड़ी हैं।

### कार्गो

'कार्गो' फिल्म साल 2019 में रिलीज हुई थी। फिल्म में विक्रांत मेसी और श्वेता त्रिपाठी अहम किरदार में थे। फिल्म में अंतरिक्ष के बारे में दिखाया गया है। फिल्म में एक खास जहाज के बारे में दिखाया गया है। इसमें मरने के बाद दोबारा जिंदा होने की कहानी दिखाई गई है।

# 'जय संतोषी मां' से घर-घर में छाईं कनन कौशल

## ब्लॉकबस्टर फिल्म देने पर भी फीका रहा कॅरियर

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री कनन कौशल ने 21 मार्च को अपना 86वां जन्मदिन मनाई। कनन मुख्य रूप से मराठी सिनेमा में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने 1975 की बॉलीवुड हिट 'जय संतोषी मां' में सत्यवती व्यास की भूमिका के लिए पहचान हासिल की। अभिनेत्री का असली नाम इंदुमती पैगनकर है, जिन्हें बाद में कनन कौशल के नाम से जाना गया।

### कई भाषा की फिल्मों में नजर आईं कनन

कनन कौशल का जन्म 21 मार्च, 1939 को बड़ौदा में इंदुमती शेठ के रूप में हुआ था। 'गोमांतक मराठा' समुदाय से आने वाली कनन ने अपना करियर मंच से शुरू किया और फिल्मों में आने से पहले थिएटर में बड़े पैमाने पर काम किया। कनन कई मराठी, गुजराती, भोजपुरी और हिंदी-मराठी फिल्मों में दिखाई देती थीं। अब उन्होंने सिनेमा से दूरी बना ली है।



### कई दिग्गज सितारों के साथ किया काम

*वह 1963 में फिल्म इंडस्ट्री में शामिल हुईं और बदतमीज (1966) जैसी फिल्मों में सहायक भूमिकाएं निभाईं, जहां उन्होंने शम्मी कपूर की बहन, परदेसी (1970), घूंघट (1971), मेला (1971) और ये गुलिस्तान हमारा (1972) में भूमिका निभाई। उन्होंने संजीव कुमार के साथ जिगर अने अमी (1970), धरती ना छोरू (1970), गुणसुंदरी नो घर संसार (1972) और असरानी के निर्देशन में बनी अमदावद नो रिक्शावालो (1974) जैसी गुजराती फिल्में भी कीं, जो एक कल्ट फिल्म बन गई। उनकी कुछ प्रसिद्ध मराठी फिल्में हैं, जिनमें राजा शिव छत्रपति (1974), वराट (1975), पाहुनी (1976) और चंद्र होता साक्षीला (1978) शामिल हैं।*

### एक फिल्म से घर घर में छाईं कनन

1975 में एक छोटी सी फिल्म आई 'जय संतोषी मां', जो मामूली बजट की थी और अज्ञात कलाकारों वाली फिल्म थी। यह फिल्म भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक बन गई। इसमें मुख्य भूमिका निभाकर कनन घर-घर में मशहूर हो गईं और उन्हें इंडस्ट्री में भी खास पहचान मिली। हालांकि, इसके बावजूद उनका कॅरियर कुछ खास नहीं चमक पाया। दरअसल, कनन को उम्मीद थी कि 'जय संतोषी मां' की बड़ी सफलता के बाद उन्हें अच्छी भूमिकाएं मिलेंगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और वह चरित्र भूमिकाओं और पौराणिक फिल्मों में काम करती रहीं। उनकी कुछ बेहतरीन फिल्मों में माया मच्छिन्द्रा (1975), बिदाई (1974), राम भरोसे (1977), जय द्वारकाधीश (1977), जय गणेश (1978), मान अपमान (1979), घर की लाज (1979), संत ज्ञानेश्वर (1983), भगवान दादा (1986), जाग उठा इंसान (1984), तूफान (1989), सनम आप की खातिर (1992) और जीवन दाता (1991) जैसी फिल्में शामिल हैं। कनन कौशल 1990 के दशक की शुरुआत तक इंडस्ट्री में सक्रिय रहीं, इसके बाद उन्होंने सिनेमा से दूरी बना ली।

# इंडो-अमेरिकन फिल्म के लिए साथ आए मनोज-राणा



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी साउथ सुपरस्टार राणा दग्गुबाती द्वारा निर्मित अमेरिकी निर्देशक बेन रेखी की आने वाली अनाम फिल्म में नजर आएंगे। पिंजर (2003) की रिलीज के बाद मनोज बाजपेयी अभिनेता फ्रैंक लैंगेला के साथ एक अंतर्राष्ट्रीय फिल्म में अभिनय करने वाले थे, लेकिन यह प्रोजेक्ट सफल नहीं हुआ। दो दशक से अधिक समय बाद मनोज बाजपेयी ने अपनी फिल्मोग्राफी में एक इंडो-अमेरिकन फिल्म को जोड़ा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, अभिनेता अब अमेरिकी फिल्म निर्माता बेन रेखी द्वारा निर्देशित एक अनाम हिंदी सोशल ड्रामा फिल्म में काम कर रहे हैं, जिन्होंने पहले आश्रम (2018) और वॉच लिस्ट (2019) का निर्देशन किया था। फिल्म का निर्माण राणा दग्गुबाती ने किया है, जो मनोज बाजपेयी के साथ उनका पहला सहयोग है। यह कथित तौर पर मनोज बाजपेयी की पहली इंडो-अमेरिकन फिल्म भी होगी। बेन रेखी इस अनाम नाटक की कहानी लिखी है। यह कहानी मनोज बाजपेयी द्वारा अभिनीत एक आम आदमी पर आधारित है, जिसकी पारिवारिक कठिनाइयां उसे एक उद्देश्य के लिए लड़ने के लिए मजबूर करती हैं।

# समंदर की गहराइयों में मिले 'सुपरनोवा कब्रिस्तान' के सबूत



वॉशिंगटन। ब्रह्मांड के कई ऐसे रहस्य हैं जिनका राज-फाश होना अभी बाकी है। वैज्ञानिक सालों से इन रहस्यों की गुत्थी को सुलझाने में लगे हैं। हाल ही में एक रिसर्च में सामने आया है कि लगभग 1 करोड़ साल पहले पृथ्वी के पास महा विस्फोट हुआ था, जिसके सबूत समंदर के अंदर और चांद पर मौजूद हैं। समंदर में गहराइयों में शोधकर्ताओं ने रेडियोधर्मी प्लूटोनियम की एक अनूठी किस्म पाई है। जो किलोनोवा नामक ब्रह्मांडीय विस्फोट की एक दुर्लभ प्रजाति का मलबा प्रतीत होता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह संभवतः लगभग 10 मिलियन साल यानी एक करोड़ साल पहले पृथ्वी के पास विस्फोटित हुआ था।

## चांद पर भी है मौजूद! 1 करोड़ साल पहले की रहस्यमयी घटना



### वैज्ञानिकों के हाथ लगी बड़ी सफलता

इलिनोइस अर्बाना शैंपेन विश्वविद्यालय के खगोलशास्त्री ब्रायन फील्ड्स ने 2025 अमेरिकन फिजिकल सोसाइटी ग्लोबल फिजिक्स समिट में कहा कि हम एक सुपरनोवा कब्रिस्तान में रहते हैं। सुपरनोवा.. चट्टानों के छोटे-छोटे कण बनाते हैं जो सचमुच पृथ्वी पर बरस सकते हैं। वे समंदर की गहराई में जमा हो सकते हैं और चांद पर भी लटके मिल सकते हैं। बता दें कि फील्ड्स ने 1990 के दशक से ही इस ब्रह्मांडीय मलबे के बारे में सिद्धांत बनाए हैं। लेकिन, 2004 तक शोधकर्ताओं ने समंदर के नमूनों से सुपरनोवा के अवशेषों को छांटना शुरू नहीं किया था। उन्हें लोहे के रेडियोधर्मी संस्करण के निशान मिले जो पृथ्वी पर स्वाभाविक रूप से नहीं पाए जाते हैं।



### क्यों बेहद खास है यह खोज

बाद के वर्षों में समंदर और चांद दोनों से लगभग एक दर्जन से अधिक नमूनों ने इस विस्फोटक इतिहास की अधिक विस्तृत तस्वीर पेश की। फील्ड्स और उनके सहयोगियों के अपडेटेड सिद्धांतों ने 3 मिलियन और 8 मिलियन साल पहले हुई दो अलग-अलग सुपरनोवा घटनाओं की ओर इशारा किया। 2021 में यह कहानी और भी दिलचस्प हो गई. जब शोधकर्ताओं ने उन्हीं नमूनों में एक और भी दुर्लभ पदार्थ की खोज की- प्लूटोनियम का एक रेडियोधर्मी। इस खोज के लिए एक ऐसी मूल कहानी की जरूरत थी जो सुपरनोवा को जन्म देने वाली हिंसक सितारों की मृत्यु से भी अधिक असामान्य हो।

### सालों से चल रहा है शोध

शोधकर्ताओं ने जो प्लूटोनियम वैरिएंट पाया वह किलोनोवा से आया माना जाता है। विस्फोट जो दो बाइनरी न्यूट्रॉन सितारों के एक- दूसरे की ओर एक प्रलयंकारी टक्कर के कारण होता है। किलोनोवा हमारे ग्रह के कुछ दुर्लभ तत्वों जैसे सोना और प्लैटिनम के लिए भी जाना जाता है। खगोलविदों ने लंबे समय से इस तरह के विस्फोट को जानने की कोशिश की है। अब फील्ड्स और उनके सहयोगियों को संदेह है कि एक अलग किलोनोवा घटना उन दो पहले से पहचाने गए सुपरनोवा से पहले हुई थी.। जो कम से कम 10 मिलियन साल पहले हुई थी।

## रोचक खबरें



### ये है दुनिया का सबसे महंगा कुत्ता, भारतीय ने 50 करोड़ में खरीदा, भेड़िए जैसी होती है ताकत

**नई दिल्ली**। जब भी वफादारी की बात होती है, तो सबसे पहले कुत्तों का नाम आता है। शायद ही कोई कुत्तों से अधिक वफादार हो। इंसान भी कुत्तों से प्यार और पसंद करता है। दुनियाभर में बहुत से ऐसे लोग हैं, जो हजारों और लाखों रुपए खर्च कर कुत्तों की विदेशी नस्लें मंगवाते हैं। सूझबूझ से लेकर शारीरिक क्षमता में कुत्तों का कोई जवाब नहीं है। लेकिन ,क्या आप जानते हैं कि कुत्तों में सबसे महंगा कुत्ता कौन सा है? दुनिया में एक कुत्ता है, जो भेड़िए की तरह ताकतवर और फुर्तीला है। यह दूसरे कुत्तों की तरह ही है। इस खास कुत्ते को वुल्फडॉग कहा जाता है। यह अपनी ताकत और चेहरे के कारण मशहूर है। साथ ही यह दुनिया का सबसे महंगा कुत्ता है। वुल्फडॉग की कीमत लाखों-करोड़ों में है। यह कुत्ता एक बार फिर लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। इस बार इसकी कीमत की वजह से लोगों के बीच चर्चा हो रही है। दरअसल, बेंगलुरु के ब्रीडर एस सतीश ने दुनिया के सबसे महंगे कुत्ते को खरीदा है। इस वुल्फडॉग की कीमत 50 करोड़ रुपए है। माना जा रहा है कि यह अभी तक का सबसे महंगा कुत्ता है। यह अपनी तरह का पहला कुत्ता है। यह जंगली भेड़िये और कोकेशियान शेफर्ड का मिक्स ब्रीड है।

### आलू-टमाटर जैसे झोले में भरे बच्चे बाइक पर टांगकर निकला बाप

**नई दिल्ली**। कई बार ऐसा होता है कि हमें कहीं जाना होता है, लेकिन हमारे पास साधन पर्याप्त नहीं होते हैं। ऐसे में लोगों को एक ही वाहन में एडजस्ट करके बिठाया जाता है। अगर कार है, तो लोग किसी तरह घुसकर बैठ भी जाते हैं लेकिन अगर बाइक है, तो स्थिति अलग हो जाती है। एक ऐसी ही तस्वीर इस वक्त सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।आमतौर पर जब भी बच्चों को किसी भी वाहन पर बिठाकर ले जाते हैं, तो ज़िम्मेदारी बढ़ जाती है। वायर वीडियो में नज़ारा कुछ अलग ही दिख रहा है। यहां पर जिस तरह से एक पिता ने अपनी सामान्य की बाइक पर 5 बच्चों को एडजस्ट किया हुआ है, वो बेहद खतरनाक है।



**झोले में भरकर टांग लिए बच्चे** : वायरल हो रहा वीडियो टर्की के अंदाना शहर का बताया जा रहा है। इसमें आप देख सकते हैं कि एक शख्स सिग्नल पर रुका हुआ है। वो आगे गाड़ी चला रहा है और पीछे उसके बच्चे बैठे हुए हैं। तीन बच्चे पर बाइक की सीट पर हैं, लेकिन दो बच्चे झोले में किसी सामान की तरह भरे हुए हैं जिन्हें बाइक के दोनों तरफ टांगा गया है। पीछे बैठी हुई लड़की इन झोलों को हाथ से पकड़े हुए है, ताकि वो गिरें नहीं। ये खतरनाक राइड देखकर किसी का भी दिल बैठ सकता है।

### सप्ताह में बस 42 घंटे काम, सालाना 1.5 करोड़ सैलरी रहना-खाना सबकुछ फ्री, लेकिन एक छोटी सी शर्त

**लंदन**। दुनियाभर में कई खूबसूरत द्वीप हैं, जहां लोग छुट्टियां बिताने जाते हैं। इसके लिए वे लाखों रुपए खर्च करते हैं। ऐसे में आज हम आपको एक ऐसे खूबसूरत आइलैंड के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आपको रहना-खाना सबकुछ मुफ्त मिलेगा। इसके अलावा अगर आप यहां पर गए तो रहने के बदले में 1.5 करोड़ रुपए भी मिलेगा। लेकिन, एक शर्त है, अगर आप इसमें फिट नहीं बैठते तो आपके लिए ये जगह नहीं है। अगर मामला जम गया तो वारे-न्यारे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उइस्ट और बेनबेकुला नाम का यह आइलैंड स्कॉटलैंड के पश्चिमी तट पर बसा हुआ है। अभी यहां सिर्फ 40 लोग रहते हैं। लेकिन, आने वाली गर्मियों में इस आइलैंड पर बहुत सारे टूरिस्ट पहुंचने की संभावना है। इसका ध्यान रखते हुए वहां के प्रशासन ने कुछ नौकरियां निकाली हैं, ताकि टूरिस्ट्स का विशेष ध्यान रखा जा सके।पहली पोस्ट एक जनरल प्रैक्टशियन यानी डॉक्टरों की है। लेकिन , उसके लिए जो सुविधाओं की बात कही गई है, वह वास्तव में काफी अलग और अनोखी हैं। सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी वायरल हो रही है।



**डॉक्टर को मिलेगी 1 करोड़ सालाना सैलरी** : वायरल हो रहे पोस्ट के मुताबिक, एनएचएस वेस्टर्न आइल्स की ओर जारी की गई भर्ती में कहा गया है कि डॉक्टर को 1 करोड़ सालाना सैलरी मिलेगी, जो ब्रिटेन के डॉक्टरों से लगभग 40 प्रतिशत ज्यादा है। इसके अलावा 8 लाख रुपए ट्रांसफर एलाउंस, 1.3 लाख रुपए वर्किंग एलाउंस और 11 लाख रुपए गोल्डन एलाउंस अलग से मिलेगा। इन तमाम खर्चों को जोड़ दिया जाए तो तकरीबन 1.5 करोड़ रुपए मिलेंगे। हफ्ते में सिर्फ 40 से 42 घंटे ही काम करना होगा। जो इस द्वीप पर काम करना चाहते हैं, उनकी ग्रामीण चिकित्सा में रुचि होनी चाहिए। इसके अलावा, आपके पास तटीय क्षेत्रों में काम करने का अनुभव भी जरूरी है।

# डार्क एनर्जी के नए सच ने वैज्ञानिकों को चौंकाया! क्या ब्रह्मांड के अस्तित्व पर मंडरा रहा नया संकट?

वॉशिंगटन। सुनीता विलियम्स के अंतरिक्ष से धरती पर लौटने के बाद 'स्पेस साइंस' से जुड़े सवालों के जवाब लोगों को हैरान कर रहे हैं। स्पेस में हर क्षण कितना कुछ घट रहा है? आम आदमी की ये कल्पना से भी परे है। दुनिया भर के वैज्ञानिकों के लिए ये ब्रह्मांड आज भी बेहद कौतूहल का विषय है। इसके रहस्यों को सुलझाने के लिए साइंटिस्ट दिन-रात रिसर्च कर रहे हैं। अब एक नई रिसर्च में 'डार्क एनर्जी' के बारे में कई खुलासे हुए हैं। नई थ्योरी में ये अंदेशा जताया जा रहा कि डार्क एनर्जी समय से साथ कमजोर पड़ती जा रही है। अगर ऐसा हुआ तो ब्रह्मांड के लिए ये एक बड़ा खतरा होगा।

### डार्क एनर्जी क्या है?

सबसे पहले जान लीजिए कि आखिर ये डार्क एनर्जी है क्या? डार्क एनर्जी दरअसल एक अदृश्य शक्ति है, जो ब्रह्मांड को तेजी



से फैला रही है। यह न तो प्रकाश के साथ और न ही किसी पदार्थ के साथ प्रतिक्रिया करती है। वैज्ञानिक अभी तक यह नहीं समझ पाए हैं कि यह कैसे काम करती है या यह कहां से आती है। शिकागो यूनिवर्सिटी साइंटिस्ट जोशुआ फ्रीमैन का मानना है कि डार्क मैटर और डार्क एनर्जी के बीच 'ब्रह्मांडीय खींचतान' चल रही है। डार्क मैटर आकाशगंगाओं को एक साथ खींचता है, जबकि डार्क एनर्जी उन्हें धकेलती है, यानी दूर करती है। शुरुआती 9 अरब सालों तक डार्क मैटर हावी रहा, लेकिन बाद में डार्क एनर्जी ने ब्रह्मांड के विस्तार को तेज कर दिया।

## वैज्ञानिकों के लिए ब्रह्मांड आज भी बेहद कौतूहल का विषय

### डार्क एनर्जी का प्रभाव

वैज्ञानिकों का मानना है कि डार्क एनर्जी ही इस तेजी से होते विस्तार का कारण है। यह एक ऐसी शक्ति है जो आकाशगंगाओं को एक दूसरे से दूर धकेलती है। लेकिन, वे यह नहीं जानते कि यह इतनी शक्तिशाली कैसे है।



### क्या है डार्क मैटर


डार्क एनर्जी के अलावा ब्रह्मांड में एक और रहस्यमय चीज है जिसे 'डार्क मैटर' कहा जाता है। यह ब्रह्मांड का लगभग 25% हिस्सा बनाता है, लेकिन यह भी अदृश्य है और हम इसके बारे में बहुत कम जानते हैं।

### डार्क एनर्जी का महत्व

डार्क एनर्जी को समझना हमारे ब्रह्मांड को समझने के लिए बेहद जरूरी है। यह हमें यह समझने में मदद कर सकता है कि ब्रह्मांड कैसे बना और यह कैसे काम करता है। यह हमें यह भी बता सकता है कि ब्रह्मांड का अंत कैसे होगा। वैज्ञानिक डार्क एनर्जी के बारे में जानने के लिए बहुत उत्साहित हैं। वे इसे ब्रह्मांड का सबसे बड़ा रहस्य मानते हैं। उन्हें उम्मीद है कि वे जल्द ही इस रहस्य को सुलझाने में सक्षम होंगे और ब्रह्मांड के बारे में हमारी समझ

### वैज्ञानिकों की नई थ्योरी

वैज्ञानिकों ने डार्क एनर्जी के बारे में कई थ्योरी दी हैं। एक थ्योरी यह है कि खाली जगह में भी ऊर्जा होती है, जो ब्रह्मांड के विस्तार का कारण बनती है। लेकिन, यह थ्योरी अभी तक पूरी तरह से सिद्ध नहीं हुई है। हाल ही में, वैज्ञानिकों ने डार्क एनर्जी के बारे में कुछ नए निष्कर्ष निकाले हैं। उन्होंने पाया है कि डार्क एनर्जी समय के साथ कमजोर हो सकती है। हालांकि, पुख्ता तौर पर अभी ये नहीं कहा जा सकता।फिर भी यदि यह सच है, तो यह ब्रह्मांड के अंत के बारे में हमारी समझ को बदल सकता है। वैज्ञानिक अभी भी डार्क एनर्जी के बारे में अधिक जानने की कोशिश कर रहे हैं। वे शक्तिशाली टेलिस्कोप और अन्य उपकरणों का उपयोग कर रहे हैं ताकि ब्रह्मांड का बेहतर ढंग से समझ सकें।



### ब्रह्मांड का विस्तार

लगभग 13.8 अरब साल पहले, बिग बैंग नामक एक घटना हुई थी, जिसने ब्रह्मांड की शुरुआत की। तब से ब्रह्मांड लगातार फैल रहा है। लेकिन, वैज्ञानिकों ने पाया है कि यह विस्तार धीरे-धीरे नहीं हो रहा है, बल्कि तेजी से हो रहा है। 19 मार्च को ही यूरोपियन स्पेस एजेंसी ने अपने यूक्लिड मिशन का पहला डेटा दुनिया के सामने रखा है। इस डेटा में 2,60,00,000 आकाशगंगाएं शामिल हैं। इनमें 3,80,000 से अधिक आकाशगंगाओं की एक सूची शामिल है, जिनका आकार यूक्लिड ने मापा है। इस मिशन में 500 आकाशगंगाओं की करीब से तस्वीरें ली हैं। यूक्लिड ने ब्रह्मांड में तीन बड़े ऐसे डीप फील्ड्स की पहचान की है, जिनका साइज चंद्रमा से 300 गुना बड़ा है। इसके अलावा ब्रह्मांड के इस मकड़जाल में जो आकाशगंगा सबसे दूर है, उसकी दूरी 10.5 बिलियन प्रकाश वर्ष है।

# धरती से 5 गुना बड़ा.. हीरों से भरा ग्रह मिल गया! नासा की नई खोज से दुनिया में मचा तहलका

वॉशिंगटन। अंतरिक्ष की दुनिया गजब है। कई बार यहां की नई खोजें रहस्यों को समझने का मौका देती हैं। लेकिन, कई बारे तहलका मचा देती हैं। इसी कड़ी में हाल ही में नासा के जेम्स वेब टेलीस्कोप ने एक चौंकाने वाली खोज की है। एक ऐसा ग्रह जो न केवल धरती से पांच गुना बड़ा है, बल्कि हीरों से भरा हो सकता है। वैज्ञानिकों ने इस ग्रह को 55 कैन्क्री ई नाम दिया है जो धरती से 41 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है।



### कहा जा रहा सुपर-अर्थ


एक रिपोर्ट्स के मुताबिक 55 कैन्क्री ई को सुपर-अर्थ की श्रेणी में रखा गया है, क्योंकि इसका आकार धरती से करीब पांच गुना बड़ा है। वैज्ञानिकों के अनुसार इस ग्रह का एक बड़ा हिस्सा हीरों और ग्रेफाइट जैसी कार्बन संरचनाओं से बना हो सकता है। यह खोज न केवल हमारी पारंपरिक ग्रह संरचना की समझ को चुनौती देती है, बल्कि यह भी बताती है कि ब्रह्मांड में कितनी विविधता हो सकती है।

**ये उबलता हुआ लावा ग्रह है?** : इस ग्रह का तापमान बहुत अधिक है। चूंकि, यह अपने तारे के बहुत करीब स्थित है इसलिए यह मात्र 17 घंटों में अपनी कक्षा का एक चक्कर पूरा कर लेता है। इस वजह से इसका सतह तापमान 2400 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। जिससे यह पूरी तरह पिघले हुए लावा में तब्दील हो जाता है।

### अंतरिक्ष विज्ञान में ऐतिहासिक मोड़

यह खोज वैज्ञानिकों के लिए बेहद अहम है, क्योंकि यह ग्रहों के निर्माण की हमारी समझ को चुनौती देती है। कार्बन-आधारित ग्रहों की खोज से यह सवाल उठता है कि क्या अन्य ग्रहों पर भी ऐसे तत्व मौजूद हो सकते हैं। इनका उपयोग भविष्य में किया जा सके। साथ ही यह हमें यह भी बताता है कि अलग-अलग स्थितियों में ग्रहों का विकास कैसे होता है।






### भविष्य की खोजों की दिशा

एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक वैज्ञानिक अब इस ग्रह के बारे में और गहराई से अध्ययन करने की योजना बना रहे हैं। इस खोज से यह भी संकेत मिलता है कि ब्रह्मांड में कई और ऐसे ग्रह हो सकते हैं जिनमें दुर्लभ धातुएं या रत्न हो सकते हैं। 55 कैन्क्री ई जैसी खोजें ब्रह्मांड को समझने में मदद करेंगी। साथ ही यह भी संकेत देंगी कि भविष्य में अंतरिक्ष में संसाधनों की खोज किस दिशा में जा सकती है।

**ग्रह की अनोखी संरचना और रहस्य** : धरती की तुलना में 55 कैन्क्री ई का वातावरण पूरी तरह अलग है। वैज्ञानिकों ने इसके चारों ओर एक विशेष वायुमंडल की मौजूदगी का संकेत दिया है। जो शायद ज्वालामुखीय गतिविधियों के कारण बना है। इससे ग्रह की अस्थिरता और अधिक बढ़ जाती है जो इसे अध्ययन के लिए और भी रोचक बनाता है।

## 85 मीटर लंबी, ये है दुनिया की सबसे छोटी अंतरराष्ट्रीय सीमा



### जानिए कैसे स्पेन के कब्जे में आ गया?

**मैड्रिड**। अगर आपसे पूछा जाए कि दुनिया का सबसे लंबा इंटरनेशनल बॉर्डर किन दो देशों के बीच है, तो आपका जवाब कनाडा और अमेरिका होगा। ये दोनों देश एक-दूसरे से सबसे लंबी अंतरराष्ट्रीय शेयर करते हैं। लेकिन, धरती पर सबसे छोटा इंटरनेशनल बॉर्डर कौन सा है? यह किन दो देशों के बीच है? तो बहुत कम लोगों को इसका जवाब पता होगा. ऐसे में आपको बता दें कि दुनिया की सबसे छोटी सीमा केवल 85 मीटर की है, जो स्पेन और मोरक्को को जोड़ती है। आपको जानकर हैरानी होगी, लेकिन यह एक छोटी चट्टान से जुड़ी है। इस चट्टान का नाम पेनोन दे वेलेज दे ला गोमेरा है, जो उत्तरी अफ्रीका में है। यह चट्टान बहुत खास है, क्योंकि यह दुनिया की सबसे छोटी राष्ट्रीय सीमा का हिस्सा है। इस चट्टान का क्षेत्रफल करीब 19,000 वर्ग मीटर है। सन 1564 में स्पेन के एक सेनापति पेड्रो दे एस्टोपिनन ने इस पर कब्जा किया था, तब से यह स्पेन का हिस्सा है।

### पहले यह चट्टान था एक आइलैंड

मोरक्को ने कई बार इसे अपना बताया, लेकिन स्पेन ने कभी इसे छोड़ा नहीं। वहां स्पेन के सैनिक रहते हैं जो इसकी रक्षा करते हैं। बता दें कि स्पेन का जमीनी बॉर्डर करीब 2000 किलोमीटर लंबा है। यह अंतरराष्ट्रीय सीमा पुर्तगाल और फ्रांस से लगती है। लेकिन, स्पेन के पास कई देशों से जुड़ी हुई छोटी सीमाएं भी हैं।

## बचपन में हुई एक दुखद घटना ने बदल दी पूरी जिंदगी

# ऐसा क्या हुआ कि 22 साल तक महिला बनकर रहा ये शख्स

एजेंसी ▶▶| लंदन

सोशल मीडिया पर एक शख्स की कहानी खूब वायरल हो रही है। पुरुष होने के बावजूद डोमिनिकन रिपब्लिक के इस शख्स ने 22 साल तक एक महिला के रूप में अपनी जिंदगी गुजारी है। बचपन में हुई एक दुखद घटना ने इस शख्स की पूरी जिंदगी ही बदलकर रख दी। ये कहानी है डोमिनिकन रिपब्लिक के फ्रैंक टैवरेस की, जिन्हें 'नन-मैन'के नाम से भी जाना जाता है। फ्रैंक ने अपनी अविश्वसनीय कहानी से दुनिया को चौंका दिया, क्योंकि पुरुष होते हुए भी वह 22 साल तक एक महिला के रूप में रहे। उनकी कहानी बचपन में हुई एक दुखद घटना से शुरू होती है। फ्रैंक ने अपनी यह कहानी खुद एक रेडियो चैनल पर सुनाई। फ्रैंक सिर्फ चार साल के थे, जब उनके सिर से माता-पिता का साया उठ गया। घर की आर्थिक स्थिति इतनी ठीक नहीं थी कि दादा-दादी देखभाल कर सकें, इसलिए उन्हें डोमिनिकन ननों की देखभाल में एक कॉन्वेंट में रखा गया।

### ननों के बीच पले-बढ़े

एक रिपोर्ट के अनुसार, फ्रैंक ननों के बीच पले-बढ़े। लड़कियों के कपड़े पहने और उनकी ही जीवनशैली को अपनाया। आलम ये रहा कि सात साल की उम्र तक फ्रैंक को एहसास ही नहीं हुआ कि वह लड़की नहीं, बल्कि लड़का हैं। जब इसका पता चला तो अस्वीकृति के डर से अपनी असली पहचान छिपाए रखने का फैसला किया, और कॉन्वेंट में सिस्टर मार्गरीटा के रूप में बने रहना जारी रखा।



### फ्रैंक का रहस्य हो गया उजागर

रिपोर्ट के अनुसार, फ्रैंक के रहस्य से पर्दा तब उठ गया, जब कॉन्वेंट के शिक्षक ने उनके द्वारा सिल्विया को लिखे एक पत्र को देखा, जिससे पता चल गया कि सिस्टर मार्गरीटा कोई महिला नहीं, बल्कि एक पुरुष है।

**कॉन्वेंट छोड़ने को हुए मजबूर** :1979 में 22 साल तक नन बने रहने के बाद फ्रैंक को आखिरकार कॉन्वेंट छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। वह सीमस्ट्रेस में ट्रेंड थे, इसलिए उन्हें दर्जी का काम मिल गया, जिसे उन्होंने 73 की उम्र तक करना जारी रखा।

### सिल्विया नाम की महिला से हो गया प्रेम

चूंकि फ्रैंक महिला नहीं, बल्कि पुरुष थे इसलिए किशोरावस्था में आकर कुछ ननों के लिए उनमें फीलिंग्स जागने लगी। इस कारण उन्हें दूसरे कॉन्वेंट में भेज दिया गया, जहां उन्हें सिल्विया नाम की एक महिला से उन्हें प्रेम हो गया। जब वह गर्भवती हुई, तब उसने फ्रैंक से कॉन्वेंट छोड़ने और खुद का परिवार शुरू करने का आग्रह किया। लेकिन, फ्रैंक ने यह कहकर इंकार कर दिया कि वह खुद की देखभाल करने वाली ननों को धोखा नहीं दे सकते।

**लव स्टोरी का हुआ अंत** : इसी के साथ फ्रैंक की लव स्टोरी का भी अंत हो गया, क्योंकि सिल्विया उन्हें छोड़कर अमेरिका चली गई। फ्रैंक का कहना है कि वह अपनी बेटी से कभी मिल नहीं सके, लेकिन वह उसे अपने जीवन का प्यार मानते हैं।

## पतंजलि विश्वविद्यालय में हुई शास्त्रोत्सव स्पर्धा

# भारतीय शास्त्र सृष्टि के रहस्यों को जानने का माध्यम



**हरिद्वार।** "हमारे शास्त्र केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि के रहस्यों को जानने का माध्यम हैं। भारतीय शास्त्रों और ग्रंथों में ऐसे अद्भुत सूत्र निहित हैं, जो आधुनिक ज्ञान-विज्ञान में परिलक्षित होते हैं।" उक्ताशय के विचार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पतंजलि विश्वविद्यालय में आयोजित 62वीं अखिल भारतीय शास्त्रोत्सव स्पर्धा के समापन समारोह में व्यक्त किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा का आधार हमारे प्राचीन शास्त्र हैं, जिनमें विज्ञान, योग, चिकित्सा, गणित और दर्शन के गूढ़ रहस्य समाहित हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि ऋषि-मुनियों द्वारा किए गए अनुसंधानों को केवल विरासत के रूप में संरक्षित करने के बजाय, उसे आगे बढ़ाना और आधुनिक परिप्रेक्ष्य में विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने प्राचीन ज्ञान को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रस्तुत करें, तो यह समस्त मानवता के लिए कल्याणकारी सिद्ध हो सकता है।

कार्यक्रम में पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने संस्कृत को तीर्थ और संस्कृति का गौरव बताते हुए जीवन में प्राचीन भारतीय शास्त्रों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने संस्कृत और भारतीय ज्ञान परंपरा को जीवन की उन्नति का मार्गदर्शक बताया। आचार्य जी ने देशभर से आए विद्वानों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों और सनातन परंपरा के अनुयायियों को दिशा-निर्देश दिए कि वेद और शास्त्रों के महत्व को जन-जन तक पहुँचाने के लिए सतत प्रयास करते रहें। शास्त्रोत्सव के समापन समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री, उत्तराखण्ड, डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने कहा कि संस्कृत कोई थकी-हारी भाषा नहीं है, बल्कि इसमें पूरे विश्व में अपना परचम लहराने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि संस्कृत में समस्त ज्ञान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी समाहित है। साथ ही, उन्होंने उत्तराखंड को राजभाषा का दर्जा मिलने और संस्कृत के क्षेत्र में उत्तराखंड राज्य का परचम पूरे विश्व में लहराने की बात कही। इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने भी संस्कृत, शास्त्र और भारतीय ज्ञान परंपरा पर महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किये। इस शास्त्रोत्सव स्पर्धा में देश के 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आए प्रतिभागियों को पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. मधुकेश्वर भट्ट तथा मंच संचालन डॉ. पवन व्यास ने किया।

समापन समारोह में महामंडलेश्वर स्वामी पुण्यानंदगिरिजी महाराज, उत्तराखंड के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद जी महाराज, वेरावल, गुजरात में श्रीसोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुकांत कुमार सेनापति, कुमार भास्कर वर्मा संस्कृत विश्वविद्यालय, असम के कुलपति प्रो. प्रह्लाद आर जोशी, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में कुलपति डॉ. मुरली मनोहर पाठक, पतंजलि विश्वविद्यालय की कुलानुशासिका प्रो. साध्वी देवप्रिया, प्रतिकुलपति-पतंजलि विश्वविद्यालय प्रो. मयंक कुमार अग्रवाल के साथ-साथ पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार और केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के संकाय सदस्य, अधिकारीगण, देश के कोने-कोने से आए विद्वतजन व गणमान्य उपस्थित रहे।

# एईएसएल को गुजरात में ग्रीन हाइड्रोजन/अमोनिया निर्माण के लिए 2,800 करोड़ रुपए की ट्रांसमिशन परियोजना मिली




**अहमदाबाद।** भारत की सबसे बड़ी निजी ट्रांसमिशन और वितरण कंपनी और वैश्विक रूप से विविधीकृत अदानी पोर्टफोलियो का हिस्सा अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने आज कहा कि उसे गुजरात में एक पावर ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट मिला है, जो गुजरात के मुंद्रा में ग्रीन हाइड्रोजन और ग्रीन अमोनिया के निर्माण के लिए ग्रीन इलेक्ट्रॉन की आपूर्ति करेगा। इस परियोजना की लागत लगभग 2,800 करोड़ रुपये होगी और इसे 36 महीनों में पूरे देश में पहुँचाया जाएगा। इस परियोजना 'मुंद्रा, गुजरात में ग्रीन हाइड्रोजन/अमोनिया निर्माण क्षमता के लिए ट्रांसमिशन सिस्टम' में दो बड़े 765/400 केवी ट्रांसफॉर्मर जोड़कर नवीनल (मुंद्रा) विद्युत सबस्टेशन को अपग्रेड करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, इस सबस्टेशन को भुज सब स्टेशन से जोड़ने के लिए 75 किलोमीटर लंबी 765केवी डबल-सर्किट लाइन का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना से एईएसएल के समग्र ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर में 150 सीकेएम ट्रांसमिशन लाइनें और 3,000 एमवीए की परिवर्तन क्षमता जुड़ेगी, जिससे उनकी क्षमता क्रमशः 25,928 सीकेएम और 87,186 एमवीए हो जाएगी। एईएसएल ने टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) तंत्र के तहत परियोजना जीती और पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड बोली प्रक्रिया समन्वयक थी। परियोजना एसपीवी को औपचारिक रूप से 20 मार्च, 2025 को एईएसएल को हस्तांतरित कर दिया गया। यह इस वित्तीय वर्ष में एईएसएल की छठी ऑर्डर जीत है, जिससे इसकी ऑर्डरबुक 57,561 करोड़ रुपये हो गई है।

# एस्ट्रोनॉट अंतरिक्ष से लौटकर कितने दिनों बाद खा सकते हैं नॉन वेज, शराब कब तक नहीं पी सकते

**वॉशिंगटन।** एस्ट्रोनॉट्स का खानपान बाकी लोगों से काफी अलग होता है। उनकी हेल्थ की मौजूदा स्थिति को देखते हुए उनके लिए मेन्यू तैयार किए जाते हैं। खासतौर इस दौरान ये ध्यान दिया जाता है कि अंतरिक्ष से लौटने के बाद उनका एनर्जी लेवल क्या है? ऐसे में, चलिए जानते हैं उन्हें खानपान में किया दिया जाता है। अमेरिकी स्पेस एजेंसी की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर अंतरिक्ष में 9 महीने बिताने के बाद धरती पर लौट आए हैं। अंतरिक्ष से लौटने के बाद दोनों का खास ख्याल रखा गया है, क्योंकि स्पेस में लंबे वक्त तक रहने की वजह से एस्ट्रोनॉट्स को धरती पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए, उनके खानपान को लेकर काफी सावधानियां बरती जाती है। उन्हें कुछ दिनों तक ऐसा खाना -पीना दिया जाता है, जो धीरे धूरे उन्हें शारीरिक तौर यहां की स्थितियों के अनुकूल बनाता है। ऐसा पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के दोबारा री-एडजस्टमेंट करने के लिए किया जाता है। इतना ही नहीं, उन्हें दो हफ्ते तक शराब छूने पर भी पाबंदी रहती है।

### न्यूट्रिशनिस्ट

जहां संतुलित आहार के लिए विशेष स्पेस सेंटर में पोषण न्यूट्रिशनिस्ट उनकी डाइट को सामान्य करते हैं, जिसमें प्रोटीन (चिकन, मछली), कार्बोहाइड्रेट (पास्ता, ब्रेड), और विटामिन से भरपूर सब्जियां शामिल होती हैं। साथ ही, हड्डियों को मजबूत करने के लिए कैल्शियम और विटामिन डी को पूरा करने के लिए सप्लीमेंट्स भी दिए जा सकते हैं।

### कब से खा सकते है चिकन-मटन

अंतरिक्ष से लौटने के बाद एस्ट्रोनॉट्स को अपनी पसंद का खाना खासतौर पर चिकन, मटन, या अल्कोहल शुरू करने के लिए कई बातों पर ध्यान देना पड़ता है, जिसमें शारीरिक स्थिति, पाचन तंत्र का कंडीशन और नासा के डॉक्टरों की सलाह पर भी निर्भर रहना पड़ता है।




### पहले दिन का खानपान

इसके बाद अगर उनकी हालत स्थिर होती है उन्हें पहले दिन हल्का ठोस भोजन भी दिया जाता है। लेकिन, वो आसानी से पचने वाला भोजन हो, जिसमें उबले चावल, मैश्ड आलू, उबली सब्जियां या टोस्ट शामिल है। वहीं, मांसपेशियों के नुकसान को बेहतर करने के लिए हल्का प्रोटीन के लिए उबले अंडे या चिकन ब्रोथ दिए जा सकते हैं। हालांकिस, इसके बाद उन्हें न्यूट्रिशनिस्ट की देखरेख में भोजन दिया जाता है।

### धरती पर उतरने के तुरंत बाद (स्प्लैश डाउन के पहले कुछ घंटे)

जब अंतरिक्ष यान धरती पर उतरता है। तब एस्ट्रोनॉट्स को शुरुआत में हल्के और पेय पदार्थ दी जाती है। हाइड्रेशन और ऊर्जा का स्तर बनाने के लिए उन्हें तरल आहार दिया जाता है। मसलन उन्हें पानी, इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक्स या ग्लूकोज पीने के लिए दिए जाते हैं। साथ ही, नमक और चीनी का घोल, फल का जूस, या हल्का सूप भी देते हैं।



### एस्ट्रोनॉट्स को खानपान में क्या दिया जाता है?

एस्ट्रोनॉट्स का खानपान बाकी लोगों से काफी अलग होता है। उनकी हेल्थ की मौजूदा स्थिति को देखते हुए उनके लिए मेन्यू तैयार किए जाते हैं। खासतौर इस दौरान ये ध्यान दिया जाता है कि अंतरिक्ष से लौटने के बाद उनका एनर्जी लेवल क्या है? पाचन तंत्र किस तरह से काम कर कर रहा है, क्योंकि अंतरिक्ष में शून्य गुरुत्वाकर्षण के कारण पाचन तंत्र पर बहुत ज्यादा प्रभाव पड़ता है। लिहाजा, इन सब को देखते हुए उन्हें खान-पान दिया जाता है। हालांकि, स्थिति को देखते हुए खान-पान में बदलाव भी किया जाता है।

## रोमिंग पैक देगा दुनिया भर में कनेक्टिविटी

**नई दिल्ली।** अंतजर्राष्ट्रीय रोमिंग पैक एयरटेल उपभोक्ताओं को 180 से अधिक देशों में निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। 133 रुपये प्रतिदिन से शुरू होने वाले प्लान के साथ, एयरटेल 180 से अधिक देशों में निर्बाध वॉयस और हाई-स्पीड डेटा कनेक्टिविटी देगा। यात्री अब अपनी यात्रा की अवधि के आधार पर एक एकल, सर्व-समावेशी पैकेज का चयन कर सकते हैं।

## टीकेएम पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध




**बैंगलोर।** 'विश्व वन दिवस' और 'विश्व जल दिवस' पर मना रही है, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। टोयोटा एनवायमेंटल चैलेंज 2050 की स्थापना 2015 में हुई थी। इसके लिए कार्बन उत्सर्जन, संसाधनों की कमी, पानी की कमी और इसकी संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में जैव विविधता के नुकसान जैसी चुनौतियों का समाधान किया जा सकता है। टीकेएम की प्रतिबद्धता के केंद्र में 'ग्रह के प्रति सम्मान' का गहन दर्शन निहित है, जो पारिस्थितिकी तंत्र और स्थानीय समुदायों को समृद्ध करते हुए पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के कंपनी के प्रयासों को प्रेरित करता है।

**आवश्यकता**


आवश्यकता है- सुनहरा अवसर सरकारी नौकरी भारतीय वनविभाग में सीधी पक्की भर्ती, परमानेंट बेसेस पर, आवेदन करें, (10वी+12वी) पास लड़के लड़कियां आवेदन के लिए, आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट व्हाट्सएप करें, पद - वनसिपाही, वनरक्षक, क्लर्क, वनपाल सैलरी -(25000/- से 35000/-) संपर्क करें - 9933803418 (रायपुर /22/मार्च 25)

**छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।**



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

**छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।**



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रंगीन क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**

## चीन की इस दादी ने इंटरनेट पर मचाया तूफान, उम्र जानकर चकराया लोगों का माथा

**बीजिंग।** बच्चे को दूध पिलाती चीनी महिला की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। बताया जा रहा है कि महिला बच्चे की दादी है। जाहिर है, आप कहेंगे कि इसमें क्या खास है। दरअसल, एक बच्चे की दादी होने के बावजूद महिला की छरहरी काया और उसकी गजब की खूबसूरती देखकर नेटिजन्स का सिर चकराया हुआ है। यकीन मानिए, जब आप इस महिला की असल उम्र जानेंगे तो आप भी भौचक्के रह जाएंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार, यह महिला चीन के अनहुई प्रांत के सूजौ की रहने वाली है। चीनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर महिला का एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है। इसमें महिला बोतल से एक बच्चे को दूध पिलाते हुए नजर आ रही है, जबकि बच्चे की मां पास में ही बिस्तर पर लेटी हुई थी. एक महीने का यह बच्चा महिला का पहला पोता है। यह जानकर हैरानी होगी कि यह महिला महज 39 वर्ष में ही दादी बन गई है।

## राशिफल

**मेष** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। परिवार का साथ मिलेगा। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। शैक्षिक कार्यों पर

**वृष** मन परेशान रहेगा। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि भी हो सकती है। परिश्रम अधिक

**मिथुन** मन अशान्त हो सकता है। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कुटुम्ब परिवार में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। तरक्की के अवसर भी मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते

**सिंह** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में किसी दूसरे स्थान पर जाना हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मानसिक शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्चों में वृद्धि होगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में पदोन्नति के साथ परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।

**धनु** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान भी हो सकता है। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**मकर** जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं।

**कुंभ** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

**मीन** मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

# 43 हजार रुपए में बिका अंडा, आखिर ऐसी क्या है खासियत, जो इतना महंगा लगा दाम?

बाजार में आपको मुर्गी या बत्तख के अंडे बड़ी आसानी से मिल जाएंगे। दोनों के रेट अलग-अलग होते हैं। पर जितने भी हों, आपको ये अंडे 7 रुपए से लेकर 15 रुपये तक में मिल जाएंगे। शहरों और गांवों के दामों में फर्क पड़ सकता है। पर क्या आपने कभी सुना है कि कोई अंडा 43 हजार रुपए में बिका हो? हाल ही में ब्रिटेन में एक अंडा नीलाम हुआ है, जिसकी कीमत 43 हजार रुपए लगाई गई है। ये अंडा 500 डॉलर में नीलाम हुआ। तो सवाल वही उठता है कि इसमें ऐसी क्या खासियत थी जो इसका दाम इतना ज्यादा लगाया गया?



**लंदन।** एक रिपोर्ट के अनुसार ब्रिटेन के फेंटॉन फार्म में काम करने वाले लोग तब चौंक गए जब उन्हें एक ऐसा अंडा मिला, जो पूरी तरह गोल था। आपने अंडाकार आकार के बारे में सुना होगा। दरअसल, अंडा पूरी तरह गोल नहीं होता, बल्कि ऊपर-नीचे से ज्यादा उभरा रहता है और बीच से पतला रहता है। मगर, जिस अंडे की हम बात कर रहे हैं, वो पूरी तरह गोल है। इस वजह से अंडे को लाखों में एक माना जा रहा है। जब इसकी नीलामी हुई तो ये 43 हजार रुपए से ज्यादा दाम में बिका।

### पहले भी मिल चुके हैं ऐसे अंडे


उन्हें लगा था कि अंडा कम दाम में बिकेगा तो वो खुद ही उसे खरीद लेंगी। पर जब वो इतनी ज्यादा कीमत में बिक गया तो उनके होश उड़ गए। वैसे ये पहली बार नहीं है जब किसी को इस तरह पूर्ण रूप से गोल अंडा देखने को मिला हो। इससे पहले भी एक ऑस्ट्रेलियाई महिला को 2023 में पूरी तरह से गोल अंडा देखने को मिला था।



### जो खरीदेगा वो नहीं खाएगा

इस नीलामी में जो कमाई हुई, उसे डेवॉन रेप क्राइसेस ऑर्गनाइजेशन को दान दे दिया गया। फार्म में काम करने वाली एक महिला, एलिसन ग्रीन का कहना है कि अपने 3 साल के करियर में और 30 हजार अंडों को संभालने के दौरान उन्हें कभी ऐसा गोल अंडा देखने को नहीं मिला। उन्हें ये अंडा जनवरी में मिला था. ये सुनिश्चित करने के लिए कि अंडा खराब न हो जाए, टीम ने उसे नमक में सहेजकर रखा था। ग्रीन समझ गई थीं कि जो भी इस अंडे को खरीदेगा, वो निश्चित तौर पर उसे खाएगा नहीं क्योंकि ये बेहद दुर्लभ है।

## शब्द पहेली - 5812



**बाएँ से दाएँ**
1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढ़ंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

### शब्द पहेली- 5811 का हल



## सूडोकु नवताल - 5822

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5821 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि आतंकवाद लगातार उभरती हुई चुनौती बना हुआ है, जिसके खतरे लगातार सीमाओं को पार कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र में आतंकवाद का मुकाबला करने की दिशा में भारत के प्रयासों पर प्रकाश डाला

आतंकवाद के मुद्दे पर आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक

# लगातार उभरते आतंकवाद पर जताई चिंता, निपटने के लिए व्यापक रणनीति विकसित करने पर ध्यान केंद्रित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आतंकवाद के मुद्दे पर आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस (एडीएमएम-प्लस) विशेषज्ञ कार्य समूह (सीटी पर ईडब्ल्यूजी) की 14वीं बैठक 19 से 20 मार्च तक नई दिल्ली में हुई। बैठक में आसियान सचिवालय, आसियान देशों- लाओ पीडीआर, मलेशिया, इंडोनेशिया, म्यांमार, सिंगापुर, थाईलैंड, मलेशिया, फिलीपींस और वियतनाम, एडीएमएम-प्लस सदस्य राज्यों में चीन, अमेरिका, रूस, ऑस्ट्रेलिया, जापान और कोरिया गणराज्य के प्रतिनिधिमंडलों ने भाग लिया।

### भारत के प्रयासों पर प्रकाश डाला



रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने मुख्य भाषण दिया और कहा कि आतंकवाद लगातार उभरती हुई चुनौती बना हुआ है, जिसके खतरे लगातार सीमाओं को पार कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र में आतंकवाद का मुकाबला करने की दिशा में भारत के प्रयासों पर प्रकाश डाला। रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव अंतरराष्ट्रीय सहयोग अमिताभ प्रसाद, सेना के अतिरिक्त महानिदेशक विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

### भारत और मलेशिया ने 2024-27 के लिए कार्य योजना प्रस्तुत की

### एडीएमएम-प्लस मंच के माध्यम से भारत तालमेल स्थापित करेगा




### इंडो-पैसिफिक क्षेत्र आतंकवाद से प्रभावित

रक्षा सचिव ने यह भी बताया कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र विशेष रूप से आतंकवाद और हिंसक चरमपंथ से प्रभावित है, क्योंकि यह क्षेत्र भू-राजनीतिक और आर्थिक दृष्टिकोण से अत्यधिक महत्वपूर्ण है। आतंकवादी संगठन इन सीमाओं को पार कर अपने हमलों को बढ़ा रहे हैं, जो क्षेत्र की स्थिरता को खतरे में डालते हैं। एक समग्र, अनुकूल और गहरे दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जो इस क्षेत्र में सुरक्षा और शांति बनाए रखने में मदद कर सके।

### आतंकवाद एक वैश्विक खतरा

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि आतंकवाद एक वैश्विक खतरा है, जिसे केवल अंतरराष्ट्रीय सहयोग और मजबूत सुरक्षा तंत्र के माध्यम से ही समाप्त किया जा सकता है। भारत की जीरो टॉलरेंस नीति और एडीएमएम-प्लस मंच पर इसके सक्रिय प्रयास यह सुनिश्चित करेंगे कि आतंकवाद से निपटने के लिए एकजुट होकर काम किया जाए और वैश्विक शांति बनाए रखी जाए। उन्होंने एडीएमएम-प्लस मंच के माध्यम से भारत अपनी रक्षा सेनाओं, सुरक्षा एजेंसियों और नीति ढांचे के बीच एक तालमेल स्थापित करना चाहता है, ताकि उभरते हुए खतरों का प्रभावी तरीके से मुकाबला किया जा सके।

### जमीनी अनुभव साझा किए गए

*दो दिवसीय बैठक के दौरान आतंकवाद और उग्रवाद के उभरते खतरे से निपटने के लिए एक मजबूत और व्यापक रणनीति विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए चर्चा की गई। बैठक का उद्देश्य आसियान देशों के रक्षा बलों और उसके संवाद भागीदारों के जमीनी अनुभव को साझा करना था। बैठक के दौरान भारत और मलेशिया ने 2024-27 के लिए कार्य योजना प्रस्तुत की। इस दौरान 2026 में मलेशिया में विशेषज्ञ कार्य समूह के लिए टेबल-टॉप अभ्यास और 2027 में भारत में फील्ड प्रशिक्षण अभ्यास आयोजित करने का ऐलान किया गया। बैठक ने वर्तमान चक्र के लिए गतिविधियों, अभ्यासों, बैठकों और कार्यशालाओं की नींव रखी। बैठक में भाग लेने वाले देशों और आसियान सचिवालय के प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों ने क्षेत्र में आतंकवाद का मुकाबला करने के प्रयासों पर अपने विचार रखे। सांस्कृतिक दौरे के हिस्से के रूप में प्रतिनिधियों ने आगरा का भी दौरा किया।*

### भारत की जीरो टॉलरेंस नीति

रक्षा सचिव ने कहा कि भारत आतंकवाद के प्रति अपनी जीरो टॉलरेंस नीति पर पूरी तरह से दृढ़ है। भारत एक ऐसे दृष्टिकोण में विश्वास करता है, जिसमें मजबूत घरेलू तंत्र, खुफिया जानकारी का आदान-प्रदान और मजबूत क्षेत्रीय सहयोग शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### केंद्र सरकार के फैसलों से मणिपुर में जगी उम्मीद

**बेंगलुरु।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिन की अखिल भारतीय



प्रतिनिधि सभा शुक्रवार को बेंगलुरु में शुरू हुई। संघ के सह सरकार्यवाह सीआर मुकुंद ने मणिपुर की स्थिति को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि मणिपुर बीते 20 महीनों से बुरे दौर से गुजर रहा है, लेकिन केंद्र सरकार के कुछ राजनीतिक और प्रशासनिक फैसलों के बाद अब उम्मीद की किरण नजर आ रही है। हालांकि, राज्य में हालात सामान्य होने में अभी लंबा समय लगेगा। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू उत्पीड़न पर प्रस्ताव आएगा।

### इटली ने छापा समाचार पत्र का एआई संस्करण

**रोम।** इटली में दुनिया का पहला एआई समाचार पत्र छापा गया है।




इतालवी अखबार 'इल फोग्लियो' ने समाचार पत्र का एआई संस्करण छाप कर इतिहास रचा है। यह प्रयोग एक महीने तक चलेगा और इसका उद्देश्य एआई की सीमाओं और संभावनाओं को समझना है। इल फोग्लियो हर दिन अपनी सामान्य अखबार की कॉपी के साथ चार पन्नों का एआई-संस्करण भी प्रकाशित कर रहा है। इसमें करीब 22 लेख और 3 संपादकीय होते हैं, जो एआई के जरिए तैयार किए जाते हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ संबंधों पर चर्चा में कहा

# रिश्ते तो बहुत अच्छे लेकिन हाई टैरिफ समस्या आशा है वस्तुओं पर शुल्क में जल्द होगी कटौती

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उम्मीद जताई है कि भारत अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ में कटौती करेगा। उन्होंने कहा कि भारत के साथ हमारे बहुत अच्छे संबंध है, लेकिन वह अमेरिकी उत्पादों पर सबसे अधिक टैरिफ लगाने वाले देशों में शामिल है। ट्रंप ने इसके साथ ही अपनी उस धमकी को दोहराया भी है कि वह दो अप्रैल से भारत पर पारस्परिक शुल्क (रेसिप्रोकल टैरिफ) लगाएंगे। ट्रंप ने अमेरिकी न्यूज वेबसाइट दिए एक इंटरव्यू में भारत के साथ अमेरिका के संबंधों पर चर्चा करते हुए यह बात कही।

पीएम नरेंद्र मोदी के साथ पिछले महीने व्हाइट हाउस में हुई वार्ता के बारे में पूछे जाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के साथ उनके संबंध बहुत अच्छे हैं, लेकिन भारत के साथ इकलौती समस्या यह है कि वह दुनिया में सबसे अधिक टैरिफ लगाने वाले देशों में एक है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि वे संभवतः उन शुल्कों को काफी हद तक कम करने जा रहे हैं, लेकिन दो अप्रैल से हम उन पर उतना ही टैरिफ लगाएंगे, जितना वे हम पर लगाते हैं।

1 भारत दुनिया में सबसे अधिक टैरिफ लगाने वाले देशों में से एक

2 2 अप्रैल से भारत के बराबर ही टैरिफ लगाने की भी दी चेतावनी

### संघीय शिक्षा विभाग बंद, ट्रंप ने किए हस्ताक्षर



*राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका में शिक्षा विभाग को बंद करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को इस संबंध में एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर भी कर दिए। संघीय शिक्षा विभाग को बंद करने संबंधी अहम दस्तावेज पर हस्ताक्षर से पहले ट्रंप एक स्कूल में पहुंचे। जहां उन्होंने बच्चों से पूछा कि क्या उन्हें साइन करना चाहिए? बच्चों ने सहमति में सिर हिलाए, जिसके बाद ट्रंप ने कहा, 'मैं बहुत भाग्यशाली हूं। मैंने एक और दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए जो देश के लिए बहुत अच्छा साबित होगा।' ट्रंप ने हस्ताक्षर से पहले मेज पर रखी कलमों का इस्तेमाल करने से इनकार कर दिया और अपनी जेब से कलम निकाली।*

### आइएमईसी अद्भुत देशों का समूह

*भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे (आइएमईसी) के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने खासतौर पर चीन का जिक्र नहीं किया, लेकिन कहा कि यह अद्भुत देशों का समूह है, जो व्यापार पर हमें नुकसान पहुंचाने वाले दूसरे देशों का मुकाबला करने के लिए एक साथ आ रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि हमारे पास व्यापार में साझेदारों का एक शक्तिशाली समूह है। हालांकि, हम उन साझेदारों को बुरा व्यवहार करने की अनुमति नहीं दे सकते लेकिन हम अपने दुश्मनों के साथ कई मायनों में अपने दोस्तों की तुलना में कहीं बेहतर बर्ताव करते हैं। उन्होंने कहा कि यह अद्भुत देशों का एक समूह है जो उन देशों का मुकाबला कर रहा है जो व्यापार में हमें नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं। ट्रंप ने मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान आइएमईसी पर हस्ताक्षर किए थे।*

### यूक्रेन के साथ खनिज को लेकर भी बड़ा समझौता किया

यूक्रेन के साथ खनिज को लेकर हुए समझौते के बारे में ट्रंप ने कहा कि हम दुनिया भर में दुर्लभ मृदा और खनिजों तथा बहुत सी अन्य चीजों को अनलॉक करने के लिए विभिन्न स्थानों पर समझौतों पर हस्ताक्षर कर रहे हैं। विशेष रूप से, हम यूक्रेन और रूस के संबंध में बहुत अच्छा कर रहे हैं। हम जितने काम कर रहे हैं, उनमें से एक यूक्रेन के साथ दुर्लभ मृदा के संबंध में बहुत जल्द ही एक समझौते पर हस्ताक्षर करना है, इसका दुर्लभ मिट्टी में बहुत अधिक मूल्य है।

### मस्क को बड़ा झटका, अदालत ने सूचना जुटाने से रोका

*अमेरिका की एक संघीय न्यायाधीश ने एलन मस्क को बड़ा झटका दिया है। इसके तहत जज ने एलन मस्क के सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) को सामाजिक सुरक्षा प्रशासन प्रणालियों से अस्थाई रूप से रोक दिया है। जहां मैरीलैंड में अमेरिकी जिला न्यायाधीश एलेन हॉलेंडर ने यह निर्णय लिया कि डीओजीई टीम को सामाजिक सुरक्षा प्रशासन (एसएसए) प्रणालियों से अस्थायी रूप से रोक दिया जाए। बता दें कि मस्क की ये प्रणालियां लाखों अमेरिकियों का व्यक्तिगत डेटा रखती हैं। इस आदेश के तहत, डीओजीई टीम को उस सभी व्यक्तिगत जानकारी को हटाने का आदेश दिया गया है जो उनके पास है। यह फैसला उस समय आया जब श्रमिक संघों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए एक आपातकालीन आदेश मांगा था। उनका कहना था कि डीओजीई की टीम को सामाजिक सुरक्षा प्रशासन के डेटा तक 'लगभग असीमित' पहुँच है, जो गोपनीयता कानूनों का उल्लंघन करता है और गंभीर सुरक्षा खतरों को जन्म दे सकता है।*

रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध विराम की तैयारी

# शांति सेना बनाने की तैयारी तीस देशों ने साथ की बैठक



एजेंसी ▶▶ कीव

रूस-यूक्रेन के बीच सीमित युद्ध विराम को लेकर अमेरिका के अलावा अन्य देश भी तैयारी कर रहे हैं। ब्रिटेन में यूक्रेन की सुरक्षा को लेकर लगभग 30 देशों के सैन्य प्रमुखों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। यह बैठक लंदन के पास नॉर्थवुड सैन्य अड्डे पर हुई, जहां सैन्य प्रमुखों ने इस बात पर चर्चा की कि भविष्य में यूक्रेन की रक्षा के लिए किस तरह काम किया जाए।

ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने कहा कि यूक्रेन में शांति तभी टिकेगी, जब सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने जोर दिया कि किसी भी शांति समझौते की रक्षा के लिए प्रभावी सुरक्षा उपाय होने चाहिए। सभी ने यूक्रेन के लिए एक अंतरराष्ट्रीय शांति सेना की योजना को अंतिम रूप देने पर बात की। स्टार्मर ने कहा कि ब्रिटेन और फ्रांस के नेतृत्व में गठबंधन योजना आगे बढ़ रही है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कितने देश सेना भेजने के लिए तैयार हैं।

### युद्ध समर्थक समूह में बदल रहे: रूस

स्टार्मर ने कहा कि अमेरिका की भागीदारी इस सुरक्षा योजना के लिए आवश्यक होगी, ताकि रूस को यह स्पष्ट संदेश दिया जा सके कि किसी भी समझौते का उल्लंघन गंभीर परिणाम लाएगा। वहीं रूस ने इस बैठक पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने आरोप लगाया कि यूरोप तेजी से सैन्यीकरण की ओर बढ़ रहा है और युद्ध समर्थक समूह में बदल रहा है। पश्चिमी देशों पर यूक्रेन संकट को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। रूस ने कहा है कि वह यूक्रेनी धरती पर नाटो देशों के किसी भी सैनिक को स्वीकार नहीं करेगा।

### ट्रंप ने बनाई है सैद्धांतिक सहमति

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस और यूक्रेन के नेताओं से बात करने के बाद सीमित युद्ध विराम पर सैद्धांतिक सहमत बना ली है। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि यह कब प्रभावी हो सकता है और किस पर हमले प्रतिबंधित होंगे। युद्ध विराम वार्ता के बीच दोनों देशों ने रात भर एक-दूसरे पर सैकड़ों ड्रोन हमले किए गए। इसमें कई लोग घायल हुए और इमारतों को नुकसान पहुंचा।

रक्षा कर्मियों को बेहतर बनाने की दिशा में कदम

# जवानों व उनके परिवारों के मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करेगा निम्हांस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के रक्षा कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निम्हांस) सहयोग करेगा। सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (एएफएमएस) ने अनुसंधान और प्रशिक्षण के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता तीनों सेनाओं के जवानों, उनके परिवारों तथा आश्रितों की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने पर केंद्रित होगा। सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा की महानिदेशक सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन और निम्हांस की निदेशक डॉ. प्रतिमा मूर्ति ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।



### चिंता और अवसाद से मिलेगा छुटकारा

समझौता ज्ञापन के मुख्य उद्देश्यों में सहयोगात्मक अनुसंधान, संकाय आदान-प्रदान और शैक्षणिक गतिविधियां शामिल हैं। निम्हांस सैन्य कर्मियों को उन्नत मनोचिकित्सा देखभाल और सहायता पर अनुसंधान करने में सहायता प्रदान करेगा, जो पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर (पीटीएसडी), चिंता और अवसाद जैसी सामान्य समस्याओं से छुटकारा दिलाएगा। सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन ने एक बयान में कहा कि हमारे सैनिकों का मानसिक स्वास्थ्य उनके शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि निम्हांस के साथ यह साझेदारी सुनिश्चित करेगी कि हमारे कर्मियों को देश की सेवा करते समय आने वाली चुनौतियों से निपटने में सर्वोत्तम संभव सहायता मिले।

खालिस्तान के खिलाफ बोलना पड़ा भारी

# हिंदू सांसद चंद्र आर्य अब नहीं लड़ पाएंगे चुनाव, काटा टिकट

एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा का खालिस्तान प्रेम एक बार फिर सामने आया है। खालिस्तान की खुलकर आलोचना करना हिंदू सांसद चंद्र आर्य को भारी पड़ गया है। दरअसल, सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी ने उनके चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी है। खालिस्तान समर्थक कही जाने वाली ट्रूडो की पार्टी ने उनका टिकट ही काट दिया है। कनाडा के हिंदू सांसद चंद्र आर्य ने बताया कि लिबरल पार्टी ने नेपियन में फिर से चुनाव लड़ने के लिए उनके नामांकन को रद्द कर दिया है। कनाडा में खालिस्तानी गतिविधियों के मुखर आलोचक रहे



62 वर्षीय चंद्र आर्य तीन बार सांसद रह चुके हैं और 2015 से ओटावा की नेपियन सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। लिबरल पार्टी के राष्ट्रीय अभियान के सह-अध्यक्ष एंड्रयू बेवन के एक पत्र में इस निर्णय के बारे में सूचित किया गया था। आर्य को हटाने का निर्णय पार्टी द्वारा पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो की जगह नेतृत्व की दौड़ में चुनाव लड़ने से लगभग दो महीने पहले लिया गया था।

हिंदू विरोधी टिप्पणी के खिलाफ ढाका यूनिवर्सिटी में छात्रों का प्रदर्शन

# आरोपी को निलंबित करने के साथ कड़ी सजा की मांग की

एजेंसी ▶▶ ढाका

ढाका यूनिवर्सिटी के छात्रों के एक समूह ने 'हिन्दू स्टूडेंट्स ऑफ ढाका यूनिवर्सिटी' और 'बांग्लादेश यूनाइटेड सनातनी अवेकनिंग अलायंस' के बैनर तले शुक्रवार को प्रदर्शन किया। स्टूडेंट्स ने सोशल मीडिया पर एक साथी छात्र की ओर से हिंदू धर्म और एक देवता के बारे में की गई अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ विरोध किया। बताया जा रहा है कि आरोपी छात्र इस तरह की टिप्पणियां कई बार कर चुका है। छात्रों ने आरोपी को निलंबित करने और उसके लिए कड़ी सजा की मांग की।




### सरकार कार्रवाई नहीं कर रही

प्रदर्शनकारियों ने अपना गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि उनके धार्मिक मूल्यों का सम्मान नहीं किया जाता है। उन्होंने सवाल किया कि जब अल्पसंख्यक धर्मों का अपमान किया जाता है तो सरकार की ओर से कोई कदम क्यों नहीं उठाया जाता।

### अल्पसंख्यक समुदाय को नुकसान पहुंचाया

इसके अलावा, अल्पसंख्यक समुदाय के स्वामित्व वाले व्यापारिक प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की 113 घटनाएं, मंदिरों और अहमदिया संप्रदाय के मस्जिदों पर हमले की 32 घटनाएं और 92 मंदिरों में मूर्तियों को तोड़ने की 92 घटनाएं सामने आई हैं।

पीएम मोदी ने ऐतिहासिक उपलब्धि को देश के लिए बताया गौरव का क्षण

# एक साल में जमीन से निकाला 1 अरब टन के पार 'काला सोना'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देश की एक अरब टन कोयला उत्पादन की ऐतिहासिक उपलब्धि की सराहना की है। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी है। केंद्रीय कोयला मंत्री ने कहा कि देश ने एक बिलियन टन कोयला उत्पादन का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है। मंत्री की एक्स पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि भारत के लिए गर्व का क्षण! एक बिलियन टन कोयला उत्पादन को पार करना एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक विकास और आत्मनिर्भरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को उजागर करती है।



### भारत दुनिया में पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार वाला देश

### कोयला क्षेत्र से 4.78 लाख व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार



### भारत में कोयला क्षेत्र की अहम भूमिका

*आंकड़ों के अनुसार, भारत दुनिया में पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार रखने वाला देश है और दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। राष्ट्रीय ऊर्जा खपत में कोयले का योगदान 55% है, जिससे यह ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक अनिवार्य संसाधन बना हुआ है। भारत का कोयला उत्पादन वित्त वर्ष 2023-24 में 997.82 मिलियन टन के उच्च स्तर पर पहुंच गया है, जो वित्त वर्ष 2014-15 में 609.18 मिलियन टन से उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है, पिछले दशक में 5.64% की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर के साथ। अकेले वित्त वर्ष 2023-24 में, पिछले वर्ष की तुलना में उत्पादन में 11.71% की वृद्धि हुई है। करीब 4.78 लाख व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करता है।*

### बिजली की मांग पूरी हो सकेगी

*जी किशन रेड्डी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्नत तकनीकों और कुशल खनन प्रथाओं का लाभ उठाकर, भारत ने न केवल उत्पादन को बढ़ावा दिया है बल्कि टिकाऊ और जिम्मेदार खनन को भी प्राथमिकता दी है। यह उपलब्धि हमारी बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करेगी, आर्थिक विकास को गति देगी और हर भारतीय के लिए एक उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करेगी। दरअसल, कोयला मुख्य रूप से बिजली उत्पादन और उद्योगों में ईंधन के रूप में उपयोग होता है।*

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने दी जानकारी

# तस्करी कर बाहर भेजी गई 297 प्राचीन वस्तुओं को 2024 में अमेरिका से लाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब तक देश से तस्करी कर बाहर भेजी गई 588 भारतीय प्राचीन वस्तुएं अमेरिका से वापस लाई गई, इनमें से 297 को 2024 में वापस लाया गया। इसकी जानकारी केंद्र सरकार ने संसद को दी। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत प्राचीन वस्तुओं के अवैध व्यापार को रोकने के लिए अमेरिका-भारत सांस्कृतिक संपत्ति समझौते के तहत वापस लौटाए गई 'लूटे या चुराए गए कलाकृतियों' की संख्या से संबंधित एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे।

### इंटरपोल से मिला सहयोग

*केंद्रीय मंत्री से यह भी पूछा गया कि क्या सरकार चोरी हुई प्राचीन वस्तुओं को*



*वापस लाने के लिए अंतरराष्ट्रीय संगठनों या अन्य देशों के साथ सहयोग करने की योजना बना रही है। इस पर उन्होंने कहा कि भारत जरूरत पड़ने पर यूनेस्को और इंटरपोल सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ सहयोग करता है। भारत में प्राचीन परंपराओं का पुनरुत्थान, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर में बढ़ती रुचि और आधुनिक धार्मिक चुनौतियों के बीच गहरे अर्थ की तलाश जैसे कारणों से हो रहा है।*

# आईपीएल : नए नियम और नए कप्तान बदलेंगे मैचों का रुख, 7 टीमों में नए खिलाड़ी पर भरोसा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता


गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच शनिवार को यहां होने वाले मैच से इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सत्र का आगाज होगा जिसमें नए नियमों और नए कप्तानों पर सभी की निगाह रहेगी। नए नियमों में सबसे महत्वपूर्ण गेंद पर लार लगाने की अनुमति फिर से देना है। आईपीएल 2025 में कम से कम सात टीम नए कप्तान के साथ मैदान पर उतरेंगी। कोविड-19 महामारी के कारण गेंद पर लार लगाना प्रतिबंधित कर दिया गया था। अन्य नियमों में शाम को खेले जाने वाले मैचों में अगर अंपायरों को लगता है कि ओस खेल पर अपना प्रभाव डाल रही है तो वह दूसरी पारी के 11वें ओवर से नई गेंद का इस्तेमाल करने की अनुमति दे सकते हैं। शाम को होने वाले मैचों पर यह नियम लागू नहीं होगा। इसके अलावा टीम ऊंचाई और ऑफसाइड की वाइड के लिए भी निर्णय समीक्षा प्रणाली का उपयोग कर सकते हैं। इन सब के बीच इंपैक्ट प्लेयर का नियम पहले की तरह बरकरार रहेगा।



## रजत के नाम ने चौंकाया

आईपीएल 2025 में कम से कम सात टीम नए कप्तान के साथ मैदान पर उतरेंगी। इनमें से कुछ खिलाड़ी विभिन्न कारण से कुछ मैच में ही अपनी टीम की अगुवाई करेंगे। सबसे चौंकाने वाला फैसला आरसीबी ने रजत पाटीदार को कप्तान बनाकर किया। अक्षर पटेल दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे जबकि 2024 में केकेआर को चैंपियन बनाने वाले श्रेयस अय्यर इस बार पंजाब किंग्स की कमान संभालेंगे। कोलकाता की टीम की कप्तानी इस बार अजिंक्य रहाणे को सौंपी गई है। संजू सैमसन की उंगली की चोट के कारण रियान पराग राजस्थान रॉयल्स के शुरुआती मैचों में कप्तानी करेंगे।

## 43 वर्षीय धोनी की धमक 13 के वैभव में सूर्य सा ओज





पिछले कुछ वर्षों से महेंद्र सिंह धोनी की आईपीएल से संन्यास को लेकर चर्चा चलती रही है लेकिन यह 43 वर्षीय खिलाड़ी अब भी चेन्नई की टीम का अभिन्न अंग बना हुआ है। उन्होंने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था लेकिन उन्होंने आईपीएल में खेलना जारी रखा है। धोनी से ठीक 30 साल छोटे वैभव सूर्यवंशी भी इस बार आईपीएल का हिस्सा होंगे। राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें अपनी टीम से जोड़ा है और यह देखना दिलचस्प होगा कि उन्हें कितने मैच में खेलने का मौका मिलता है।


## टीमों ने बदले सहयोगी स्टाफ

आईपीएल में इस बार कुछ टीमों के सहयोगी स्टाफ में भी बदलाव किया गया है। रिकी पोंटिंग दिल्ली कैपिटल्स को छोड़कर पंजाब किंग्स में मुख्य कोच बन गए हैं। पोंटिंग की जगह हेमांग बदानी को दिल्ली कैपिटल्स का मुख्य कोच बनाया गया है। केविन पीटरसन दिल्ली कैपिटल्स में मेंटर के रूप में शामिल हो गए हैं, जबकि राहुल द्रविड़ मुख्य कोच के रूप में राजस्थान रॉयल्स में लौट आए हैं। लंबे समय तक चेन्नई की तरफ से खेलने वाले ड्वेन ब्रावो केकेआर के मेंटर होंगे।

## रोहित-कोहली पर नजर

रोहित शर्मा और विराट कोहली पर भी इस बार नजर रहेगी। पिछले साल भारत के टी20 विश्व कप में भारत के विजय अभियान का अंग रहे इन दोनों बल्लेबाजों ने इसके बाद सबसे छोटे प्रारूप के अंतरराष्ट्रीय स्तर से संन्यास ले लिया था। इसके बाद वह पहली बार टी20 क्रिकेट में खेलते हुए नजर आएंगे।





## वरुण के चक्र का विराट असर

अगर शनिवार को होने वाले मैच की बात करें तो कोलकाता और बेंगलुरु दोनों ही जीत के साथ शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। इस मैच में सभी की निगाह स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर टिकी रहेंगी जिसमें उनका सामना कोहली और फिल साल्ट जैसे धुरंधर बल्लेबाजों से होगा। चक्रवर्ती ने चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## आईपीएल से जुड़े आंकड़े



### सबसे ज्यादा रन

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली | बेंगलुरु | 8004 |
| शिखर धवन | 5 टीम | 6769 |
| रोहित शर्मा | मुंबई | 6628 |
| डेविड वार्नर | दिल्ली/हैदराबाद | 6565 |
| सुरेश रैना | चेन्नई/गुजरात | 5528 |

### व्यक्तिगत स्कोर

| खिलाड़ी | गेंद | रन |
|---|---|---|
| क्रिस गेल | 66 | 175 |
| बैंडन मैकुलम | 73 | 158* |
| क्विंटन डिकॉक | 70 | 140* |
| एबी डिविलियर्स | 59 | 133* |
| लोकेश राहुल | 69 | 132* |

### सबसे ज्यादा रन से जीत

| टीम | खिलाफ | जीत |
|---|---|---|
| मुंबई | दिल्ली | 146 |
| बेंगलुरु | गुजरात | 144 |
| कोलकाता | बेंगलुरु | 140 |
| बेंगलुरु | पंजाब | 138 |
| बेंगलुरु | पुणे | 130 |

### टीम का सर्वोच्च स्कोर

| टीम | खिलाफ | स्कोर |
|---|---|---|
| हैदराबाद | बेंगलुरु | 287/3 |
| हैदराबाद | मंबई | 277/3 |
| कोलकाता | दिल्ली | 272/7 |
| हैदराबाद | दिल्ली | 266/7 |
| बेंगलुरु | पुणे | 263/5 |

### टीम का सबसे छोटा स्कोर

| टीम | खिलाफ | रन |
|---|---|---|
| बेंगलुरु | कोलकाता | 49 |
| राजस्थान | बेंगलुरु | 58 |
| राजस्थान | बेंगलुरु | 59 |
| दिल्ली | मुंबई | 66 |
| दिल्ली | पंजाब | 67 |

### सबसे सफल टीम

मुंबई इंडियंस : 5 खिताब
2013, 2015, 2017, 2019, 2020

चेन्नई सुपर किंग्स : 5 खिताब
2010, 2011, 2018, 2021, 2023

कोलकाता नाइट राइडर्स : 3 खिताब
2012, 2014, 2024

### सबसे ज्यादा विकेट

| खिलाड़ी | विकेट |
|---|---|
| युजवेंद्र चहल | 205 |
| पीयूष चावला | 192 |
| ड्वेन ब्रावो | 183 |
| भुवनेश्वर कुमार | 181 |
| सुनील नारायण | 180 |

### सबसे ज्यादा मैच

| खिलाड़ी | मैच |
|---|---|
| महेंद्र सिंह धोनी | 264 |
| दिनेश कार्तिक | 257 |
| रोहित शर्मा | 257 |
| विराट कोहली | 252 |
| रविंद्र जडेजा | 240 |

### सबसे ज्यादा कैच

| खिलाड़ी | कैच |
|---|---|
| विराट कोहली | 114 |
| सुरेश रैना | 109 |
| कीरोन पोलार्ड | 103 |
| रविंद्र जडेजा | 103 |
| रोहित शर्मा | 101 |

## खबर संक्षेप



### आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगा हार्दिक

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के पूर्व कोच मार्क बाउचर का मानना है कि आईपीएल के पिछले सत्र में मुश्किल दौर से गुजरने के बाद हार्दिक पंड्या अधिक मजबूत खिलाड़ी बने हैं। इस टूर्नामेंट के शनिवार से शुरू होने वाले नए सत्र में वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहेंगे। हार्दिक को जब पिछले सत्र में मुंबई इंडियंस का कप्तान नियुक्त किया गया तब बाउचर उसके मुख्य कोच थे। बाउचर ने कहा, 'पिछला सत्र वास्तव में उसके लिए बेहद मुश्किल रहा। वह जब भी मैदान पर कदम रखता दर्शक उसकी हूटिंग करने लग जाते। उसके साथ ऐसा व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए था। वह 100 प्रतिशत सम्मान का हकदार था।'

### निरंतरता पर ध्यान, अन्य गेंदों पर भी कर रहे काम

**कोलकाता।** 'मिस्ट्री' स्पिनर वरुण चक्रवर्ती भारतीय टीम के साथ कोलकाता नाइट राइडर्स के प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं और उनका मानना है कि निरंतरता ही सफलता की कुंजी है और वह अपनी कला में नयी विविधता जोड़ने पर काम कर रहे हैं। फिटनेस चुनौतियों से जूझने से लेकर भारत की हालिया चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के सफर में अहम भूमिका निभाने तक 'आर्किटेक्ट से क्रिकेटर' बने इस खिलाड़ी का सफर शानदार रहा है। केकेआर में अब अजिंक्य रहाणे के रूप में नया कप्तान है और 'मेंटॉर' के तौर पर टी20 के महान क्रिकेटर ड्वेन ब्रावो हैं।

### विश्व कप टीम में जगह बना सकते हैं यशस्वी

**नई दिल्ली।** यशस्वी जायसवाल के बचपन के कोच ज्वाला सिंह का मानना है कि अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की टीम में फिर से जगह बनाने के लिए इंडियन प्रीमियर लीग का शनिवार से शुरू होने वाला सत्र इस सलामी बल्लेबाज के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा। यह 23 वर्षीय बल्लेबाज भारतीय टेस्ट टीम का अभिन्न अंग है लेकिन टी20 क्रिकेट में उन्हें संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा जैसे खिलाड़ियों से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।



## क्रोएशिया ने फ्रांस को 2-0 से हराया

**जाग्रेब।** क्रोएशिया ने किलियन एम्बाप्पे और ओस्मान डेम्बेले की आक्रामक जोड़ी पर अंकुश लगाकर नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में फ्रांस को 2-0 से हराया। एंटे बुदिमिर ने गुरुवार को खेले गए मैच में 26वें मिनट में इवान पेरीसिक के क्रॉस पर क्रोएशिया को बढ़त दिलाई। पेरिसिक ने पहले हाफ के स्टॉपेज समय में बढ़त को दोगुना कर एम्बाप्पे की अपनी राष्ट्रीय टीम में छह महीने के बाद वापसी को फीका कर दिया।


**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**
**कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02, डी-16**
**कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482002**
**Email : mpphcjabalpur2@gmail.com**

**निविदा प्रेस विज्ञप्ति**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.-02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 10/2024-25 कन्या शिक्षा परिसर मानपुर, जिला उमरिया में बाह्य विद्युतीकरण का कार्य। (ऑनलाइन निविदा क्र. 2025_MPPHC_410666_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 07.04.2025 तक खरीद कर सायं 5:00 बजे तक** सबमिट किये जा सकते हैं जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/119304/2025 **परियोजना यंत्री**

**SECTION - I "Notice Inviting E-Tender"**
**GOVERNMENT OF MADHYA PRDESH OFFICE OF UMARIA, M.P.**

**NIT. No. 655/e-tendering/2025-26** **Dated 19.03.2025**

1. The Divisional Forest Officer Umaria Division, invites the following e-tender under M.P. Store Purchase Rules and Services Procurement Rules, 2015 (As Amended -2022)

| Item Group No | Item Name | माप/आकार का विवरण | अनुमानित मात्रा | प्रदाय स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Battery 150 AH | प्रति नग | आवश्कतानुसार | समस्त परिक्षेत्र कार्य स्थल तक (FOR) अंतर्गत |
| | Battery 65 AH | प्रति नग | आवश्कतानुसार | |
| 02 | Wire- 1mm copper | प्रति र.मी. | आवश्कतानुसार | |
| | Wire- 1.5mm copper | प्रति र.मी. | आवश्कतानुसार | |
| | Wire- 2.5mm copper | प्रति र.मी. | आवश्कतानुसार | |
| | Wire- 4mm copper | प्रति र.मी. | आवश्कतानुसार | |
| | Wire- 4mm copper | प्रति र.मी. | आवश्कतानुसार | |
| | Cable 2.5 mm copper | प्रति र.मी. | आवश्कतानुसार | |
| | 1.5 mm Cable 3 Core copper | प्रति र.मी. | आवश्कतानुसार | |
| | 1.5 mm Cable 2 Core copper | प्रति र.मी. | आवश्कतानुसार | |
| | Armed Cable 10mm | प्रति र.मी. | आवश्कतानुसार | |
| | Cable 4 Square mm 3 Core copper | प्रति नग | आवश्कतानुसार | |
| 03 | Switch 16 AMP | प्रति नग | आवश्कतानुसार | |
| | Switch 12 AMP | प्रति नग | आवश्कतानुसार | |
| | Switch 6 AMP | प्रति नग | आवश्कतानुसार | |
| | 6AMP Modular Switch | प्रति नग | आवश्कतानुसार | |
| | 16AMP Modular Switch | प्रति नग | आवश्कतानुसार | |
| 04 | Socket - 6AMP | प्रति नग | आवश्कतानुसार | |
| | Socket - 16AMP | प्रति नग | आवश्कतानुसार | |
| | 16AMP Modular Soket | प्रति नग | आवश्कतानुसार | |
| | 6AMP Modular Soket | प्रति नग | आवश्कतानुसार | |
| 05 | Cut out 100AMP | प्रति नग | आवश्कतानुसार | |
| | Cut out 32AMP | प्रति नग | आवश्कतानुसार | |
| | Cut out 16AMP | प्रति नग | आवश्कतानुसार | |
| 06 | 16AMP Top Pin | प्रति नग | आवश्कतानुसार | |
| | 6AMP Top Pin | प्रति नग | आवश्कतानुसार | |
| 07 | Angle Holder | प्रति नग | आवश्कतानुसार | |
| | Straight Holder | प्रति नग | आवश्कतानुसार | |
| 08 | Exhaust Fan - 9inch | प्रति नग | आवश्कतानुसार | |
| | Exhaust Fan - 12inch | प्रति नग | आवश्कतानुसार | |
| | Ceiling Fan 1200mm | प्रति नग | आवश्कतानुसार | |
| | Wall Fan | प्रति नग | आवश्कतानुसार | |
| | Fan Regulator | प्रति नग | आवश्कतानुसार | |
| | Fan Condenser | प्रति नग | आवश्कतानुसार | |
| 09 | LED Bulb White-20wt | प्रति नग | आवश्कतानुसार | |
| | LED Bulb-9wt | प्रति नग | आवश्कतानुसार | |
| | LED Bulb-12wt | प्रति नग | आवश्कतानुसार | |
| | LED tubelight 12wt | प्रति नग | आवश्कतानुसार | |
| 10 | 3 Modular box | प्रति नग | आवश्कतानुसार | |
| | 4 Modular box | प्रति नग | आवश्कतानुसार | |
| | 6 Modular box | प्रति नग | आवश्कतानुसार | |
| | 12 Modular box | प्रति नग | आवश्कतानुसार | |

• All details related to the Bid Document(s) can be viewed and downloaded free of cost on the e-procurement portal. • Interested bidders can purchase the bid document only online on e-procurement portal from (23.03.2025 ) 10:30 AM Hrs to (12.04.2025 ) 04:00 PM Hrs, after marking online payment of portal fees through Credit/Debit/Cash card/Internet Banking. • Bidding process dates mentioned as critical dates on e-procurement portal will be applicable. • Corrigendum / Addendum in NIT, if any, would be published on portal only and not in newspapers. • e-procurement portal: https://www.mptenders.gov.in

sd/-
Divisional Forest Officer
Umaria Division.
G-24612/24

वित्त मंत्रालय
MINISTRY OF FINANCE

**जीएसटी करदाता ध्यान दें!**

जिन करदाताओं का सकल वार्षिक टर्नओवर# एक विनिर्दिष्ट सीमा* तक है वे वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जीएसटी कंपोजिशन योजना का विकल्प 31 मार्च, 2025 तक चुन सकते हैं।

पात्र करदाता, जो कंपोजिशन योजना का लाभ उठाने के इच्छुक हैं, वे जीएसटी पोर्टल (www.gst.gov.in) पर निम्न प्रक्रिया द्वारा कंपोजिशन योजना का विकल्प चुन सकते हैं:

करदाता इंटरफेस पर लॉगिन करें
'Services > Registration > Application to Opt for Composition Levy' पर जाएं
फॉर्म GST CMP-02 भर कर जमा करें

पहले से कंपोजिशन योजना का लाभ उठा रहे पात्र करदाताओं को फॉर्म GST CMP-02 दाखिल करना आवश्यक नहीं है

आसान और सुविधाजनक अनुपालन
आकर्षक कर दरें
न्यूनतम अनुपालन आवश्यकताएं
स्वतः नवीकरण और योजना को छोड़ना भी सरल
माल एवं सेवाओं की आपूर्तिकर्ताओं के लिए उपलब्ध
कम बही खातों की आवश्यकता

| * आपूर्तिकर्ताओं के प्रकार | | # वित्त वर्ष 2024-25 में सकल वार्षिक टर्नओवर |
|---|---|---|
| माल के आपूर्तिकर्ता | 08 विनिर्दिष्ट राज्यों में पंजीकृत करदाता | रु. 75 लाख तक |
| | अन्य राज्यों में पंजीकृत करदाता | रु. 150 लाख तक |
| सेवाओं के आपूर्तिकर्ता | | रु. 50 लाख तक |

अधिक जानकारी के लिए कृपया जीएसटी अधिनियम की धारा 10, सीजीएसटी नियम 3 से 7 और अधिसूचना सं. 14/2019-केन्द्रीय कर दिनांक 07.03.2019, को देखें।

जीएसटी कंपोजिशन योजना: छोटे करदाताओं के लिए बड़े लाभ

अधिक जानकारी के लिए कृपया स्कैन करें

CBC 15502/13/0009/2425

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड
@cbicindia @cbic_india @cbicindia @cbicindia @CBIC india

▸ हाई कोर्ट ने जबलपुर कलेक्टर को दिए निर्देश

▸ बहुचर्चित मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण फर्जीवाड़ा

# मां फार्मेसी ने जीएसटी शामिल किए बिना कैसे जारी कर दिए बिल, जांच करो

मप्र हाईकोर्ट ने जीएसटी शामिल किए बिना बिल जारी किए जाने के रवैये पर गम्भीरता दर्शाई। जस्टिस विवेक अग्रवाल की सिंगल बेंच ने मां फार्मेसी, जबलपुर के विरुद्ध कलेक्टर जबलपुर को जांच के निर्देश दे दिए। मामला बहुचर्चित मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण फर्जीवाड़ा से संबंधित है। जिसे लेकर डीजीपी को एसआइटी गठित करने के निर्देश दिए गए हैं।



हरिभूमि जबलपुर।

विक्टोरिया के डाक्टर शरद द्विवेदी व सुविधा अस्पताल के डा. बालकृष्ण डांग पर फर्जी दस्तावेज बनाने के आरोप लगे हैं। कोर्ट ने मामले में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के प्रमुख सचिव और एमसीआई को जांच और कार्रवाई करने के निर्देश दे दिए हैं। वहीं पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता मनोज शिवहरे पर फर्जी दस्तावेज तैयार करवाने के आरोपित लगा है, जिसके विरुद्ध एमपी स्टेट बार काउंसिल को अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### ड्रग इंस्पेक्टर को निर्देश जारी करें

हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि मां फार्मेसी द्वारा जारी अनुचित चिकित्सा बिलों के कारण बिना किसी जीएसटी के भुगतान किए गए 99 हजार 53 रुपये की कटौती की जाएगी। दरअसल, नंबर-बिक्री कर नंबर और फार्मेसी की मुहर के बिना, डा. बालकृष्ण डांग के प्रिस्क्रिप्शन पर दवा के बिल जारी करने की अनियमितता की गई है। इसलिए, जब उन बिलों में कटौती की जाती है, तो अंतर राशि 52 हजार 53 रुपये मात्र आती है, जिसे दावा न्यायाधिकरण द्वारा पारित मुआवजा राशि से काटा जाना आवश्यक है। इस स्तर पर, कलेक्टर, जबलपुर को निर्देश देना भी आवश्यक है, ड्रग इंस्पेक्टर को मां फार्मेसी का निरीक्षण करने का निर्देश देंगे और पता लगाएंगे कि मां फार्मेसी जीएसटी-बिक्री कर नंबर के बिना बिल जारी करने का हकदार कैसे है।

### दावा न्यायाधिकरण का रिकार्ड वापस भेजा जाए

हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि डा. बालकृष्ण डांग द्वारा इलाज से संबंधित बिल के अनुसार कुल 7,446 रुपये भी स्वीकार्य नहीं हैं। इस प्रकार मुआवजे की कुल राशि 2,74,096 रुपये में से 52,053 रुपये की कटौती की जानी आवश्यक है। इस प्रकार, दावेदार के पक्ष में महज 2,22,043 रुपये की राशि देय होगी। उपर्युक्त शर्तों के अनुसार, बीमा कंपनी द्वारा दायर अपील और दावेदार द्वारा प्रस्तुत प्रति-आपत्ति का निपटारा किया जाता है। दावा न्यायाधिकरण का रिकार्ड वापस भेजा जाए।

### हाई कोर्ट ने की है न्यायिक प्रणाली की विश्वसनीयता को क्षति की टिप्पणी

उल्लेखनीय है कि हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने इस मामले में अपनी तल्ख टिप्पणी में कहा है कि मोटर दुर्घटना दावा के प्रकरणों में फर्जीवाड़ा न्यायिक प्रणाली की विश्वसनीयता को अपूर्णीय क्षति पहुंचा रहा है। ऐसे धोखाधड़ी के मामले दिन-प्रतिदिन जारी हैं, जो अत्यंत चिंता का विषय हैं। मामला श्रीराम जनरल इंश्योरेंस कंपनी, जबलपुर की ओर से मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के उस आदेश के विरुद्ध हाई कोर्ट में अपील दायर की गई थी, जिसमें दुर्घटना पीड़ित छिंदवाड़ा निवासी राकेश वल्तिया के मुआवजा में बढ़ोत्तरी की गई थी।

एससीएसटी एक्ट की विशेष अदालत ने अर्जी की निरस्त

## फर्जीवाड़े से आदिवासियों की जमीन हड़पने का आरोपी गंगा व ममता पाठक को अग्रिम जमानत नहीं

**जबलपुर।** अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम (एससीएसटी एक्ट) की विशेष अदालत ने फर्जीवाड़े से आदिवासियों की भूमि हड़पने के आरोपित जबलपुर निवासी पत्रकार गंगा पाठक व पत्नी ममता पाठक को अग्रिम जमानत नही दी। विशेष न्यायाधीश गिरीश दीक्षित की अदालत ने आरोपियों की अर्जी निरस्त कर दी।



अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक कृष्णा प्रजापति ने अग्रिम जमानत अर्जी का विरोध किया। उन्होंने तर्क दिया कि मामला बेहद गंभीर प्रकृति का है। आदिवासियों की भूमि कूटरचित तरीके से रजिस्ट्री कराए जाने का फर्जीवाड़ा किया गया है। इस तरह के प्रकरण में आरोपितों को फरारी की स्थिति में अग्रिम जमानत का लाभ दिए जाने से समाज में गलत संदेश जाएगा। इसके अलावा एससी-एसटी एक्ट के विहित प्रविधान के अंतर्गत भी इस तरह के गंभीर प्रकृति के प्रकरणों में अग्रिम जमानत नहीं दी जानी चाहिए। आरोपितों के विरुद्ध तिलवारा व बरगी थाने में अपराध पंजीबद्ध हुआ है। गिरफ्तारी की आशंका के मद्देनजर पति-पत्नी अग्रिम जमानत चाहते हैं। नियमानुसार इस तरह के प्रकरण में सरेंडर किए बिना अग्रिम जमानत के आवेदन पर विचार का प्रश्न नहीं उठता। अदालत ने सभी तर्क सुनने के बाद अग्रिम जमानत से इनकार करते हुए अर्जी निरस्त कर दी।

ओआईसी को हाजिर होकर स्पष्टीकरण देने के निर्देश

# हाईकोर्ट के आदेश पर भी क्यों नहीं दी अनुकंपा नियुक्ति

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाई कोर्ट ने पूर्व आदेश के बावजूद याचिकाकर्ता को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान न किए जाने के रवैये को आड़े हाथों लिया। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने प्रकरण के आफिसर-इन-चार्ज, ओआईसी जिला शिक्षा अधिकारी, नर्मदापुरम को 24 मार्च को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होकर स्पष्टीकरण पेश करने के निर्देश दिए।

नर्मदापुरम निवासी ओमप्रकाश साहू की ओर से याचिका पेश कर अधिवक्ता सुशील कुमार मिश्रा ने पक्ष रखा। उन्होंने तर्क दिए कि याचिकाकर्ता के पिता आकस्मिक निधि कार्यभारित कर्मी बतौर पदस्थ थे। उनके निधन के बाद याचिकाकर्ता पुत्र पर परिवार के भरण-पोषण की जिम्मेदारी आ गई, अतः अनुकंपा नियुक्ति का आवेदन दिया गया। विभाग ने उसका आवेदन इस तर्क के साथ निरस्त कर दिया कि कार्यभारित कर्मी के उत्तराधिकारी को अनुकंपा नियुक्ति देने का प्रविधान नहीं है। इसी रवैये के विरुद्ध याचिका दायर की गई। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट को अवगत कराया गया कि याचिकाकर्ता के पिता आकस्मिक निधि कार्यभारित कर्मी थे, जो बाद में नियमित स्थापना अंतर्गत कार्य करने लगे। इस बिंदु के आधार पर अनुकंपा नियुक्ति का आवेदन निरस्त नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट ने तर्क से सहमत होकर पूर्व में अनुकंपा नियुक्ति के आवेदन पर पुनर्विचार का आदेश पारित किया था। हाई कोर्ट के आदेश की प्रति के साथ दोबारा अनुकंपा नियुक्ति का आवेदन किए जाने पर विभाग ने उसी तर्क के आधार पर निरस्त कर दिया कि कार्यभारित कर्मी के उत्तराधिकारी को अनुकंपा नियुक्ति देने का प्रविधान नहीं है। हाईकोर्ट में दोबारा याचिका दायर होने पर यह जानकारी प्रकाश में लाए जाने के साथ ही हाई कोर्ट ने सख्ती बरते हुए आफिसर-इन-चार्ज, ओआईसी जिला शिक्षा अधिकारी, नर्मदापुरम को तलब कर लिया।

### *रंगदारी नहीं देने पर युवक ने किया चाकू से हमला*

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत हाउसिंग बोर्ड कालोनी सुभाष नगर शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर दो बदमाश ने एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। युवक के दोस्त ने बीच बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कालोनी अधारताल निवासी 43 वर्षीय प्रकाश टेकाम गत रात लगभग 10.30 बजे संतराम परस्ते तथा मोनू मार्को के साथ अपनी बाईक से घर जा रहे थे, जैसे ही हाउसिंग बोर्ड कालोनी सुभाष नगर पहुंचे तभी गुल्लू और शिवेन्द्र ने उनका रास्ता रोका और उससे शराब पीने के लिए एक हजार रूपये की मांग करते हुए गालियां देने लगा, गालियां देने से मना करने पर गुल्लू ने चाकू से उसकी कमर पर हमला कर दिया। उसका दोस्त मोनू मार्को बीच बचाव करने लगा तो शिवेन्द्र ने झूमाझपटी व मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 118(1), 119(1), 351(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

बकाया बिजली बिल वसूलने गई टीम से मारपीट

# सहायक अभियंता को बंधक बनाने की कोशिश

हरिभूमि जबलपुर।

ग्राम औरिया माढ़ोताल में बिजली विभाग की टीम पर एक ह00मले का वीडिया वायरल हो रहा है. जिसमें सहायक अभियंता को शासकीय कार्य के दौरान गाली-गलौच की गई और उन्हें भवन के कमरे में बंद कर कैद कर लिया गया। यह घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है और अब पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है।



पुलिस के मुताबिक, बाजनामठ तिलवारा निवासी 39 वर्षीय अभिषेक चौकसे ने एक लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने बताया कि वे विद्युत विभाग के विजय नगर जोन के सहायक अभियंता हैं। गुरुवार की शाम लगभग 4 बजे उनकी टीम बकाया बिजली बिल वसूलने के लिए ग्राम औरिया में दिलीप रजक के घर पहुंची थी। यहां पर दिलीप रजक के 8143 रुपये का बकाया बिल था, जिसे वसूलने के लिए टीम ने उनसे बातचीत की।

इस दौरान, वहां मौजूद अन्य लोग मुन्ना रजक, कालू रजक, बंटी और दिलीप रजक ने शारीरिक झूमा-झपटी शुरू कर दी और अभियंता के कॉलर को पकड़कर उन्हें शासकीय कार्य करने से रोक दिया। इसके बाद, उन लोगों ने सहायक अभियंता और उनके साथियों को कमरे में बंद कर ताला लगाने की भी कोशिश की। किसी तरह से विद्युत विभाग की टीम ने अपनी जान बचाई और पुलिस थाने पहुंची, जहां उन्होंने मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है और आरोपियों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

### *विभाग में आक्रोश*

इस घटना को लेकर विद्युत विभाग के अधिकारियों में भी गहरी नाराजगी देखी जा रही है। अधीक्षण यंत्री संजय अरोड़ा, कार्यपालन यंत्री शरद विश्वकर्मा और यूनाइटेड फोरम के कंपनी संयोजक एसके पचौरी ने इस हमले की कड़ी निंदा की और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। विद्युत विभाग ने इस घटना के बाद अपने कर्मचारियों को सुरक्षा उपायों की प्राथमिकता देने की बात कही है ताकि भविष्य में ऐसे किसी भी हमले से बचा जा सके। वहीं, पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## बाईक आपस में टकराई, 2 घायल

**जबलपुर।** बरेला थाना अतंर्गत ग्राम पड़वार तालाब के पास दो बाईको की आपस में भिडंत हो गई। टक्कर लगने से बाईक सवार दो युवक घायल हो गए। बरेला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पड़वार निवासी विनय तिवारी अपने दोस्त शुभम उसरेठे के साथ अपने भतीजे आयुष तिवारी के घर पूजा के कार्यक्रम में आया था। पूजा में शामिल होने के बाद अपनी बाईक से घर जाने के लिए निकले, जिनके पीछे उसका भतीजा आयुष तिवारी अपने दोस्त विवेक द्विवेदी के साथ दूसरी बाईक से चल रहा था। जैसे ही तलाब के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन एच 3359 के चालक ने विनय तिवारी की बाईक में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे विनय और शुभम दोनों बाईक सहित नीचे गिर गए और दोनों के हाथ एवं शरीर में चोटें आ गईं। भतीजा आयुष और उसके दोस्त विवेक ने दोनों को उपचार के लिए प्राइवेट वाहन से अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपी बाईक चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।



## सट्टा लिखते रंगे हाथों पकड़ाया सटोरिया

**जबलपुर।** गौरीघाट पुलिस ने गत रात सब्जी मंडी के पीछे सट्टा पट्टी लिख रहे एक सटोरिए को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 हजार 900 रुपए और 5 सट्टा पट्टी जब्त की है। गौरीघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार साकेत धाम गौरीघाट निवासी 39 वर्षीय माते झारिया गत रात सब्जी मंडी के पीछे सट्टा पट्टी लिख रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी माते झारिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5 सट्टा पट्टी एवं 2 हजार 900 रूपये जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 4(ए) सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

अनुबंध कर किया धोखा, 2 भाईयों पर मामला दर्ज

# कार बेचने का सौदा कर 2 लाख रूपये हड़पे

हरिभूमि जबलपुर।

विजयनगर थानाक्षेत्र में दो भाईयों ने कार को बेचने का सौदा कर 2 लाख रुपए हड़प लिए। दो साल से कार खरीदने का अनुबंध करने के बाद कार और कागजात आरटीओ में नाम ट्रांसफर कराने के नाम ले गए और फिर यहां से फरार हो गए, और अब फोन उठाना भी बंद कर दिए। बाद में पता चला कि उक्त वाहन भोपाल में ओला कंपनी में बेचकर चलाया जा रहा है। पुलिस ने लिखित शिकायत के बाद आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।



विजयनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार जैन मंदिर रोड घडी चौक निवासी अश्विनी विश्वकर्मा से आकाश विहार लमती निवासी चंद्रशेखरसेन ने 17 अगस्त 2023 को अल्टो कार नंबर एमपी 20 जेड ई 3624 दो लाख रुपए में बेचने का अनुबंध किया था। और 1 लाख 90 हजार रुपए नगद लिए। 10 हजार नाम ट्रांसफर कराने के नाम देने की बात तय हुई। अनुबंध के बाद चन्द्रशेखर सेन द्वारा उसे वाहन एवं वाहन के समस्त दस्तावेज भी सौप दिये गए थे। गाडी की एनओसी विक्रेता चन्द्रशेखर ने 4 महीने पश्चात देने की बात कही एवं एनओसी देने के बाद शेष 10 हजार रूपये की राशि चन्द्रशेखर को देना तथा दिनांक 17 अगस्त 2023 से वाहन की समस्त जिम्मेदारी उसकी होना तय किया गया। विक्रय पत्र हम दोनो पक्षो के व्दारा स्वेच्छा से लेख किया गया था जिसमे गवाह के समक्ष हस्ताक्षर दोनो पक्षो के व्दारा किया गया। दिनांक 17 अगस्त 2023 को चन्द्रशेखर सेन ने उसे वाहन दे दिया किन्तु अगले दिन 18 अगस्त 2023 को चन्द्रशेखर एवं उसका भाई गिरीश सेन ने उसके घर आकर गाडी एवं गाडी के दस्तावेज ये बोलकर ले गये कि गाडी को आप के नाम पर कराने के लिये गाडी को आरटीओ को दिखाना आवश्यक है ऐसा कहते हुये गाडी को लेकर चले गये एवं कुछ दिन बाद उसके द्वारा उनसे गाडी के संबंध में पूछने पर गिरीश सेन ने बताया कि उक्त वाहन एमपी 04 जेड ई 3624 को बैंक में चन्द्रशेखर सेन के नाम से बैक मे गिरवी रखी हुई है। पैसे वापस मांगने दोनो भाई के व्दारा गोल मोल जवाब दिया जाता है। और अब तो फोन को उठाना भी बंद कर दिया है। पता करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त वाहन गिरीश सेन भोपाल में निवासरत रह कर ओला कंपनी में संचालित कर रहा है। उसे विगत कई वर्षो से दोनो भाईयो के व्दारा भ्रमित किया जा रहा है। दोनो की नीयत शुरू से ही को देने की नही थी एवं दोनों भाईयो के व्दारा उक्त वाहन अनुबंध पत्र के माध्यम से उससे रूपये लेने की थी अब उनके व्दारा वाहन एवं पैसे दोनों देने की नियत नहीं है। शिकायत पर धारा 316(2), 3 (5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

## महिला के पेनकार्ड का फर्जी उपयोग कर निकाला लोन

**जबलपुर।** मढ़ाताल थानान्तर्गत एक जालसाज ने एक महिला के पेनकार्ड का फर्जी तरीके से इस्तेमाल कर दो निजी बैंकों से 22 लाख रूपए लोन निकाल लिया। महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 468, 469, 401 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। माढ़ोताल पुलिस ने बताया कि शिवाजी नगर माढ़ोताल निवासी सविता पटेल ने गत वर्ष 7 मार्च को स्टेट बैंक की करमेता शाखा में होम लोन निकालने के लिए सिविल चैक करने आवेदन दिया था सिविल में दो लोन फर्जी दिख रहे थे। पहला लोन विजय पटेल ने एयू बैंक महानद्दा मदन महल शाखा से 3 लाख रूपए ट्रेक्टर खरीदने निकाला था जिसमें लोन हेतु लगाये गये दस्तावेजों में पेनकार्ड नंबर सविता पटेल का है वहीं उसमें फोटो किसी अन्य महिला की लगी है। हस्ताक्षर में अंग्रेजी की जगह हिन्दी में सविता लिखा है। आरोपी ने जन्म तिथि में भी हेरफेर करदिया है। यह लोन सिविल में दिखने से सविता पटेल की सिविल खराब हो गई है। विजय पटेल ने दूसरा होम लोन जेएफएस पी एल बैंक से 19 लाख रूपए निकाला है। यह लोन भी सविता के सिविल में दिख रहाहै। सविता पटेल की शिकायत पर उसके पेनकार्ड के दुरूपयोग कर लोन निकालने वाले विजय पटेल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।



पशिचीम विक्षोभ से छाए रहे बादल

# तेज अंधड़ के साथ वर्षा की चेतावनी

हरिभूमि जबलपुर।

चैत्र के महीने में मौसम पश्चिमी विक्षोप से करवट ले रहा है। शुक्रवार को दिन भर बादलों की आवाजाही बनी रही। राजस्थान से आये बादलों ने मध्यप्रदेश के ऊपर हवा के कम दबाव वाला क्षेत्र बना दिया है। जिससे अगले 24 घंटों के दौरान गरज चमक के साथ बारिश की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के मुताबिक अभी 48 घंटों तक मौसम के मिजाज ऐसे ही रहेंगे। मौसम के रूख ने किसानों को चिंतित कर दिया है। अब दलहनी फसलों को नुकसान का खतरा बढ़ गया है, वहीं मानव स्वास्थ्य के लिये भी मौसम का प्रभाव प्रतिकूल माना जा रहा है।



पल में ठण्डी, पल में गर्मी और पल में बारिश का मिश्रित वातावरण संक्रामक रोगों को जन्म देने के लिये अनुकूल बन रहा है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले 24 घंटों के दौरान तूफानी हवाओं के साथ बारिश भी हो सकती है।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्थान से आये बादलों और उत्तर प्रदेश से तमिलनाडू के बीच बनी द्रोणिका के कारण मध्यप्रदेश का मौसम गड़बड़ा गया है। खासकर पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर हवा के कम दबाव वाला क्षेत्र बन गया है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 33.08 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया, न्यूनतम तापमान 18.08 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 77 प्रतिशत और सायंकाल 51 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 06.11 बजे और सूर्यास्त शाम 06.22 बजे हुआ। प्रदेश में सबसे अधिक 38.1 डिग्री तापमान खंडवा और सबसे कम 14.3 शाजापुर में दर्ज किया गया। जिले में शाम को उत्तरी पूर्वी हवायें 4 से 5 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। जबकि हवाओं की औसत रफ्तार 8 किमी प्रतिघंटे रही। अगले 24 घंटों के दौरान जबलपुर सहित संभाग के अनेक स्थानों पर तेज हवाओं के साथ गरज चमक के बीच बारिश की संभावना है।

मूल्यांकन की गति धीमी, कई शिक्षकों की मूल्यांकन में रुचि नहीं

# अप्रैल के पहले सप्ताह तक जारी हो सकेंगे 5वीं व 8वीं के परिणाम

हरिभूमि, जबलपुर

प्रदेश में राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा बोर्ड पैटर्न पर आयोजित कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षाएं समाप्त हो चुकी हैं। इसके साथ ही इन परीक्षाओं का मूल्यांकन भी शुरू हो गया है। हालांकि मूल्यांकन की गति धीमी है। ऐसे में इस बार 25 मार्च तक परीक्षा परिणाम जारी होने की उम्मीद नजर नहीं आ रही है।



जानकारों की मानें तो अप्रैल के पहले सप्ताह तक परिणाम जारी किए जा सकते हैं। विभागीय जानकारों के अनुसार, मूल्यांकन कार्य में सरकारी के साथ ही निजी स्कूलों के शिक्षकों को भी लगाया गया है, लेकिन कई शिक्षण मूल्यांकन कार्य में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। इसका मुख्य कारण मूल्यांकन के लिए मिलने वाली मानदेय है, जिसके भुगतान में हर बार देरी होती है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश की समस्त शासकीय, मान्यता प्राप्त अशासकीय और अनुदान प्राप्त शालाओं के साथ डाईस कोड प्राप्त मदरसों में वार्षिक परीक्षा 24 फरवरी से शुरू हुई थी। यह परीक्षाएं 5 मार्च को समाप्त हुई। प्रदेशभर में करीब 25 लाख विद्यार्थी दोनों कक्षाओं की परीक्षा में शामिल हुए हैं।

### इधर, प्रवेशोत्सव की तैयारियां अटकी

स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों में प्रवेशोत्सव के साथ एक अप्रैल से नए सत्र की शुरुआत को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। हालांकि अधिकतर स्कूलों में इसको लेकर तैयारियां पूरी नहीं हो सकी हैं। फिलहाल 25 मार्च तक मूल्यांकन पूरा किया जाना है, ऐसे में अधिकतर शिक्षकों को इस कार्य में लगाया गया है। इसके अलावा शाला प्रबंधन समिति और अभिभावकों की बैठकों का दौर भी जारी है। ऐसे में स्कूलों में प्रवेशोत्सव को लेकर तैयारियां पूरी नहीं हो सकी हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240